# राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

- 04 जून को प्रातः 08 बजे से प्रारम्भ होगी मतगणना
- परिणाम को नोट करने के लिए कागज़ व कलम लेकर मतगणना हाल में जाने की होगी अनुमति



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों एवं प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना कार्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति राजापुर में 04 जून को प्रातः 08 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतगणना प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ गल्ला मण्डी के चप्पे-चप्पे की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जा रहे हैं। प्रत्याशियों से यह भी अपेक्षा की कि अपने-अपने मतगणना अभिकर्ताओं को समय से गल्ला मण्डी परिसर में उपस्थित होने के लिए कहें ताकि मतगणना कार्य की प्रक्रिया समय से प्रारम्भ की जा सके।

बैठक के दौरान जानकारी दी गयी कि गणना अभिकर्ता अपनी विधान सभा क्षेत्र में निर्धारित टेबिल पर ही रह सकेंगे।

उन्हें दूसरी टेबिल या अन्य स्थान पर इधर-उधर जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई मतगणना अभिकर्ता/ निर्वाचन अभिकर्ता/ प्रत्याशी मतगणना केन्द्र पर मोबाइल, स्पाई पेन, कैमरा या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस अथवा ज्वलनशील पदार्थ/वस्तु, लाईटर, बीड़ी-सिगरेट, गुटका, पान मसाला, पान, पानी की बोतल आदि लेकर नहीं जायेंगे। मतगणना एजेन्ट को जो बैज/प्रवेश पास दिया जायेगा उसे वह अपने वस्त्र पर सम्मुख इस प्रकार लगायेंगे कि वह दूर से ही प्रदर्शित होता रहे। डीएम ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 128 में दिये गये उपबन्धों का पालन करना होगा तथा मतगणना हाल में शिष्ट आचरण करते हुए गणना कार्मिकों के साथ अपेक्षित सहयोग करना होगा तथा मतगणना की गोपनीयता भी बनाये रखनी होगी। परिणाम को नोट करने के लिए कागज़ व कलम लेकर मतगणना हाल में जाने की अनुमति होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के ए.आर.ओ. श्रद्धा सिंह सहित अन्य अधिकारी, प्रत्याशी, प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ता व राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# गौवंश आश्रय स्थलों पर वाटर कूलर लगाने के निर्देश




**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

साफ सुथरी व्यवस्था के वजह से जाने जानी वाली गौशाला रकेहटी में इस भीषण गर्मी से निराश्रित गौवंशीय पशुओं को गर्मी एवं लू से बचाव के लिए बड़े-बड़े 4 वाटर कूलर लगाए गए जिससे भरी दोपहरी व धूप में पशु टीन शेड में बैठ सकें। इसके बाद विकासखंड निघासन की अन्य सभी ग्राम पंचायतो की गौशालाओ में वाटर कूलर रखे जाने के सख्त निर्देश दिए गए। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने ब्लॉक की अन्य गौवंश आश्रय स्थलों पर वाटर कूलर स्थापित करने के लिए निर्देश किया है। इस व्यवस्था से गौवंशीय पशुओ को भीषण गर्मी, लू से राहत मिलेगी। बता दे खण्ड विकास अधिकारी निघासन जयेश कुमार सिंह ने विकासखण्ड निघासन परिक्षेत्र को छुट्टा गौवंशीय पशुओं से छुटकारा दिलाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध दिखे है।

> जयेश कुमार सिंह ने बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुये समस्त गौशालो में सेड के हिसाब से वाटर कूलर की व्यवस्था की गई हैं। गौवंश पशुओं को जब भी पानी पिलाया जाए नमक के साथ पिलाया जाये , दिन में एक बार पानी मे गुड़ मिलाकर दिया जाए, हरा चारा पूरे गौशाला परिसर में पानी का छिड़काव किया जाये, गौवंश पशुओं को पीने के लिए ताज़ा पानी अगर कही भी गौशाला में ये व्यवस्था नहीं पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> खण्ड विकास अधिकारी

## यात्री प्रतीक्षालय में बैठी महिला की अचानक हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित विद्युत उप केंद्र के निकट यात्री प्रतीक्षालय में बैठी एक महिला अचानक बेहोश हो गई । शनिवार दोपहर बाद घटित घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया जहां पर महिला को मृत घोषित कर दिया गया। हीट वेव के चलते लू लगने से महिला की मौत की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर बाद लगभग साढ़े 3 बजे 55 वर्षीय महिला विद्युत उपकेंद्र के निकट नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा बनवाए गए यात्री प्रतीक्षालय में बैठी हुई थीं। अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने 108 एंबुलेंस के सहारे महिला को सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया जहां पर डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

## हाइवे पर मिला युवक का शव शराब का आदी बताया जा रहा

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम भट्टपुरवा निवासी एक 40 वर्षीय युवक का शव लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रसौली गांव के निकट पड़ा मिला मृतक शराब का आदी बताया जा रहा है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । शुक्रवार की देर रात्रि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली के निकट एक 40 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करायी मृतक थाना मसौली अन्तर्गत भट्टपुरवा विनोद कुमार पुत्र रामेश्वर जो राजमिस्त्री का कार्य करता है जिसके दो पुत्री व एक पुत्र भी है। मौके पर पहुंचे हल्का प्रभारी ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़ा स्थित बाग में थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम बहादुरा पुर निवासी पचपन वर्षीय व्यक्ति नत्थू सिंह ने अपने गले में फांसी का फंदा लगाकर आम के पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि एक दिन पूर्व नीमगांव पुलिस द्वारा नत्थू सिंह जो की गांव की ही नाबालिक लड़की के अपहरण में नामजद था। नीमगांव पुलिस द्वारा किशोरी की बरामदगी के लिए मृतक पर मानसिक दबाव देकर सहयोग करने का दबाव डाला गया था। जिसको लेकर नत्थू सिंह ने ग्राम पहाड़ा में स्थित पारिवारिक बाग के एक पेड़ से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जाता है की गांव की ही नाबालिक लड़की से नत्थू सिंह अपने नाती के साथ विवाह करना चाहता था किंतु उक्त नाबालिक विवाह से पहले ही कही लापता होगई। अपहृत किशोरी के परिजनो द्वारा नत्थू सिंह व पत्नी सहित नाती के विरुद्ध अपहरण का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

घटना की सूचना पाकर मितौली थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने मौके पर जाकर शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय शव विच्छेदन गृह भेज दिया।

## पुलिस ने वांछित को उसके गांव से पकड़ा

**जालौन (उरई)।** विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय से वांछित व्यक्ति को छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी ने उसके गांव से पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी मोहम्मद इलयास विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय से वांछित चल रहा था। शनिवार की सुबह छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली कि वांछित अपने गांव में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वांछित को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

# थाने में तहरीर देने के बावजूद नहीं लिखी गई एफआईआर

- शादी का झांसा देकर युवती से बनाए संबंध
- पीड़िता ने एसपी खीरी से लगाई न्याय की गुहार

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना भीरा क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दो साल तक बनाए संबंध। बाद में शादी कराने से युवक के परिजनों ने इन्कार कर दिया।

युवती ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। कई दिन बीत जाने के बावजूद भीरा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को युवती ने पुलिस अधीक्षक खीरी को लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक खीरी को दी गई तहरीर में बताया है कि उसी गांव का निवासी युवक अवधेश कुमार पुत्र राममूर्ति जो उसी की जाति का है और कुछ ही दूरी पर उसका घर है। युवक का उसके घर आना-जाना था। युवक शादी का झांसा देकर दो वर्षो से शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा युवती जब शादी के लिए कहती तो आज कल कहकर टाल मटोल करता रहा। बीते 26 मई की रात में जब युक्ति घर पर अपने कमरे में अकेली थी अचानक उक्त व्यक्ति



कमरे में घुस आया युवती के साथ गलत संबंध बनाते हुए पुराने फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए जब युवती ने शादी के लिए कहा तब युक्त युवक ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और गंदी-गंदी गालियां देकर मारा पीटा और धक्का मार कर गिरा दिया।

> तहरीर मिली थी मामला दो साल का है,जांच हो रही है करवाई होगी।
>
> पंकज त्रिपाठी, एसओ भीरा

उक्त घटना के बारे में किसी से भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने घटना की सूचना 27 मई को भीरा थाने में दी थी लेकिन आज तक भीरा पुलिस द्वारा कोई करवाई नहीं की गई। वहीं युवक दूसरी जगह से शादी करने जा रहा है। पीड़िता युवती ने एसपी को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# अवैध खनन को लेकर सीएम पोर्टल पर की शिकायत



**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ग्रामीण क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं। भट्टा मालिकों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का अवैध खनन कर ईंटें बनाई जा रही हैं। इतना ही नहीं किसानों को लालच देकर उनके खेतों से उपजाऊ मिट्टी की ऊपरी परत तक खोद ली जाती है जिस पर माइनिंग या प्रशासनिक अधिकारियों की नजर नहीं है। स्थिति यह है कि भट्ठों के इस अवैध कारोबार से मिट्टी के टीलों में अवैध खनन हो रहा है। ईंट भट्ठों से लगातार क्षेत्र में वायु प्रदूषण फैल रहा है। खास बात यह है कि वन, राजस्व खनिज महकमे के अधिकारी इस अवैध खनन को लेकर कोई भी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। वन, राजस्व सहित नदी नालों के किनारे हो रही खुदाई के बाद भी क्षेत्रों में लगातार इनको संरक्षण मिल रहा है। अवैध भट्ठों से न केवल आसपास के गांव बालो का रहना दूभर हो रहा है, बल्कि उपजाऊ हेतु जमीन भी बंजर होती जा रही है। जिस पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया है।क्षेत्र में कई ईंट-भट्ठा बगैर अनुज्ञप्ति के वर्षों से क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं।

जबकि, कई भट्ठा संचालकों ने किसी प्रकार की अनुज्ञप्ति नहीं ली है और न हीं अभी तक उनके यहां कोई निरीक्षण किया गया है। जिससे अंचल क्षेत्र में पर्यावरण पर प्रतिकूल असर होना लाजिमी है। ईंट-भट्ठा संचालन से पूर्व जिला खनन विभाग से अनुज्ञप्ति लेने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन हेतु आधे दर्जन सरकारी विभाग से एनओसी लेने की अनिवार्य शर्तें हैं। लेकिन, अधिकांश भट्ठा संचालक बिना एनओसी लिए ही विभागीय पदाधिकारी की मिली भगत से संचालित कर रहे हैं जिनके कारण नगर के वासियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। जबकि विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

### अधिकतर भट्ठा मालिकों का नहीं हैं लाइसेंस

उचौलिया थाना क्षेत्र में दर्जन से अधिक भट्ठा संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें कई लोगों को मिट्टी खोदने की अनुमति नहीं है। राज्य सरकार को भी बिना अनुज्ञप्ति के ईंट-भट्ठा का संचालन किए जाने से राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रशासन को यह तक खबर तक नहीं कि क्षेत्र में कितने ईंट-भट्ठा मालिकों पर लाइसेंस है। हालांकि भट्ठा लगाने के लिए माइनिंग विभाग की अनुमति लेना आवश्यक होता है और यह अनुमति तब दी जाती है, जब भट्ठा के लिए सभी मानकों की पूर्ति कर ली जाए। लेकिन नगर में स्थापित अधिकतर भट्ठा पर एक भी मानकों की पूर्ति नहीं की जा रही है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी कभी यह देखने तक नहीं आते हैं कि भट्ठा मालिक नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। ऊपर से उन्हें अनुमति प्रदान कर खुली छूट दे दी जाती है।

### प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं

ईंट-भट्ठा के संचालन में प्रदूषण नियंत्रण के लिए तय मानकों की जमकर अनदेखी हो रही है। निर्देश के बावजूद परंपरागत तरीके से बिना चिमनी लगाए खुले में ईंटों को पकाया जा रहा है। इससे निकलने वाले विषैले धुएं से आसपास के रहवासियों में गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। प्रदूषण से बचने के लिए ईंट भट्ठों पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जिगजैग चिमनी लगाना अनिवार्य कर दिया है। लेकिन सरकारी व निजी जमीन पर संचालित करीब एक दर्जन भट्ठा मालिकों ने इस नियम का पालन नहीं किया है। बिना अनुज्ञप्ति के चल रहे ईंट भट्ठा पर मालिकों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाकर आसपास का वातावरण प्रदूषित किया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि आप एसडीएम साहब या खनन अधिकारी से बात कर लीजिए।

## खबरें एक नजर में

### राहगीर की हुई अचानक मौत, लू लगने की आशंका

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर कनवा गांव के निकट लगभग 55 वर्षीय राहगीर की एकाएक मौत हो गई ।हीट वेव के चलते लू लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शाम लगभग 4 बजे एक अधेड़ कंधे पर बैग टांग कर पैदल ही पोखरा की तरफ से आता हुआ दिखाई पड़ा, जब वह कनवा गांव के मोड़ के पास पहुंचा तो अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई लोगों ने बताया कि अधेड़ चक्कर के चलते मोड़ के निकट स्थित घर के बाहर पहुंचा और जमीन पर लेट गया और दो-तीन बार हिचकी आने के बाद बेहोश हो गया पानी की छीटे मारकर होश में लाने का प्रयास किया गया परंतु होश नहीं आया और इसी दौरान उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि ग्रामीणों ने उसके जेब से निकली पर्ची में दर्ज मोबाइल नंबर पर परिजनों को मौत की सूचना दी ।जिसके बाद रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ अंतर्गत कोड़र गांव से आए परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव को लेकर चले गए।

### सेवानिवृत्त हुए वार्डबॉय को ससम्मान दी गई विदाई



**बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैदपुर से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर स्वास्थ्य विभाग से सेवा निवृत्त हुए वार्ड बॉय अब्दुल हमीद उर्फ राजू को आज ससम्मान विदाई दी गई। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ सुशील कुमार सरोज, डॉ हेमंत कुमार, डॉ देवेश पटेल, डॉ नजमुल सिद्दीकी सहित पूरे अस्पताल के कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर शाल सहित अन्य सामान भेट कर ससम्मान विदाई दी गई। व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं। इस मौके पर अमित कुमार, मुकेश कुमार, श्रवण कुमार, अजय कुमार, सोहन लाल, राकेश कुमार, कुलदीप सचान, अंबरीश कुमार, सहित स्टाफ नर्स वंदना, ज्योति, डॉ रीना, वार्ड आया सरोज सभी कर्मचारी मौजूद रहें।

### निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का किया आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के सनसाइन हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉ कौशल वर्मा के द्वारा जिले के अधिवक्ता संघ सभागार में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें फिजियोथेरेपी की जांचे एवं दवाईयों का वितरण निःशुल्क किया गया। मरीजों की बीमारियों के बारे में जागरूक भी किया गया। गर्मियों के दिनों में मौसमी बीमारियों से बचने के तरीको के साथ, गर्मी से बचने के लिए निरन्तर पानी पीते रहने के साथ धूप में कम निकलने की सलाह दी गई। कभी- कभी छोटी बीमारी भी बड़ी बीमारी का रूप ले लेती है। शिविर में 250 से ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया द्य संरक्षक- एडवोकेट अवधेश कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, मंत्री विश्वास श्रीवास्तव एड, अजय सिंह, एड सालिक अहमद, एड आनुतोष दीक्षित, मो नाजिम, सैलेश वर्मा, सचिन प्रभाकर, आदर्श मिश्रा, अवधेश प्रताप सिंह , अमित पाण्डे, अतीश मिश्रा, अनुज सिंह, सुशील पाण्डे, सुमित वर्मा , सुमित शुक्ला व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# पति बोला- हम जीना नहीं चाहते पुलिस नहीं कर रही है कार्रवाई

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला कोतवाली में पति ने पत्नी के साथ 5 लड़कों पर गैंगरेप करने का आरोप लगाया है और शिकायत पर कार्रवाई न होने से आहत जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे हालत नाजुक बनी हुई है। हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पीड़ित ने तहरीर देकर बताया कि विपक्षीगण अमन गुप्ता पुत्र अज्ञात नि0 मो0 कुम्हारन टोला,अंकुर, अमित व दो अन्य अज्ञात नि0 थाना गोला के रहने वाले है जो काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। मेरे भाई को गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडे व लात घूसों से मारा पीटा है जिससे मेरे भाई के शरीर में काफी चोट आई थी व उसे जान से मारने की एलानियाँ धमकी भी दी जिससे भयभीत होकर मेरे भाई ने 01 जून 2024 को समय दोपहर 01.30 बजे जहर खा लिया। तबीयत खराब होते ही उसे गोला सीएचसी लाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। दरअसल जहर खाने वाले युवक ने बताया कि मेरी पत्नी के साथ 5 लोगो ने बलात्कार किया जिसकी शिकायत लेकर जब मैं गोला कोतवाली गया तो पुलिस ने बजाए कार्रवाई के उल्टा मुझे 24 घंटे के लिए बैठा लिया। युवक ने रोते हुए बताया कि मेरी सुनवाई नहीं हो रही इसी वजह से मैंने जहर खाया है। पीड़ित पक्ष की तरफ से थाना गोला पुलिस से उपरोक्त विपक्षी लोगों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# तीन शातिर लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर लुटेरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 01.06.2024 को मैनुअल एन्टेलीजेन्स के आधार पर मु0अ0सं0 165/2024 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित 03 शातिर लुटेरे- 01. सनी राव उर्फ सरोज यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी समाधानपुर थाना सैरपुर जनपद लखनऊ, 02. अंकित यादव पुत्र प्रमोद यादव निवासी पड़रिया डीह थाना देवा जनपद बाराबंकी, व 03. अनुज उर्फ रूद्र पुत्र शिवबरन यादव निवासी दयालपुर टिकरिया थाना देवा जनपद बाराबंकी को गंगौली मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर व लूट का 01 अदद मोबाइल फोन (रियलमी), 01 आधार कार्ड, 01 डीएल व 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। पूछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह पूर्व किसान पथ के पास से हम लोगो द्वारा आने जाने वाले लोगो को लूट कर घटना कारित किया गया था।

# 15वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष

- सरदार बेअन्त सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम है : आनंद कुमार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




ज़िला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व में अध्यक्ष रहे ख्यातिप्राप्त अधिवक्ता रहे सरदार बेअन्त सिंह की 15वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं पूर्व अपर शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) स्व. यशवंत सिंह के चित्र अनावरण का कार्यक्रम जिला बार एसोसिएशन सभागार में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रभारी जनपद न्यायाधीश व अपर ज़िला जज प्रथम आनंद कुमार ने कहा कि निश्चित ही सरदार बेअन्त सिंह बड़े व्यक्तित्व व बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे।

वे व्यक्ति नही विचारधारा थे। उन्होंने आगे कहा कि इस गौरवशाली समारोह में शिरकत करते हुए उन्हें बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। इस अवसर पर ज़िला बार के पूर्व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता स्वर्गीय यशवन्त सिंह के चित्र का अनावरण पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्यदेव गुप्ता एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह द्वारा किया गया।

ज़िला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मुचकुन्द सिंह वर्मा ने कहा कि सरदार बेअन्त सिंह का जीवन संघर्षों एवं आंदोलनों से भरा रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार बेअंत सिंह कुशल व सफ़ल अधिवक्ता थे तथा जनसमस्याओं के प्रति भी जागरूक व सजग रहते थे। जरूरत पड़ने पर बड़े आंदोलनों को करने से भी पीछे नहीं हटते थे। पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि सरदार बेअन्त सिंह ने राष्ट्रभाषा हिंदी के आंदोलन के दौरान संसद में पर्चे फेंककर भी सुर्ख़ियों में आए थे। ज़िला बार की वर्तमान महामंत्री अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि दादा बेअन्त सिंह ने तमाम अच्छे व रचनात्मक कार्य किए और युवा अधिवक्ताओं को भी संरक्षण व मार्गदर्शन देते रहे। अधिवक्ता दिलकश रिज़्वी के सफल संचालन में हुए पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अधिवक्ता प्रकाश शुक्ला ने गीत के माध्यम से ज़िला बार की दोनों महान शख़्सियतों का गुणगान कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उक्त कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन सिंह व हरीश अग्निहोत्री, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमन द्विवेदी व कौशल किशोर त्रिपाठी, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, हुमायूँ नईम खान, अमित शुक्ला एडवोकेट, वी.पी सिंह पूर्व प्रधानाचार्य सिटी इंटर कॉलेज, सूरज यादव (गामा), सरदार अवतार सिंह, सरदार मंजीत सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गुप्ता, पूर्व छात्रनेता- लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, खुशीराम यादव, दारा यादव, यासिर अराफ़ात, रमेश भारती, रानी विजय लक्ष्मी सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ, रोहित निगम, मुस्तेहसन जुबेर जिम्मी, अमित सिंह, नवीन रस्तोगी, नागेंद्र प्रताप सिंह, सरफराज हुसैन, शावेज़ खान आदि तमाम अधिवक्तागणों व प्रबुद्धजनों के अलावा अपर शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ अभय कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ, प्रसिद्ध नारायण सिंह, मोहम्मद शमीम, आदर्श सिंह, व हेमंत कुमार अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ ने भी उपस्थिति दर्ज कराकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वर्गीय यशवन्त सिंह के पुत्र शैलेन्द्र कुमार एडवोकेट भी मौजूद थे। अंत में सरदार बेअन्त सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिंह व सरदार राजा सिंह एडवोकेट ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# एनएचएम की जीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जी एम सुधा यादव ने सी एच सी रामनगर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओ से रुबरु होकर व्यवस्था को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिये।

शनिवार को करीब साढ़े दस बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंची जी एम सुधा यादव ने सबसे पहले अस्पताल के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का परिचय लेकर अस्पताल परिसर का भ्रमण कर इमरजेंसी वार्ड ओपीडी स्टॉक रूम ब्लाक पब्लिक हेल्थ केयर सेंटर प्रसव कक्ष आदि का गहनता से निरीक्षण किया।अस्पताल में मौजूद मरीजों से सुविधाओं की जानकारी ली।उन्होंने पूछा डॉक्टर यहां मिलते हैं या नहीं दवाइयां बाहर से लानी पड़ती है या अस्पताल से मिल जाती है। निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम में उन्होंने दवाइयां की उपलब्धता जानी इस दौरान वहां रजिस्टर सही न मिलने एक्सपायरी दवाइयां के बारे में जानकारी न दे पाने पर नाराजगी जताई और व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये।स्टोर रूम इंचार्ज से पूछा कौन सी दवाइयां तुम्हें नहीं मिल रही है। लैब के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद एल टी दिलीप कुमार गुप्ता से आवश्यक जानकारी ली तथा एसी न लगाए जाने का कारण पूछा।उन्होंने मरीज के पास मौजूद दवाइयों के पर्चों को देखा उसमें डॉक्टर के हस्ताक्षर के बाद पदनाम की मुहर नहीं लगी थी जिस पर उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा जो डॉक्टर दवा लिखे उसकी मोहर जरूर लगी होनी चाहिए प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स व अन्य कर्मचारी वहां चप्पल पहने मौजूद थे जिस पर उन्होंने हैरानी जताई।जो मरीज मौके पर मौजूद था उसकी भर्ती अभिलेखों में दर्ज नहीं थी इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।अस्पताल परिसर के भ्रमण के दौरान मरीजों के लिए कहीं पर पेयजल नहीं दिखा जिस पर उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से पेयजल की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली मगर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। अस्पताल परिसर में फैली गंदगी को देखकर उन्होंने सफाई कर्मचारी को मौके पर बुलाया उसने कहा कि अस्पताल में मेरी अकेले ही तैनाती है।कर्मचारियों की संख्या बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जीएम ने अस्पताल परिसर में पौधा रोपण किया तथा हर्बल गार्डन बनाये जाने के निर्देश दिये। पत्रकारों से बातचीत करते हुये जीएम सुधा यादव ने कहा स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने मानव संसाधनों का उपयोग ठीक ढंग से हो रहा है या नहीं यह जानने टीम आई है।

निरीक्षण के दौरान क्वार्डिनेटर पंकज मौर्या जिला कार्यक्रम अधिकारी अमरीश कुमार द्विवेदी डी सी पी एम सुरेंद्र कुमार डॉक्टर स्वप्निल डॉ आशीष डॉ सना हुसैन अवधेश समीर संजय मिश्रा गोपी प्रभात यसपाल सिंह अभिषेक सहित भारी संख्या में स्वस्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही भाजपा : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने दावा किया है कि भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है।

शनिवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव के सात चरण आज संपन्न हो गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन के प्रति जो प्रेम दिखाया है उससे मन आह्लादित है। जनता जनार्दन के इस विश्वास के प्रति उनका कोटि-कोटि वंदन और अभिनंदन है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने मोदी के नेतृत्व में किए गये जनहित के कल्याणकारी कार्यों का समर्थन किया और भाजपा के पक्ष में दनादन कमल का बटन दबाया। अपार जनविश्वास की बदौलत बहुत सी सीटों पर विपक्ष की जमानत भी जब्त होने जा रही है।

चुनाव में मतदान करने की अपनी सबसे महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभाने के लिए प्रदेश और देश की जनता जनार्दन का हार्दिक वंदन एवं अभिनंदन एवं नमन करता हूँ। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक के सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक में हार ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग तथा चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई।

## शक्ति भवन व प्रदेश भर के डिस्कॉम मुख्यालयों पर 8 को आयोजित होगी पेंशन अदालत

**लखनऊ।** सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए 8 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) मुख्यालय शक्ति भवन एवं प्रदेश भर के डिस्कॉम मुख्यालयों पर पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। पेंशन अदालत में वो सेवानिवृत्त कार्मिक अप्लाई कर सकते हैं, जो पेंशन को लेकर किसी तरह की परेशानी झेल रहे हैं और समस्या का समाधान चाहते हैं। हर तीन माह में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में पेंशन विवादों को समाप्त कर पेंशनरों को लाभ दिलाया जाता है। इससे पूर्व विगत 9 मार्च को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया था।

# मुआवजा कानून लागू न होने से जनता परेशान, विभाग मस्त

▸ अभियंता नहीं उठाते फोन, 1912 पर फर्जी निस्तारण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश में बिजली संकट को लेकर हाहाकार मचा है। आए दिन जनता सड़क पर उतर रही है। ऐसे में नियमानुसार मुआवजा कानून लागू न किये जाने से महकमे के अभियंता एवं कार्मिक मदमस्त और जनता हैरान परेशान है।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने फोन न उठाने वाले अवर अभियंता से लेकर डिस्काम एमडी तक जिनके पास सीयूजी नम्बर है उन पर 50 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना मांग की है यही नही उनके द्वारा जल्द ही मुआवजा प्रस्ताव रखे जाने की बात कही गई है। यही नहीं उपभोक्ता परिषद ने यह भी कहा कि 1912 का हाल बेहाल है। यहॉ भी शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अनेकों जनपदों में बिजली की उपलब्धता होते हुए भी उसका वितरण सफलतापूर्वक न किए जाने का मुख्य कारण विद्युत व्यवधान व ब्रेकडाउन है। अनेकों खंडो में देखने को मिला की विद्युत व्यवधान जब कई घंटे तक चला तो उपभोक्ता सब स्टेशनों तक पहुंच गए। कहीं-कहीं धरना प्रदर्शन भी करने लगे। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने बहुत गहनता से जब छानबीन की तो सामने आया कि ज्यादातर उन खंडो में इस प्रकार की घटनाएं घटित हुई जहां पर निचले स्तर के अभियंताओं ने फोन उठाना बंद कर दिया। वही अधिशासी अभियंता और उसके ऊपर के अभियंताओं ने उपभोक्ताओं के फोन पर 90 प्रतिशत रिस्पांस किया। लेकिन उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता जिन इलाकों में ब्रेकडाउन के चलते उपभोक्ता आक्रोशित हुए। उपभोक्ता परिषद ने जब 1912 पर फर्जी निस्तारण के मामले में छानबीन की तो पता चला कि अवर अभियंता विद्युत समस्या को बिना ठीक किए ही जब शिकायत को क्लोज करके 1912 को संदर्भित कर देते हैं तो स्वत फर्जी निस्तारण का एसएमएस उपभोक्ता को जनरेट हो जाता है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश में मुआवजा कानून को शक्ति से न लागू किए जाने का नतीजा इस प्रकार की घटनाएं है। कॉल सेंटर द्वारा फोन ना उठाए जाने पर भी प्रत्येक मामले में रुपया 50 प्रतिदिन के हिसाब से उपभोक्ता को मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता परिषद इस व्यवस्था में संशोधन के लिए जल्द ही विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव दाखिल करेगी।

## खबरें एक नजर में

### हस्सान अन्सारी अध्यक्ष और संजय कुमार सचिव निर्वाचित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के जनपदीय चुनाव में इं. हस्सान अन्सारी अध्यक्ष और इं. संजय कुमार सचिव चुने गए। महासंघ और मण्डल के निर्देश पर जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव महासंघ के केन्द्रीय कार्यालय राय भवन में सम्पन्न हुआ। महासंघ के घटक संघों की सदस्यों की उपस्थिति में जनपद अध्यक्ष इं. चन्द्रदत्त की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन इं. सुधीर गुप्ता ने किया। अतिथि के रूप में महासंघ के अध्यक्ष इं. एच.एन. मिश्र, इं. श्रवण कुमार, मण्डल अध्यक्ष राजर्षि त्रिपाठी सचिव इं. प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। महासंघ अध्यक्ष ने मण्डल अध्यक्ष इं. राजर्षि त्रिपाठी और सचिव प्रदीप कुमार को निर्वाचन अधिकारी नामित किया। निर्वाचन अधिकारी ने संयुक्त रूप से बताया कि नव निर्वाचित कार्यकारिणी में इं. हस्सान अन्सारी जल निगम अध्यक्ष, इं. सुनील परिहारी राजकीय निर्माण निगम उपाध्यक्ष, इं. संजय कुमार लोक निर्माण विभाग सचिव और इं. विनोद कुमार सिंचाई सिविल संगठन सचिव चुने गए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने तय किया कि माह में एक बार जनपदीय बैठक कर समस्त घटक संघों के सदस्यों की समस्याओं को सुना जाएगा। इन पर पहल जनपद स्तर पर फिर मण्डल स्तर पर तथा अंत में प्रान्तीय स्तर पर विचार कर समस्याओं का निदान कराया जाएगा।

### फैंसी नंबरों की बुकिंग आज से, नई सीरीज पीआर शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** परिवहन विभाग नंबरों की नई सीरीज रविवार से शुरू करेगा। ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ कार्यालय यूपी 32 पीआर के लिए लोग दस बजे से आवेदन कर सकेंगे। परिवहन विभाग की वेबसाइट पर नंबरों का पंजीकरण होगा। परिवहन विभाग की तरफसे पहले आओ पहले पाओ के आधार पर फैंसी नंबरों का आवंटन किया जाता है। इसमें पंजीकरण के बाद सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को एक सप्ताह तक नंबर लेने का मौका रहता है। सबसे अधिक बोली लगाने वाला व्यक्ति अगर नंबर नहीं लेता तो दूसरी सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को नंबर लेने का मौका मिलेगा। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि संभागीय परिवहन कार्यालय ट्रान्सपोर्ट नगर में वाहनों के पंजीयन के लिए फैंसी नंबरों की नई सीरीज के लिए बुकिंग खोली गई है। इस बार यूपी 32 पीआर सीरीज फैन्सी नंबरों की ऑनलाइन बुकिंग दो जून सुबह दस बजे से शुरू होगी। फैसी नंबरों के इच्छुक आवेदक ऑनलाइन नीलामी के जरिए नंबरों का पंजीयन करा सकते है।

### बिजली विभाग के खिलाफ प्रधानों ने दिया धरना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बक्शी का तालाब डिवीजन के जीपीआरए बिजली घर में अधिशाषी अभियंता के कमरे में प्रधान संघ के सदस्यों के साथ उपभोक्ताओं ने धरना दिया। उन्होंने बिजली कटौती और इंजीनियरों पर वसूली का आरोप लगाया है। कनेक्शन देने के नाम पर वसूली हुई है। इसके अलावा बीकेटी में बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी है। पिछले कई दिन से लगातार हो रही कटौती से परेशान होकर इलाके के लोगों ने धरना देना शुरू कर दिया। प्रधान संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह के साथ कई गांवों के प्रधान बीकेटी एक्सईएन के कमरे में धरने पर बैठे है। उन्होंने बताया, अलग से कनेक्शन लिया गया था। उसी कनेक्शन में जेई और संविदा कर्मचारी ने मिलकर दूसरे को कनेक्शन दे दिया। जबकि पूरा कनेक्शन का पैसा पहले उन्होंने दिया था। यह भी बताया कि इस तरह का खेल पूरे इलाके में हो रहा है। प्रधान संघ के अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाए कि जेई जबरन बिजली काट देता है। धरने पर बैठे लोगों ने लाइन मैन राकेश सिंह पर रुपए लेकर कनेक्शन जोड़ने का आरोप लगाया है। 40 मीटर से ज्यादा दूरी पर कनेक्शन नहीं दिया जा सकता है। उसके बाद भी कनेक्शन दिया गया है। यहां जो कनेक्शन दिए गए हैं, वह 100 मीटर से ज्यादा दूरी पर है। ऐसे में लगातार शिकायत के बाद भी विभाग में सुनवाई नहीं हुई तो कई गांव के प्रधान धरने पर बैठ गए है।

### इलेक्ट्रिकल सिकलाइन कॉम्प्लेक्स का डीआरएम ने किया निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन में इलेक्ट्रिकल सिकलाइन कॉम्प्लेक्स का उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने निरीक्षण किया है। उन्होंने इस दौरान यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया। साथ ही अधिकारियों को कई निर्देश भी जारी किए है। सीनियर डीसीएम रेखा शमी ने बताया, सिकलाइन निरीक्षण के दौरान डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने ट्रेनों के रख रखाव और उनकी मेंटेनेंस कार्य की जांच की। वहीं कार्य में लगे कर्मचारियों को जल्द मेंटेनेंस का काम खत्म करने को कहा है। इसके अलावा डीआरएम ने रेलवे सुपरवाइजरों को ट्रेन की बोगियों की मेंटेनेंस कार्य को लेकर सतर्कता बरतने को कहा। रेल कर्मियों ने जो भी नॉलेज और एक्सपीरियंस ले रहे हैं, उसे वह अपने सहयोगियों से साझा करें और शॉर्टकट अपनाने से बचें। टीम वर्क से मजबूती मिलेगी। डीआरएम ने चारबाग रेलवे स्टेशन के फर्स्ट क्लास फुट ओवरब्रिज के ध्वस्तीकरण के कार्य को भी देखा। गर्मी में यात्रियों के पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने को कहा।

### नोएडा के देवांश चैंपियन, मुरादाबाद के उत्कर्ष दूसरे स्थान पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट 2024 में नोएडा के देवांश भटनागर ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी जीत ली। मॉल में प्रतिष्ठित बॉलिंग एली में गत आयोजित टूर्नामेंट में देवांश भटनागर उम्दा खेल कौशल दिखाते हुए तीन राउंड के स्टेप लैडर फार्मेट में सर्वाधिक 2086 पिनफॉल स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहे। दूसरी ओर मात्र 11 अंक से पिछड़े मुरादाबाद के उत्कर्ष सिन्हा 2075 पिनफॉल स्कोर के साथ उपविजेता रहे। लखनऊ के सुमित वैश्य 2037 पिनफॉल स्कोर के साथ तीसरे और अखिलेश वर्मा (विक्की) 2021 पिनफॉल स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे।

# सातवां चरण : यूपी में 54 फीसदी मतदान

▸ 13 लोस सीट व एक विस उप निर्वाचन के लिए पड़े वोट : रिणवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 63-महराजगंज, 64-गोरखपुर, 65-कुशीनगर, 66-देवरिया, 67-बांसगांव (सु.), 70-घोसी, 71-सलेमपुर, 72-बलिया, 75-गाजीपुर, 76-चन्दौली, 77-वाराणसी, 79-मिर्जापुर, 80-राबर्ट्सगंज (सु.) तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी (सु.) में शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। मतदान प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 06 बजे समाप्त हुआ। सातवें चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 11 जनपदों-महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी (सु.) सोनभद्र में स्थित हैं। सायं 05 बजे तक जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रदेश के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल औसत 54 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें 63-महराजगंज 58.66, 64-गोरखपुर 52.53, 65-कुशीनगर 56.04, 66-देवरिया 54.13, 67-बांसगांव (सु) 50.06, 70-घोसी 53.19, 71-सलेमपुर 50.21, 72-बलिया 50.56, 75-गाजीपुर 53.53, 76-चन्दौली58.19, 77-वाराणसी 54.58, 79-मिर्जापुर 55.83, 80-राबर्ट्सगंज (सु) 54.25 तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी (सु) 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाये रखे जाने के उद्देश्य के लिए प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु 13,092 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। उक्त के अतिरिक्त 2,304 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई। सातवें चरण के पोस्टल बैलेट मतदान हेतु अर्ह श्रेणियां 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें तथा मतदान कार्मिक में 19,767 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं में जिनके द्वारा पोस्टल बैलेट का विकल्प चुना गया, उनके घर पर जाकर मतदान दल द्वारा मतदान कराया गया। प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु मतदान दल के साथ एक माइक्रो आब्जर्वर तथा वीडियोग्राफर की तैनाती की गई एवं प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने हेतु स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया एवं इस श्रेणी के अर्ह मतदाताओं की सूची भी प्रत्याशियों को उपलब्ध कराई गई। इस मतदान प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी कराई गई। 73,117 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ईटीपीबीएस पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 26,982 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 13 सामान्य प्रेक्षक, 08 पुलिस प्रेक्षक तथा 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये। उक्त के अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये।

### ऊर्जा मंत्री ने अपने गांव काझाखुर्द में किया मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने काफी लंबे वर्षों के बाद अपने गांव काझाखुर्द आकर गांववालों, परिवारजनो तथा शुभचिंतकों के साथ मिलकर गांव में स्थित 195-मतदान केंद्र में जाकर मऊ जिले की घोसी लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गांव में आकर मतदान करना बहुत अच्छा लगा और प्रेरणादायक भी रहा। नौकरी के दौरान गांव से बाहर गुजरात, दिल्ली में रहने का मौका मिला और वहीं पर मतदान भी किया गया अब उत्तर प्रदेश में रहने से गांव में आकर अपनों के बीच रहकर फिर से एक बार मतदान किया। उन्होंने गांव के सभी बुजुर्ग, माताएं, बहनो, युवाओ से निवेदन किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर उल्लास के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# एसटीएफ ने पचास हजार के इनामी देवेंद्र सिंह को दबोचा

समृद्धि न्यूज

लंबे समय से चल रहा था फरार, पुलिस ने घोषित कर रखा था इनाम

**लखनऊ ।** यूपी के गाजियाबाद जिले के थाना कविनगर में दर्ज मुकदमें और पच्चास हजार के पुरस्कार घोषित अपराधी देवेन्द्र प्रताप सिंह को राजधानी के ईम्पीरिया मल्टीसिटी अस्पताल इन्द्रा नगर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया देवेंद्र प्रताप सिंह अयोध्या के वैष्णोपुरम कॉलोनी देवकाली बाईपास के पास वर्तमान समय में रहता है। उसके पास से एक मोबाइल फोन और दो सौ बीस रूपये नगद बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपी देवेन्द्र प्रताप सिंह की उम्र लगभग 37 साल है और उसने बी 0 एस 0 सी 0 द्वितीय वर्ष तक पढ़ाई की है । उसके पिता उमाशंकर की जनपद सुलतानपुर में ब्रिटानियाँ बिस्कुट कम्पनी की एजेन्सी थी , जो वर्ष 2011 में बन्द हो गयी थी ।उसके पश्चात वह परिवार के साथ जनपद अयोध्या में आकर रहने लगे थे । यहाँ पर वह देवेन्द्र प्रताप सिंह प्रापर्टी एवं पी 0 जी 0 हॉस्टिल चलाने का काम करना शुरू कर दिया और यही पर उसकी मुलाकात पी 0 डब्ल्यू 0 डी 0 के दो जूनियर इंजीनियर सूरजभान सिंह एवं राम कुमार से हो गयी थी। देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सूरज भान सिंह एवं राम कुमार के साथ मिलकर पी 0 डब्ल्यू 0 डी 0 में सड़क की ठेकेदारी का काम कमिशन के आधार पर करना शुरू कर दिया और इस ठेकेदारी में हुए घपलों का खुलासा होने पर आरोपी देवेन्द्र प्रताप सिंह के विरुद्ध जनपद झांसी, उन्नाव एवं मैनपुरी में मुकदमे दर्ज हुए। जनपद उन्नाव के मुकदमे में पुलिस द्वारा देवेन्द्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और जेल में रहने के दौरान देवेन्द्र प्रताप सिंह की मुलाकात अतुल सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी कैथवल ऊँचाहार रायबरेली से हुई जो जेल में बन्द था। जेल से छूटने के उपरान्त देवेन्द्र प्रताप सिंह ने अतुल सिंह व उसके सदस्यों के साथ मिलकर प्रापर्टी का काम करना शुरू कर दिया था। एसटीएफ के मुताबिक वर्ष 2016 में देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा शराब के ठेके पर झगड़ा होने पर सेल्समैन के साथ मारपीट एवं लूटपाट किया गया था ।

# चुनाव कर्मियों की मौत प्रशासनिक लापरवाही व कुप्रबंधन का दुष्परिणाम

समृद्धि न्यूज

▸ अब तक कुल 28 चुनाव कर्मियों की हो चुकी है मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कल तक 28 चुनाव कर्मियों की मौत हो चुकी है, जिसमें बड़ी संख्या में अल्प वेतन पाने वाले होमगार्ड शामिल है। इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. आर. दारापुरी ने इसे प्रशासनिक लापरवाही एवं कुप्रबंधन का परिणाम बताया है।

प्रेस को जारी बयान में उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उसे देश को बताना चाहिए की इतनी भीषण और जानलेवा गर्मी में सात चरणों तक आम चुनाव को चलाने का क्या औचित्य है और क्या यह सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं है। मांग की कि मतगणना के लिए अभी से पेयजल, कूलर, ओआरएस आदि की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान लोकसभा चुनाव अब तक का सबसे लंबा एवं सबसे अधिक चरणों वाला चुनाव रहा है। यह 19 मार्च से शुरू होकर 4 जून तक 80 दिन चलने वाला चुनाव है। गौरतलब है कि अप्रैल, मई तथा जून ही सबसे अधिक गर्म रहने वाले महीने हैं जिनमें सामान्य तौर पर भी लू व हीट स्ट्रोक आदि लगने से बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। इतनी भीषण गर्मी में चुनाव करवाना जनता पर अत्याचार है। इस संबंध में उन्होंने कहा है कि 2014 से पहले चुनाव के चरणों की संख्या 3 या 4 से अधिक नहीं होती थी और विभिन्न चरणों के बीच 3-4 दिन से अधिक का समय नहीं रहता था। अब चरणों की संख्या 7 और उनके बीच का समय 7 से 8 दिन तक का रखा गया है। अब जब ड्यूटी हेतु फोर्सेज की उपलब्धता एवं गतिशीलता बढ़ गई है और ड्यूटी आदि लगाने का काम कंप्यूटर से तेजी हो जाता है तो चरणों की संख्या इतनी अधिक रखने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने आगे कहा है कि 80 दिन तक चुनाव चलाना न तो जनहित में है और न ही देश हित में। क्योंकि इतनी लंबी अवधि तक देश की एक बड़ी आबादी के चुनाव में व्यस्त रहने से कितने मानव घंटे बर्बाद होते हैं और उत्पादन की हानि होती है।

## व्यापारी से लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में व्यापारी से हुई लूट का खुलासा हो गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी व्यापारी की दुकान पर पहले काम करता था। घटना में पांच लोगों के होने की बात सामने आई है। पुलिस अन्य तीन को तलाश रही है। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि लखनऊ में 26 मई को रात 11 बजे बाइक सवार बदमाशों ने कुंडी रकाबगंज के रहने वाले कृष्ण गोपाल वर्मा से लूट की थी। कृष्ण गोपाल की अहियागंज के पास स्वाती ट्रेडर्स के नाम से जनरल स्टोर है। जहां से लौटने के दौरान 5 बदमाशों ने प्लानिंग के तहत घटना को अंजाम दिया था। घटना को गंभीरत से लेते हुए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस को शनिवार को सुबह 5.10 बजे मुखबिर से बदमाशों की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम रवाना हुई। डालीगंज पुल के पास से घटना में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए बदमाशों की पहचान गायत्रीनगर- 3, मड़ियांव के रहने वाले नवीन वाजपेई (24) पुत्र राम नारायण वाजपेई और रकाबगंज, वजीरगंज के रहने वाले गोपाल द्विवेदी (26) पुत्र सुशील द्विवेदी के रूप में हुई है।

# फ्रिज का कंप्रेसर फटने से दुकानदार की मौत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब के कोटवा गांव में फ्रिज का कंप्रेसर फटने से हड़कंप मच गया। हादसे में दुकानदार शिवबहादुर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग के बाद हादसा हुआ। दुकान में पेट्रोल बेचने का काम होता था। पेट्रोल की वजह से आग फैल गई। हालांकि पेट्रोल का कितना स्टॉक था इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीकेटी फायर स्टेशन इंचार्ज प्रशांत कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। इसी तरह लखनऊ के मौलवी गंज में 5 दिन पहले एसी की मरम्मत के दौरान कंप्रेसर फट गया था। हादसे में 3 लोग झुलस गए थे। सभी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, हेल्फर की कंडीशन क्रिटिकल होने के कारण उसका दायां पैर भी काटना पड़ा था। घटना शनिवार रात की थी। धमाके की आवाज सुनकर इलाका दहल गया। आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई और घायलों को अस्पताल भेजा गया। मौके पर मौजूद चश्मदीद अरशद कहते हैं कि मोहम्मद अलीम (35 एसी के कंप्रेसर में गैस रिफिलिंग करवा रहे थे। रिफिलिंग के दौरान अचानक तेज आवाज के साथ धमाका हुआ। मकैनिक शरीफ, हेल्फर फैजान के साथ मोहम्मद अलीम भी काफी झुलस गए। मोहम्मद अलीम का इलाज केजीएमयू ड्रामा सेंटर में हो रहा है। शरीफऔर फैजान के परिजन अलग-अलग निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।



### तीन मंजिला इमारत में लगी आग, सिलेंडर फटने से बचा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह 9.30 बजे इंदिरा नगर फायर स्टेशन को सूचना मिली मुंशी पुलिया स्थित सेक्टर-17 सब्जी मंडी के पास एक तीन मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई है। मौके से फायर की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर पता चला सुभाष चंद्र मिश्रा के मकान में पहले मंजिल पर आग लग गई है। किचन में रखे सिलेंडर में आग लगी थी। जिसे पंपिंग करके हॉज रील के माध्यम से आग पर पानी डालकर बुझाया गया। आग को पूरी तरह बुझाने के बाद मकान का निरीक्षण किया गया। जिसमें पता चला मकान के पहले मंजिले पर बने तीन कमरे व किचन पूरी तरह जल गया है। जिसमें दो किराएदार रहते थे। आग बुझाने के वजह से मकान मालिक सुभाष चंद्र शुक्ला भी झुलस गए। जिनको पुलिस और आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। मकान में मुतफीक पुत्र जलील, बाराबंकी के रहने वाले रितेश पुत्र राम प्रसाद और अर्जुन पुत्र मिस्त्री लाल रहते हैं। तीनों व्यक्ति फास्ट फूड का ठेला लगाते हैं। घटना दुकान का सामान तैयार करने के दौरान हुई। हालांकि की कोई जनहानि नहीं हुई है।



चौक मंडी चौराहे पर धसी सड़क

**अनुमान** | वातावरण शुष्क होने से स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक है भीषण गर्मी

# उप्र में धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/कानपुर।** सूरज की आग उगलती लपटों से लोग इस कदर परेशान हैं कि घरों पर दुबकने को मजबूर हैं। इसके साथ ही वातावरण में आर्द्रता की कमी से गर्मी विकराल रुप धारण किये हुए है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक है। मौसम विभाग का कहना है कि केरल में प्री मानसून के तहत बारिश शुरु हो चुकी है और दो से पांच जून के बीच उत्तर प्रदेश में स्थानीय स्तर पर धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना है, पर इससे भी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि मध्य अरब सागर के कुछ और भागों, दक्षिण अरब सागर के शेष भागों, लक्षद्वीप और केरल, कर्नाटक के कुछ भागों, तमिलनाडु के कुछ और भागों तथा दक्षिण-पश्चिम और मध्य बंगाल की खाड़ी में अगले दो दिनों में मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी अफ़गानिस्तान और उससे सटे पाकिस्तान पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में है। उत्तर-पूर्व असम और उसके आस-पास के क्षेत्रों पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश पर चक्रवाती परिसंचरण से एक द्रोणिका दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, दक्षिण बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम से होते हुए निचले स्तरों पर पश्चिमी बांग्लादेश तक फैली हुई है। मध्य गुजरात और उसके आस-पास के क्षेत्रों पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है जो समुद्र तल से 3.1 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत पर अक्षांश 8ए उत्तर के पास एक कतरनी क्षेत्र समुद्र तल से 3.1 और 4.5 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। केरल तट के पास दक्षिण-पूर्वी अरब सागर पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। वहीं बंगाल की खाड़ी से पूरे उत्तर भारत में नम हवाएं आने लगी हैं। इसके साथ ही राजस्थान से गर्म हवाएं भी आ रही हैं, दोनों के मिलने से गर्मी लोगों को अधिक परेशान कर रही है। हालांकि आगामी दिनों उत्तर प्रदेश में स्थानीय स्तर पर धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इसके अलावा कानपुर सहित बुन्देलखण्ड में मेघ गर्जन आकाशीय बिजली और तेज गर्म हवाएं चलेंगी। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 44.8 और न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 57 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 24 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व रहीं जिनकी औसत गति 6.3 किमी प्रति घंटा रही। इसके साथ ही दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

# यात्री बसें बनीं मालवाहक, परिवहन विभाग बना अनजान

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

लग्जरी यात्री बसों में वैशाली ट्रेवल्स,न्यू इंडिया, पाठक बस सर्विस, शताब्दी, सिंह ट्रैवल्स,आदि बसों में अवैध ढुलाई खुलेआम चल रही है लेकिन जिम्मेदार विभाग के पास कार्रवाई झकरने की फुर्सत नहीं है। इसलिए,परिवहन विभाग को करोड़ों के राजस्व का चूना लगाकर निजी बस संचालकों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।वही नहीं, इस कारोबार से यात्रियों के सामान और जान पर जोखिम बना रहता है।जिसका जीता जागता उदाहरण लुधियाना और दिल्ली से आए दिन दुर्घटना सुनने को मिल रही है।वही गोण्डा आरटीओ विभाग की उदासीनता के कारण सड़कों पर खुलेआम अनफिट बसें डबल डेकर की बसें अधिकारियों की आशिर्वाद और कुछ हिस्सेदारी और रिश्तेदारी के तर्ज से दौड़ रही हैं।वही एक यात्री ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पूर्व में यात्रियों का लगेज गायब होने की घटनाएं हुई भी हैं लेकिन उनमें कोई कार्रवाई नहीं की जाती।उप प्रादेशिक परिवहन कार्यालय के जिम्मेदार बसों में कमर्शियल सामानो की ढुलाई से अधिकारी अनजान बने हुए हैं।सूत्रों की मानें तो इस अवैध धंधे में अधिकारी और बड़े राजनेता भी शामिल हैं जिससे यह अवैध कारोबार जोरों से फल फूल रहा है।




### नहीं होनी चाहिए ढुलाई

सैकड़ों निजी यात्रियों को लुधियाना, दिल्ली से बाराबंकी करनैलगंज, गोंडा, अयोध्या, फैजाबाद,बहराइच, श्रावस्ती,और बलरामपुर अन्य स्थानों पर ले जाने के लिए दर्जनों से अधिक बसें शहर के लिए प्रस्थान करती हैं।वहां से बड़े पैमाने पर इन निजी बसों के जरिए पार्सल भेजे जाते हैं।लेकिन इन पार्सलों की कोई फुलप्रूफ जांच नहीं की जाती। पार्सल के अंदर विस्फोटक, मादक पदार्थ कुछ भी रखकर भेजा जा सकता है।बसों में यात्री लगेज की आड़ में बड़े पैमाने पर कॉमर्शियल सामानो की ढुलाई की जा रही है।इससे हर महीने मोटा व्यवसाय किया जा रहा है।नियमानुसार इन बसों में निर्धारित यात्री लगेज के अलावा व्यावसायिक माल की ढुलाई नहीं होनी चाहिए।

### सड़कों पर फ्लाइंग स्कॉट नहीं करता जांच

आरटीओ विभाग की उदासीनता के कारण इन ट्रैवल बसों में क्षमता से अधिक भीड़ व अन्य कारणों से दुर्घटनाएं हुई हैं।संबंधित विभाग इन बसों के माध्यम से माल ढुलाई के साथ ही समय-समय पर वाहन की वहन क्षमता वाहन की स्थिति की जांच में भी लापरवाही बरत रहा है। परिवहन विभाग का फ्लाइंग एस्कॉर्ट जिन वाहनों से मंथली कार्ड वसूली नहीं की जाती ऐसे वाहनों को महामार्ग को तलाश करने में लगा रहता है।जिसके चलते इन लग्जरी वाहनों की सघन तलाशी अभियान नहीं चलाया जाता और इसके माध्यम से अधिकारी मोटी मलाई काट रहे हैं।

### तीसरी आंख को रतौंधी, पूरी तरह से लापरवाही बरत रहा स्थानीय प्रशासन

लुधियाना, दिल्ली, के बीच होने वाली कमर्शियल गतिविधियों का माल भी बड़े पैमाने पर बाराबंकी,गोंडा, बलरामपुर, और बहराइच मंगाया जाता है।कुछ माल पैकेट पर लिखकर मंगाने -भेजने से काफी सस्यात्राता पड़ता है।माल का पार्सल खोलकर चेक नहीं किया जाता। छोटे पैकेट के 150 रुपए और कार्टून के 500- 1000 रुपए लगते हैं।पार्सल का बुकिंग काउंटर 24 घंटे खुला रहता है और किसी भी समय बुकिंग करवा सकते हैं, मजे की बात तो यह है कि कमर्शियल लगेज से लदी बसे मैं शहर से होकर प्रतिदिन गुजरती है लेकिन जिम्मेदार आंख बंद करे हुए हैं इसके अलावा शहर में घुसते ही तीसरी आंख की जद में भी आते हैं,लेकिन तीसरी आंख को रतौंधी होने के चक्कर में वह भी इसे देख नहीं पाती।एलबीएस चौराहा, गुरु नानक चौक,मनकापुर बस स्टॉप,आदि चौराहे पर सुबह के समय बड़े पैमाने पर लग्जरी बसों से कमर्शियल सामानो को उतारा जाता है जिसकी और स्थानीय प्रशासन ने पूरी तरह से लापरवाही बरत रखी है।

### चेक पोस्ट नहीं होती है संघन जांच

लुधियाना, दिल्ली का सफर करना है तो गोण्डा ज़िले की सभी तहसीलों में ट्रेवल्स एजेंट और उनके कार्यालय द्वारा टिकट उपलब्ध कराई जाती है। जानकारों की माने तो ऐसे किसी ट्रेवल्स की बसों के संचालन की अनुमति संभाग में नहीं है,बावजूद इसके गोण्डा से यात्रियों को अनेक ट्रेवल्स द्वारा टिकट काटकर दी जाती है,टिकट में स्पष्ट लिखा है कि यात्री अपने सामान की स्वयं रक्षा करें,इससे साफ जाहिर होता है कि जिले मे अवैध बसों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है आये दिन नशीली मादक पदार्थो और प्रतिबंधित पान मसाला गुटखा का जखीरा पकड़ा जाता है, लेकिन कभी इन बसों की लुधियाना, दिल्ली से आने वाली बसों की पंजाब यूपी, दिल्ली यूपी चेकपोस्ट पर जांच पड़ताल नहीं होती कि आखिर इन बसों से आ क्या रहा है, वही सूत्र बता रहे है कि जागरूक लोगों ने कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि यात्री बसों से कमर्शियल सामानो की अवैध ढुलाई पर रोक लगाई जाये और इन बसों की जांच की जाये कि आखिर इन बसों से शहर में क्या लाया जा रहा है।

# हाईवे पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, हड़कंप



गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या- गोरखपुर हाइवे पर शनिवार की सुबह एक चालीस वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक गोरखपुर-अयोध्या फोर-लेन हाइवे पर लोलपुर गांव के पास शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क के किनारे नाली में एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया,लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय भेज दिया गया है।मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# व्यापार मंडल के संरक्षक बने राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी अनुषंगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के कार्य कुशलता से खुश होकर तथा व्यापारियों के प्रति संगठनात्मक रुझान देखकर व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत गुप्ता ने व्यापारियों की बैठक करते हुए व्यापारी नेताओं के बीच प्रस्ताव रखा हमारे राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक जी काफी ऊर्जावान और युवा नेता के रूप में संपूर्ण भारत में श्रमिकों के हितकारी कार्य करते हैं तथा व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल तो हर संभव मदद करते हैं ऐसे ऊर्जावान नेता को हमारा संरक्षक बनाया जाए तो व्यापारियों की रक्षा एवं सहयोग शोषण ना हो सके जिससे हमारे राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक हर संभव मदद करने के लिए सदैव पूरे तन्मयता के साथ मदद करते हैं इस प्रस्ताव को मैं रखता हूं कि श्री सर्वेश पाठक जी को व्यापार मंडल के संरक्षक के रूप में संगठन का सहयोग मिले तो संगठन को मजबूती मिलेगी जिसका सभी व्यापारियों ने एक सुर में समर्थन करते हुए श्री सर्वेश पाठक को संरक्षक के रूप में समर्थन किया और एक दूसरे प्रमुख व्यापारी नेताओं ने सर्वेश पाठक को फोन से बधाई भी दिया प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत गुप्ता, प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पीके शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्ण त्यागी कोषाध्यक्ष हर्ष गुप्ता सहित प्रमुख व्यापारी नेता श्री पाठक के कार्यालय पहुंच कर सम्मानित करते हुए नए पद की बधाई दिया ऐसे मौके पर श्री पाठक ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे संगठन के द्वारा दी गई है मैं व्यापारियों के हित के लिए सरकार एवं प्रशासक के साथ संकलन बनाकर सदैव संगठन के हित के लिए कार्य करूंगा बैठक के समापन की घोषणा करते हुए प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल शर्मा ने कहा जिस प्रकार सर्वेश पाठक जी ने व्यापारियों की बात सुनकर तत्काल ही बिना समय ग्वाए निस्तारण करने का जो तरीका है यह हमारे व्यापारी नेताओं को पसंद आया ऐसे ऊर्जावान तथा युवा हृदय सम्राट के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हम सभी व्यापारी नेता उम्मीद करते हैं कि आप संरक्षक के रूप में हम सभी व्यापारी नेताओं का सदैव सहयोग करेंगे।

## नवागत मंडल आयुक्त ने संभाला देवीपाटन मंडल का कार्यभार



गोंडा, समृद्धि न्यूज। 31 मई 2024 को मंडल आयुक्त देवीपाटन योगेश्वर राम मिश्र की सेवानिवृत्ति के बाद नवनियुक्त आयुक्त, शशि भूषण लाल सुशील ने मुख्यालय पहुंच कर पदभार ग्रहण किया। उत्तर प्रदेश शासन ने दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील को देवीपाटन मंडल का कमिश्नर बनाया है। देवीपाटन मंडल के आयुक्त पद से योगेश्वर राम मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

# सरकार ने पान मसाला व तंबाकू की संयुक्त बिक्री पर लगाई रोक

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

यूपी सरकार ने एक जनहित में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1 जून 2024 से राज्य में एक ही दुकान पर पान मसाला और तंबाकू की संयुक्त बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इस आदेश का उद्देश्य राज्य में तंबाकू और उससे संबंधित उत्पादों के सेवन को नियंत्रित करना और जनस्वास्थ्य को सुधारना है। राज्य सरकार ने इस आदेश को सख्ती से लागू करने का निर्देश जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2013 में उत्तर प्रदेश सरकार ने तंबाकू युक्त पान मसाले के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था। इस प्रतिबंध का मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना और तंबाकू सेवन के खिलाफ सख्त कदम उठाना था। हालांकि कुछ कंपनियों ने इस प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए पान मसाले के साथ तंबाकू के पाउच की बिक्री जारी रखी। इन कंपनियों ने अलग-अलग पाउच में पान मसाला और तंबाकू बेचकर नियमों की अनदेखी की,जिससे यह आवश्यक हो गया कि सरकार इस दिशा में और कठोर कदम उठाए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि तंबाकू और पान मसाले का सेवन कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण है। सरकार के इस फैसले से इन उत्पादों की सहज उपलब्धता में कमी आएगी,जिससे इनसे जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों में भी कमी आएगी। इस प्रतिबंध से विशेषकर युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रखने में मदद मिलेगी,जो अक्सर इन उत्पादों के सेवन की आदत में फंस जाते हैं।

**दुकानदारों और ग्राहकों की प्रतिक्रिया :-** सरकार के इस फैसले पर दुकानदारों और उपभोक्ताओं की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई दुकानदारों का कहना है कि इससे उनकी आमदनी पर असर पड़ेगा, जबकि कुछ का मानना है कि यह जनस्वास्थ्य के लिए एक सकारात्मक कदम है। उपभोक्ता भी इस फैसले को लेकर विभाजित हैं,कुछ लोग इस प्रतिबंध का समर्थन करते हैं जबकि अन्य इसे उनकी स्वतंत्रता पर अंकुश मानते हैं।

### नए प्रतिबंध का उद्देश्य

सरकार का यह नया आदेश उन दुकानों को प्रभावित करता है जो पान मसाला और तंबाकू दोनों को एक ही जगह पर बेच रहे थे। इस प्रतिबंध का उद्देश्य इन उत्पादों की उपलब्धता को कम करना और लोगों को तंबाकू सेवन की लत से छुटकारा दिलाना है। यह प्रतिबंध राज्य के सभी जिलों में लागू होगा और इसका पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन को सख्त निर्देश

### भविष्य की योजना

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन किया जाएगा और इसका उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, सरकार तंबाकू के सेवन के खिलाफ जन जागरूकता अभियान भी चलाने की योजना बना रही है,जिससे लोग इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक हो सकें। बहरहाल उत्तर प्रदेश सरकार का यह निर्णय राज्य में तंबाकू और पान मसाले के सेवन पर नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ना केवल जनस्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों और मृत्युदर में भी कमी आएगी।

# चोरी की चार बाइकों संग दो गिरफ्तार

- वजीरगंज मार्ग पर जांच के दौरान मिली सफलता

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




फखरपुर पुलिस ने वजीरगंज मार्ग पर वाहन जांच के दौरान दो बाइक चोरों को पकड़ा। पूछताछ के बाद उनके पास से चोरी की कुल चार बाइक बरामद की। कैसरगंज के सीओ रूपेंद्र गौड़ की दिखरेख में थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने पुलिस टीम को अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक राज नारायण त्रिपाठी, एसआई शैलेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह और विकास मिश्रा की टीम कुंडासर वजीरगंज मार्ग पर जांच कर रही थी। बाइक पर सवार दो लोग आए। उनके वाहन को रोक कर कागजात की मांग की गई। लेकिन सभी कागजात नहीं दिखा सके। कड़ाई से पूछताछ में सभी ने बाइक चोरी की बात कही।

इस पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो सभी ने बताया कि तीन बाइक चोरी कर सभी ने शाहरुख के घर में रखा है। जिस पर पुलिस ने सभी बाइक बरामद की। जबकि बाइक चोरी के मामले में मोहम्मद हुसैन उर्फ लड्डू पुत्र नौशाद अली निवासी सराय काजी और शाहरुख पुत्र जमील निवासी सराय जागना थाना फखरपुर के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद चोरी की बाईकों को सीज कर दिया गया है।

## नगर पालिका के डंप कूड़े में लगी आग, धुएं से सांस लेना हुआ मुश्किल

बहराइच, समृद्धि न्यूज। शहर से निकलने वाला कूड़ा गुल्लाबीर कालोनी के निकट डंप किया जा रहा है। इस कूड़े के ढेर में शुक्रवार देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके चलते पर्यावरण प्रदूषण को खतरा बढ़ गया है। नगर पालिका परिषद बहराइच की से शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कूड़े का उठान किया जा रहा है। इसके बाद कूड़ा गुल्लाबीर कालोनी और गुल्लबीर मंदिर के निकट डंप किया जा रहा है। इस समय काफी मात्रा में कूड़ा डंप था। कूड़े से उठ रही सड़ांध के चलते मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ वहां रह रहे लोगों को सांस तक लेने में दिक्कत हो रही है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि कूड़ा निस्तारण के लिए एक सुरक्षित स्थान निर्धारित किया जाए। इस मामले में नगर पालिका की ईओ प्रमिता सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी नहीं है। जानकारी कर जांच की जाएगी कि कैसे आग लगी।

# पैर फिसलने से पानी में बह गया किशोर, नहीं लगा सुराग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जंगल से सटे चहलवा गांव निवासी एक किशोर घाघरा नदी के तट पर मवेशियों को घास चरा रहा था। इसी दौरान उसे प्यास लगी तो वह नदी में पानी पीने के लिए गया। पैर फिसलने से वह धारा में बह गया। किशोर की तलाश गोताखोरों की टीम कर रही है।सुजौली थाना क्षेत्र के चहलवा गांव निवासी धीरज यादव (16) पुत्र छुम्मू यादव शनिवार को सुबह 11 बजे घाघरा नदी के किनारे मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान उसको प्यास लगी और नदी किनारे पानी पीने के लिए गया। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और बह गया। उसे बचाने के लिये पास में मवेशी चरा रहे लोगों ने इसकी सूचना गाँव मे दी तो भारी संख्या में गांव के लोग पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने खोजबीन की, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका।इस मौके पर तहसीलदार मोतीपुर अंबिका चौधरी, उपनिरीक्षक सुरेंद्र बौद्ध, ओम प्रकाश यादव, अरविंद यादवलेखपाल रवि कुमार वर्मा अरुण कुमार, कांस्टेबल विपिन यादव,मनीष यादव ग्रामीण प्रदीप चौहान,विनोद कुमार,अखिलेश चौहान, रामचंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कलयुग का सबसे बड़ा यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा : लवकुश



गोंडा, समृद्धि न्यूज। इमलिया गुरदयाल श्री हरि वाटिका मे चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में अयोध्या धाम के प्रख्यात कथा वाचक आचार्य लवकुश शास्त्री जी महाराज के द्वारा उक्त बातें अपने कथा के मध्य कहीं गई और कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में पुण्य सत्य मार्ग पर चलने की शिक्षा श्रीमद् भागवत पुराण देता है साथ ही यह पुराण जन्म सुधारने वाला होता है असत्य व अधर्मी व्यक्ति धार्मिक व सनातनी नहीं हो सकता यह कहते हुए आचार्य लव कुश शास्त्री जी महाराज द्वारा अपनी कथा के प्रसंग में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी निकाली ,जिसे देख दर्शन करने वालों की कतार लग गयी ,सोहर गीत पर लोगों ने खूब लगाए ठुमके जहां बैठे सैकडो श्रद्धालुओं के साथ मंडल इलेक्ट्रिक विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह, भागवत कथा के अनन्य भक्त अनिल जायसवाल, संतोष श्रीवास्तव,अनिल सुनील श्रीवास्तव के साथ ही महिला व पुरुष संगीत मयी कथा को सुनते हुए नाचने झूमने पर मजबूर हो गए।

### रौजा मेला की तैयारियां मुकम्मल

गोंडा, समृद्धि न्यूज। गोंडा-अयोध्या हाईवे पर स्थित रौजा गांव में सैयद सालार रज्जब अली हटीले शाह गाजी की दरगाह पर दो द्विसीय मेला 1 जून से 2 जून तक लगेगा। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दरगाह पर चादर और नामक चढ़ाने से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती है। दरगाह के सज्जादा बाबा खादिम मोहम्मद अमीन शाह गद्दी नशीन के तरफ से आए हुए मेला में सभी श्रद्धालुओं का तहेदिल से इस्तकबाल करते हैं। जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहता है।

# चोरों ने लाखों की संपत्ति उड़ाई, जांच में जुटी पुलिस

- सीसीटीवी फुटेज से चोरों की जा रही है पहचान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



नगर पंचायत मिहीपुरवा निवासी एक व्यक्ति के मकान में डेंटल क्लीनिक की दीवार से चोर घर में घुस गए। इसके बाद चोरों ने 10 लाख से अधिक की संपत्ति चोरी की। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 निवासी रमेश पटवा के घर में शुक्रवार रात को अज्ञात चोर घर के बगल में गणेश डेंटल क्लीनिक की दीवार के सहारे छत पर चढ़ गए।काफी देर तक चोर छत पर बैठकर आहट की जानकारी लेते रहे। इसके बाद लगभग आधा दर्जन की संख्या में चोर छत से नीचे घर में घुस गए। घर में घुसकर चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर घर में रखी गोदरेज अलमारी में रखे जेवरात एवं नगदी लेकर उसी रास्ते से होकर निकल गए। सुबह चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना थाने में दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मोतीपुर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर जांच शुरू की गई है। मालूम हो कि चोरी चौकी के निकट हुई है। इस मामले में थानाध्यक्ष दद्दन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी हुई है। सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## हत्या के दोषी को दस साल की कैद

बहराइच, समृद्धि न्यूज। पत्नी की दहेज हत्या के आरोप में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एफटीसी प्रथम की कोर्ट ने पति को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के सोरहिया गांव निवासी मिट्ठू लाल ने 16 दिसंबर 2018 को थाने पर तहरीर थी। पिता का आरोप था कि विवाह के बाद पति द्वारा अतिरिक्त दान-दहेज में मोटर साइकिल और बेड की मांग की जा रही थी। दहेज न मिलने के चलते राजकुमार द्वारा बेटी की हत्या कर दी गई है। पिता की तहरीर के आधार पर थाने की पुलिस ने पति के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू किया था। विवेचना अधिकारी ने मुकदमें में तीन जनवरी 2019 को आरोपपत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। कोर्ट ने अभियुक्त राजकुमार को दोषसिद्ध करते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 7 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थित में अभियुक्त को सात माह का अतिरिक्त करावास की सजा भुगतनी होगी।

# महज शौक पूरा करने के लिए महिला से लूट लिए 60 हजार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- 5 दिन पूर्व महिला से हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा



मटेरा थाना क्षेत्र में 5 दिन पूर्व महिला से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूट में शामिल दो लोगों को बाइक और लूटी गई नगदी के साथ पकड़ा है। सभी ने अपने शौक पूरी करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था।मटेरा थाना क्षेत्र के एकघरवा गांव निवासी महिला ने पांच दिन पूर्व मटेरा चौराहा स्थित लालपुर शिवपुर बैंक शाखा से 60 हजार रूपये नगदी निकाली थी।

महिला से बाइक सवारों ने नकदी लूट ली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बाइक सवार लुटेरे जमाल पुत्र हसन खान निवासी शंकरपुर और आर्य पुत्र जाहिद अली निवासी ग्राम रामपुर बड़ाई थाना रिसिया ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। सभी ने अपने आर्थिक लाभ और शौक पूरा करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि लूट गए रुपए से 11500 रूपये की एक मोबाइल खरीदा था। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी, एसओजी प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक निरीक्षक बृजभान यादव की टीम ने बहबोलिया मार्ग शंकरपुर से बाइक सवार दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूटे गए 37600 रुपये भी बरामद हुए है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों के विरुद्ध केस पहले ही दर्ज था। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- नियमित और अनियमित माहवारी के फायदे और नुकसान पर की चर्चा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिले के हुजूरपुर, फखरपुर, तेजवापुर और रिसिया ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग और एनआरएलएम के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर महिलाओं और किशोरियों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम आयोजन में बीसीपीएम, बीपीएम, स्टाफ नर्स, सीएचओ, आशा, एएनएम और एसएचजी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो शालिनी कुमारी, लोचन देवाड़े, आयुषी सिंह और नितीश कुमार ने जागरूकता सत्रों का संचालन किया एवं डीपीएल यूसुफ ने महावारी स्वच्छता के महत्व और स्वंय के अनुभव साझा किए।

गाँधी फेलो आयुषी और शालिनी कुमारी द्वारा माहवारी को चिकित्सीय दृष्टिकोण से समझाते हुए मिथकों से दूर रहने, माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। एवं नियमित और अनियमित माहवारी के फायदे और नुकसान पर भी चर्चा कर की। डीपीएल यूसुफ ने माहवारी के दौरान महिलाओं के जीवन में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और अनुभवों को साझा करते हुए सत्र का समापन किया।

नितीश और लोचन ने शिक्षा के महत्व और माहवारी के दौरान संतुलित आहार की आवश्यकता पर जोर दिया। बीसीपीएम ने भी उपयोगी सुझाव दिए।कार्यक्रम का समापन महिलाओं और किशोरियों के समक्ष स्वस्थ जीवन शैली की दिनचर्या पर चर्चा के साथ हुआ। यह आयोजन स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करने में सार्थक रहा।

# कोई शेरवानी तो कोई साफा लेकर पहुंचा गाजी की दरगाह

- आज आयेगी बारात
- 350 से अधिक बराती आने की है संभावना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



दरगाह में स्थित सैयद सालार मसूद गाजी का उर्स इस समय चल रहा है। मेला एक माह तक चलेगा। दरगाह मेले की पहली चौथी रविवार को होगी। इसके लिए दूर दराज के बराती शामिल होने के लिए आ रहे हैं। कोई साफा तो कोई शेरवानी गाजी सरकार को भेंट कर रहा है।दरगाह जेठ मेला अपने शबाब पर पहुंचने लगा है। दरगाह मेले में दूर दराज से आने वाले जायरीन या गाजी दुआ करो, रहम करो समेत अन्य नारों से गुंजायमान है। दरगाह मेले में जहां सर्कस और झूला लोगों के मनोरंजन का केंद्र बने हुए हैं। वहीं हजारों की संख्या में जायरीन का आना जाना लगा है। तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच भी जायरीन की आमद कम नहीं हो रही है। बल्कि इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। दरगाह मेले में लकड़ी, कांच, कालीन और मिट्टी के बने सामान लोगों के बीच आकर्षण बने हुए हैं। दरगाह प्रबंध समिति अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट ने बताया कि मेला पूरी तरह से जायरीन से गुलजार है। मेले में 24 घंटे लोगों का आवागमन है। सुरक्षा के लिए जगह जगह पुलिस लगी हुई है। वहीं प्रबंध समिति के सदस्य भी नजर रख रहे हैं। शाम को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश ने मेले का उद्घाटन किया। इनमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति फ़ैज़ आलम एवं न्यायमूर्ति शमीम अहमद शामिल रहे। मेले में उद्घाटन को लेकर काफी भीड़ रही।

### बिना दूल्हा के आएगी बारात

दरगाह के मेले में देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा नेपाल के बराती आयेंगे। दरगाह प्रबंध समिति सदस्य बच्चे भारती ने बताया कि 350 से अधिक बराती आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दरगाह में बिना दूल्हा के सभी बराती आएंगे।

### साफा और शेरवानी की भेंट

दरगाह के जेठ मेले में प्रयागराज से एक परिवार मेले में शामिल होने के लिए आया। जेठ मेले में आए परिवार ने प्रयागराज से आय परिवार ने ग़ाज़ी मियां की बारात के अवसर पर साफा, शेरवानी,कुर्ता, पैजामा, नागरा पेश किया।

# अब नहीं सुनाई देता सई का शोर, दूषित हो चुका जल

▸ काली पड़ गई जलधारा, सई की सफाई की ओर वर्षों से सरकार का नहीं पहुंचा ध्यान



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सैकड़ो वर्षों से बछरावां क्षेत्र में 25 किलोमीटर की सीमा से सई नदी गुजरती हैद्य यह सई नदी कभी बछरावां क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्तर को बढ़ाने में मदद करती थी। जिस कारण जलस्तर जमीन से सिर्फ 7 से 10 फीट के दूरी पर रहता था, लेकिन समय जैसे-जैसे बदलता गया, वैसे-वैसे इस सई नदी का जल स्तर कम होता गया। और जल स्तर सई नदी के निकट वाले क्षेत्र में 25 से 30 फिट पर जमीन के नीचे जल स्तर पहुंच गया। और यही वजह रही की नदी का पानी दूषित हो गयाद्य पांडव काल से इस सई नदी में पहुंचने वाले सुदौली गांव में स्थित भवरेश्वर मंदिर के श्रद्धालु स्नान कर नदी से जल लेकर भवरेश्वर मंदिर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते थे।

लोगों की मान्यताएं भी पूर्ण होती थी। परंतु समय बदलते ही इस साइन नदी में लोग स्नान करने से दूरियां बना रहे हैं। क्योंकि पांडव काल में इस सई नदी में निर्मल पानी बहता था। परंतु मौजूदा समय में सई नदी में जलकुंभी ने अपने आवेश में जलस्तर को ले लिया जिससे इस नदी में लोगों ने जाने से दूरियां बना लिया और तो और यह सई नदी सुदौली, कुर्री, नीवां, मदाखेड़ा, देजुवा खेड़ा सहित 20 ग्राम पंचायतों से बछरावां क्षेत्र से गुजरती है इन ग्राम पंचायतों छोटी-छोटी नहरों से पानी आता है। जनपद के आखिरी छोर पर इन गांव मे जब नहरे पहुंचती है तो पर्याप्त पानी होने के बाद इन ग्राम पंचायत में गांव के किनारे खुदे हुए तालाबों में पानी इकट्ठा होता है और इन्हीं तालाबों में गांव की नालियों का भी पानी इकट्ठा होता है तालाबों से धीरे-धीरे इन नहरो के रास्ते यह नदी तक पानी पहुंचता है जिससे सई नदी का जल दूषित होता चला गया।

कुर्री गांव निवासी मूलचंद बताते हैं कि वह आज के 15 वर्षों पहले सई नदी किनारे हरी सब्जी उगाते थे, उसी सब्जी को बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थेद्य सई नदी से सब्जी की खेती की सिंचाई करते थे परंतु सई नदी में पानी न होने से सब्जी की किसी का काम छोड़ चुके हैं। दैजुवा खेड़ा निवासी शिवसागर बताते हैं कि नदी किनारे उनकी खेती है वह अपनी खेती में लगी हुई फसल का आज के 20 वर्षों पहले नदी से सिंचाई कर लेते थे परंतु धीरे-धीरे हर वर्ष नदी की पानी का जलस्तर कम होता चला गया जिसके कारण आज नदी के पानी के सहारे कोई भी फसल उगाई नहीं जा सकती।

अघौरा निवासी रामलाल बताते हैं कि वह अपने परिवार के साथ आज के 20 वर्षों पहले नदी किनारे छप्पर रखकर रहते थे, नदी के तट पर हरी सब्जियां उगाते थे। जिससे उनके परिवार का पालन पोषण किया करते थे। और नदी का पानी ही पीते थे मगर समय बदलते हैं लोगों के जो मवेशी मर जाते हैं उनको भी इसी नदी में डाल देते हैं काई ,जलकुंभी पूरे नदी में फैल चुकी है जिससे अब अब नदी किनारे रहकर खेती करना मुश्किल हो गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

▸ राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण : अनुपम शौर्य

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में दिनांक 13 जुलाई 2024 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से सम्बन्धित मामले, राजस्व से संबंधित मामले, विद्युत से संबंधित मामले, जल से संबंधित मामले, सर्विस में वेतन एवं भत्ते से सम्बन्धित, श्रम से सम्बन्धित, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित, पारिवारिक मामले एवं अन्य छोटे-मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है तथा मामला अन्तिम रूप से निस्तारित हो जाता है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करावे। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के छजलापुर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### युवक गर्मी में गश खाकर गिरा, मौत



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर नगर निवासी एक युवक शनिवार दोपहर पैदल जा रहा था तभी गर्मी में वह गश खाकर गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया है। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। गायत्री नगर निवासी विमल किशोर शनिवार दोपहर राजधानी मार्ग होते हुए जा रहा था तभी आदर्श नगर गली के सामने गर्मी में वह गश खाकर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर आसपास के लोगों की भिड़े एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उन्नाव जिला अस्पताल भेजा है। वही मौत की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ने बताया कि उनके पति फैक्ट्री से काम करके वापस लौट रहे थे रास्ते में अचानक गिर गए और उनकी मौत हो गई उन्नाव में गर्मी का प्रकोप पिछले एक सप्ताह से लगातार जारी है सुबह 8 बजे से ही भयंकर गर्मी शुरू हो जाती है और दोपहर 12 बजे गर्मी चरम पर होती है। तापमान बीते दिनों 46 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। शनिवार को 43-44 के बीच तापमान रहा है लेकिन इस गर्मी में किसी को भी राहत होने के आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। अचलगंज सीएचसी प्रभारी डॉक्टर आशुतोष वार्ष्णेय ने बताया कि गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है ऐसे में घर से बाहर निकलना आसान नहीं है। बहुत जरूरी काम हो तभी बाहर निकले। प्रयास करें कि फुल कपड़े पहने और दिन में 8 से 10 लीटर पानी पिए। बुखार जुखाम डायरिया जैसे संकेत हो तो स्थानीय डॉक्टर से को दिखाकर ही दवा ले।

### युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जनपद में शुक्रवार की रात युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पत्नी के चिल्लाने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे सीओ मामले की जानकारी ली। सीओ सोमेंद्र विश्वास ने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। सभी बिंदुओं पर बारीकी से छानबीन के बाद ही मात का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना मौरावां थाना क्षेत्र के दृगपालगंज की है। मजरा असरेंदा गांव के रहने वाले बिंदा प्रसाद का बेटा बेचालाल (33) पुताई का काम करता था। बाराबंकी में मंदिर में पुताई कर रहा था। शुक्रवार दोपहर घर आया था। बेचालाल की पत्नी रेखा अपने मायके लाऊ गांव में थी। बेचा लाल उसे लेकर शाम को घर आया था। देर रात छत पर सोते हुए धारदार हथियार से बेचालाल की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पत्नी रेखा रोने चिल्लाने लगी। तभी घर से कुछ दूरी पर झोपड़ी डाल कर रह रहे पिता बिंदा प्रसाद व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोग मौके का नजारा देखकर दंग रह गए। हत्या की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और घटना को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं होती रही। एसपी के निर्देश पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक की टीम घटना स्थल पर पहुंची और तमाम तरह की साक्ष्य एकत्र की सीओ पुरवा सोमेन्द्र विश्वास और इंस्पेक्टर चंद्रकांत मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर रहे हैं।

### ऑटो चालक की हत्या करने वाले तीन गिरफ्तार



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जिले के गदनखेड़ा बाईपास पर पांच दिन पहले ऑटो चालक की हुई पीटकर हत्या की घटना में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसओजी की मदद से पुलिस ने यह सफलता हासिल की। सदर कोतवाली के जवाहरखेड़ा निवासी ई ऑटो चालक सियाराम पाल (22) का 28 मई की रात गदनखेड़ा बाईपास पर एक शराब ठेके के पास अज्ञात लोगों से विवाद हो गया था। विवाद के बाद युवकों ने उसे पीट दिया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। मृतक के पिता रामनरेश ने 29 मई को अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी और सर्विलांस को घटना के खुलासे के लिए लगाया था। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी से अभियुक्तों की शिनाख्त की तो उसमें शहर के केवटा तालाब निवासी प्रभात सविता, आदर्श नगर मोहल्ले के आलोक रावत और उसी मोहल्ले के आकाश राठौर के नाम सामने आए। एसओजी की मदद से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 27 मई को रामलीला मैदान के पास सियाराम के सवारियां बिठाने और रुपए लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। उसी मामले में 28 मई को सियाराम और प्रभात सविता को सुलह के लिए गदनखेडा चौराहा स्थित मोटर मार्केट बुलाया गया था। प्रभात और सियाराम पाल के बीच में सुलह की बात हो रही थी तभी दोनों पक्षों में फिर गाली गलौज शुरू हो गई। हम सभी ने सियाराम को बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। बाद में वहां से भाग गए। कुछ देर बाद पता चला कि उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में अपराध निरीक्षक राजेश यादव, एसओजी प्रभारी शरद कुमार, सर्विलांस सेल से राधेश्याम सहित अन्य स्टॉफशामिल रहा।

## अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकराया बाइक सवार, मौके पर मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदाखेड़ा-राजामऊ मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास अंधा मोड़ होने के चलते अपने बहनोई के यहां उधारी का पैसा चुकाने जा रहा एक बाइक सवार अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गईद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि गुरु प्रसाद यादव पुत्र सत्यनारायण यादव उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी ग्राम रामबक्श खेड़ा मजरे हिलौली थाना मौरावा जनपद उन्नाव अपने बहनोई कृष्णपाल निवासी ग्राम मुसाही खेड़ा मजरे इचौली थाना बछरावा के यहां उधारी का पैसा चुकाने जा रहे थे, अचानक सड़क पर अंधा मोड़ होने के चलते वह एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गए, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गईद्य सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दियाद्य मौके पर पहुंची डायल 112 में गुरु प्रसाद यादव की जेब से निकले रुपये 50000 अपनी सुपुर्दगी में जमा कर लिए हैद्य पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम किया भेज दिया गया है।

## महिला ने डॉक्टर पर लगाया बच्ची का इलाज न करने का आरोप

वीडियो वायरल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर से बेहतर प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन वही धरती के भगवान का दर्जा पाने वाले चिकित्सा मरीज का इलाज करने में कोताही बरत रहे हैं चिकित्सा इतने निर्दय होते जा रहे हैं कि ना तो उन्हें मरीजों का दर्द दिखाई पड़ता है और ना ही उनमें मानवता की झलक दिखाई पड़ती है ऐसी स्थिति में मरीज का क्या हाल होता होगा इसे सहज ही समझा जा सकता है स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लगातार हो रही शिकायतों के बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सभी चिकित्सकों को सख्त हिदायत दी है लेकिन उसके बाद भी चिकित्सक अपनी मनमर्जी से बाज नहीं आ रहे हैं ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ का है जहां पर डलमऊ कस्बा स्थित आइटीबीपी कैंप की रहने वाली एक महिला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में तैनात चिकित्सकों पर घायल बेटी का इलाज न करने का आरोप लगाया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में दोपहर करीब 12:00 बजे आइटीबीपी कैंप



की रहने वाली एक महिला अपनी घायल बेटी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंची जहां पर उसकी घायल बेटी का इलाज वहां पर तैनात चिकित्सकों द्वारा इलाज न करने पर महिला का पारा हाई हो गया अपनी मासूम घायल बच्ची का इलाज न होने पर चिल्ला चिल्ला कर कह रही है कि यदि उसकी बच्ची को कुछ हो गया तो अच्छा नहीं होगा वहां पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार आइटीबीपी कैंप की रहने वाली एक महिला की लगभग तीन से चार वर्षीय बेटी खेलते समय गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसका इलाज कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंची जहां पर तैनात चिकित्सकों ने घायल बच्ची का इलाज नहीं किया जिस पर महिला का पारा हाई हो गया वहां पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## सर्प दंश से महिला की मौत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सुबंश खेड़ा मजरे इचौली गांव की रहने वाली गुलाबा देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी राममूर्ति शनिवार की सुबह खेत पर पुआल लेने गई थीद्य जैसे ही वह पुआल निकाल रही थी, तभी वहां पर बैठे जहरीले सर्प ने उन्हे डंस लियाद्य सर्पदंश से वह जोर से चिल्लाई। घर आकर उसने पूरी बात परिजनों को बताई, और तब तक उसकी हालत बिगड़ने लगी, परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचेद्य वहां पर मौजूद चिकित्सक ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।रास्ते में गुलाबा देवी की मौत हो गई। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया है।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ मनाया गया शहीद मर्द बाबा का सालाना उर्स

**सतांव,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोंसा ग्राम पंचायत के अंतर्गत अमवन में हर साल की तरह इस साल भी लगने वाले शहीद मर्द बाबा के मेले में कड़ी सुरक्षा के साथ व्यापक इंतजाम किए गए। जिसमें अमवन गांव में शुक्रवार को जायरीनों की भीड़ सुबह से ही जुटना प्रारंभ हो गई थी।इस मेले को आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है जिसमें मुस्लिम और हिंदू दोनों संप्रदाय के लोग शामिल होते हैं।शहीद मर्द बाबा की याद में ग्राम अमवन में जलसे और उर्स का आयोजन किया जाता है।इस मेले में दूर दराज से आए हिंदू मुस्लिम सभी ने शहीद मर्द बाबा से दिली तमन्ना पूरी करने की मांग दोनों हाथों को उठाकर की।मेले में साफ सफाई एवं स्वच्छ जल की व्यवस्था अमवन उर्स कमेटी के द्वारा कराई गई।कव्वाली के एक दिन पहले जलसे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी दूर दराज से आए हाफिज,मौलानाओं ने तकरीर और



नाते मनकबत से सभी को खुश कर दिया,जलसे के दूसरे दिन शानदार जवाबी कव्वाली का आयोजन ताहिर चिश्ती शेरगढ़ बरेली और आलिया इंडियन सुंदर नगरी दिल्ली के मध्य रात दस बजे से सवाल जवाब शुरू हुआ जो सुबह करीब पांच बजे तक चलता रहा जिसमें दूर दराज से आए सभी मेहमानों ने कव्वाली और लगे मेले का खूब आनंद उठाया शेरगढ़ बरेली की सरजमीं से चलकर आए ताहिर चिश्ती की जायरीनों ने जमकर प्रशंसा की और कहा ऐसे कार्यक्रमों में ताहिर चिश्ती जैसा ही कव्वाल होना क्षेत्र में इस्लाम को आगे बढ़ाने और इस्लाम के प्रति मोहब्बत का पैगाम देगा।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान तिलक सिंह, वर्तमान प्रधान गिरिजा शंकर लोधी, मुन्नू बाजपेई,अशोक बाजपेई, विनोदी त्रिवेदी,डॉक्टर राजेंद्र, कव्वाली में उद घोसक गगन मिश्रा, सनेही दीक्षित, शशि त्रिवेदी, मनीष पाण्डे, मोहम्मद जाफर उर्फ कल्लू, अमवन कमेटी एवं भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहें।

## धरा को करें हरा भरा : राजेंद्र सिंह

▸ पावर ग्रिड की टीम के साथ ग्राम प्रधान ने किया प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण और बांटे कूड़ेदान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

धरती को हरा भरा करना हम सब की जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी से अगर हम बचते रहेंगे तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या देकर जाएंगे 55 डिग्री गर्मी या फिर हरे भरे वृक्ष। बढ़ती हुई गर्मी से जहां आज आम जनमानस परेशान है तो वहीं जीव जंतु भी गर्मी की प्रकोप से बचें नहीं है। हम सभी को चाहिए अधिक से अधिक धरती पर वृक्षों को लगाए जिससे कि आने वाले समय में पारा नीचे रहे और लोगों को गर्मी से निजात मिलती रहे यह उद्गार आज दुसौती प्राथमिक विद्यालय मे स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अवसर पर पावर ग्रिड की टीम के साथ वृक्षारोपण कर रहे ग्राम प्रधान दुसौती




राजेंद्र सिंह व्यक्त कर रहे थे । दुसौती ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के उपलक्ष्य में ग्राम सभा एवं स्कूल में वृक्षारोपण किया गया और कूड़ा दान का वितरण किया गया। इस मौके पर पावर ग्रिड 220 / 132 केवी उपकेंद्र रायबरेली के अधिकारी अभय कुमार शुक्ला उप महाप्रबंधक डीपी सिंह मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार वर्मा अभियंता आशुतोष कुमार गुप्ता कनिष्ठ अभियंता निहारिका भटनागर मनीष कुमार भूपेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में एचडीएफसी बैंक के सेल्स मैनेजर की मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के महाराजगंज रोड पर विजय बहादुर के मकान पर किराए पर रहने वाले एचडीएफसी बैंक बछरावां के सेल्स मैनेजर यश श्रीवास्तव उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र दिनेश श्रीवास्तव निवासी कानपुर नगर की शनिवार सुबह उनके वर्तमान निवास पर ही मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई शिवेंद्र ने बताया कि उनका भाई एचडीएफसी बैंक बछरावां में सेल्स मैनेजर है। ऐसी आशंका जताई जा रही है, की फील्ड में घूमते समय हीट वेव के प्रभाव से तबीयत बिगड़ गई होगी। जिससे उसकी मौत हो गई है। शुक्रवार रात फोन करके उसने बताया था, की तबीयत खराब है। परिजनों के साथ ही स्टाफ को भी तबीयत खराब होने की सूचना दी थी। पर सुबह उसकी मौत हो गई है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## ग्राम पंचायत अधिकारी ने पेश की मिसाल, जन्मदिवस पर बांटा शरबत

▸ ब्लॉक गेट पर हजारों लोगों को पिलाया शरबत, गर्मी में लोगों को मिली निजात

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चिलचिलाती हुई धूप में अगर एक गिलास पानी मिल जाए तो आत्मा तृप्त हो जाती है।वही आज अपने जन्म दिवस पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने एक मिसाल कायम करते हुए ब्लाक परिसर के गेट पर



गर्मी से निजात कैसे मिले और लोगों को गर्मी में अगर पानी मिल जाए तो उनके लिए वह किसी औषधि से काम नहीं है। ग्राम पंचायत अधिकारी वैभव मिश्रा ने आज ब्लॉक परिसर के गेट पर शरबत वितरण कार्यक्रम रखा वैभव मिश्रा का आज जन्म दिवस भी है अपने जन्म दिवस के अवसर पर उन्होंने आने-जाने वालों राहगीरो के लिए शरबत की व्यवस्था की वही ब्लॉक परिसर में भी जो व्यक्ति जाता था उसको भी शरबत मिलता था वैभव मिश्रा की नेक पहल से लोगों ने उनकी जमकर सराहना भी की जन्म दिवस पर केक काटना पार्टी करने से अच्छा है कि इस तरह के कार्य किए जाएं जिससे कि जहां लोगों को गर्मी में शरबत पीने से गर्मी में राहत महसूस हो रही है तो वही इस तरह के कार्यक्रम की वजह से गरीब मजदूर और असहाय व्यक्तियों के लिए किसी अमृत से कम नहीं है और उन्हें भी गर्मी में गला तर करने का मौका मिल जाता है।

### हृदय गति रुकने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत से परिवार पर टूटा गमों का पहाड़ । ज्योना गांव निवासी अशोक प्रताप सिंह के पुत्र रावेद्र सिंह की मौत से परिजनों सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। परिजनों ने बताया कि रावेद्र सिंह ट्रक ड्राइवर थे और ट्रक से सामान इधर-उधर करने का कार्य किया करते थे कल रात करीब 11 12 के बीच रावेन्द्र सिंह को हार्ट अटैक आया वही रावेन्द्र सिंह की हृदय गति रुकने से मऊ जनपद में ही मौत हो गई रावेन्द्र सिंह 40 वर्ष के थे और अपने पीछे एक पुत्री 5 वर्ष को छोड़कर चले गए अशोक प्रताप सिंह के तीन पुत्रों में सबसे बड़े थे।

## जमीन विवाद सुलझाने पहुंचे पुलिस कर्मियों से अभद्रता, वीडियो वायरल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मिल एरिया थाना क्षेत्र के महमूदपुर मजरे सिधौना में दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर 112 पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोगों ने पुलिस से ही हाथापाई शुरू कर दी, जिसका पूरा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा। मिल एरिया थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव के रहने वाले शिव प्रसाद यादव ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि हमारा पूर्वजों की जमीन



का विवाद है, जिसको लेकर मौजूदा जिला पंचायत सदस्य अपने पद का गुमान दिखाते हुए कब्जाना चाहते है। शनिवार को उस जमीन पर कब्जा करने गए अमावां तृतीय से समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य कब्जा कर रहे थे। तभी हम लोगों ने इसका विरोध किया तो मारपीट करने लगे। इसकी सूचना डायल 112 को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस मोर्चा संभाल रही थी। तभी पुलिस से भी बदसलूकी करने लगे। मिल एरिया थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया पुलिस से धक्का-मुक्की बात सामने नही आई है वीडियो बनाने को मना किया गया था। बाकी तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### आसमान से बरसी आग, गर्मी से बेहाल हुए लोग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** इन दिनों सुबह से ही आसमान से आग बरस रही है, जिस कारण आने-जाने वाले लोग बेहाल हो गए। वहीं दोपहर के समय लू के थेपेड़ों के कारण मुख्य मार्गों और चौराहे पर सन्नाटा देखने को मिला। गर्म हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया। सुबह सूरज निकलने के बाद ही लोगों को प्रचंड गर्मी का अहसास हो गया। दिन में करीब दस बजे के बाद आसमान से चटकी धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरना शुरू हो गया। राहगीर धूप से बचने के लिए छाता, टोपी लगा कर जाते दिखे। दोपहर के बाद गर्मी का असर और भी तेज हो गया। प्रचंड गर्मी से लोगों को खासी बेचौनी का सामना करना पड़ा, जो राहत के लिए शीतल पदार्थ का सेवन करने से नहीं चूके। लू के थपेड़ों की जलन लोगों को सताती रही।

## पाकिस्तान जेल में बन्द सूरज जल्द लौटेगा उन्नाव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर स्थित सुल्तानखेड़ा गांव के रहने वाले सूरजपाल तीन साल पहले भारत की सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गया। महीनों तक तलाश कर रहे परिजनों को पता चला कि सूरज पाल पाकिस्तान जेल में बंद है। तब पाकिस्तान दूतावास ने भारतीय एम्बेसी को सूरजपाल के जेल में बंद होने की जानकारी दी थी। तब परिजन उसके घर लौटने का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे थे।

मीडिया के जरिए जब परिजन को सूरजपाल की रिहाई की खबर मिली तो उनके चेहरे खिल उठे। पत्नी सुरजा देवी का कहना है कि उन्हें पता था कि सूरजपाल जीवित हैं। वह जल्द घर लौट कर आएंगे। अभी उन्हें आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। चचेरे भाई रमेश के मुताबिक उसका मोबाइल नंबर अधिकारियों के पास है। अभी तक सूरजपाल की रिहाई की सूचना अधिकृत तौर पर नहीं मिली है। यदि सूरजपाल की रिहाई हुई है तो यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। हम लोग चाहते हैं कि वह जल्द अपने घर लौट आए। हम सभी उसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीती बातों को याद करते हुए रमेश बताते हैं कि सूरजपाल घर से अक्सर कई कई माह तक गायब रहता था। सूरजपाल के पिता स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करते थे। बेटे की मानसिक स्थिति की चिंता में उनकी मौत हो गई थी। इकलौते बेटे के अचानक लापता होने से वृद्ध प्रेमा भी गुमसुम रहने लगी थी।

पत्नी सुरजा देवी ने बताया कि तीन साल पहले पति कहीं चले गए थे। कुछ दिन तक परिजनों ने गौर नहीं किया। जब वह बहुत दिन तक नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू हुई। कुछ दिन पहले जानकारी मिली थी कि सूरज पाल पाकिस्तान की लाहौर जेल में बंद है। बीएसएफकी ओर से परिजनों से संपर्क करके सूरजपाल की शीघ्र रिहाई का भरोसा दिलाया गया था। अब मीडिया से पता चला है कि मेरे पति सूरज पाल की रिहा हो चुकी हैं। उसके लिए इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है।

## हादसों की हद

एक बार फिर वीरवार को जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिर गई। इसमें बाईस लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए। डेढ़ सौ फुट गहरी खाई में बस गिरने से राहत-बचाव कार्य में बाधा आई। इतनी गहराई में बस गिरने से यात्रियों के पीड़ा व कष्ट का अहसास किया जा सकता है। ऐसे छोटे-बड़े हादसों में निर्दोष लोगों की मौत की खबरें रोज अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस से आ रही बस तेज गति के चलते एक कार को बचाने के प्रयास में एक तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कतिपय सूचना माध्यमों में चालक को नींद आने की बात भी कही गई। निस्संदेह, ऐसी बड़ी दुर्घटनाओं के मूल में मानवीय लापरवाही ही होती है। यह विचारणीय तथ्य है कि मैदानी इलाकों से जटिल पर्वतीय मार्गों पर बस ले जाने वाले चालकों को क्या पहाड़ी रास्तों पर बस चलाने का पर्याप्त अनुभव होता है? जो तीखे मोड़ पर वाहन को नियंत्रित कर सकें। दरअसल, जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के चलते पहाड़ी इलाकों में होने वाली दुर्घटनाओं में मानवीय क्षति ज्यादा होती है। वजह साफ है कि गहरी खाई बचने के मौके कम ही देती हैं। यह विडंबना है कि बड़े हादसों के बाद शासन-प्रशासन की तरफसे मुआवजे व संवेदना का सिलसिला तो चलता है लेकिन हादसों के कारणों की तह तक नहीं जाया जाता। यदि हादसों के कारणों की वास्तविक वजह सार्वजनिक विमर्श में आए तो उससे सबक लेकर सैकड़ों लोगों की जान बचायी जा सकती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत हो जाती है। वहीं करीब साढ़े चार लाख लोग इन दुर्घटनाओं में घायल हो जाते हैं। इनमें कई लोग तो जीवन भर के लिये विकलांगता का शिकार हो जाते हैं। भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा पूरी दुनिया में तीसरे नंबर पर है। लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में नीति-नियंताओं की तरफ से बेमौत मरते लोगों का जीवन बचाने की ईमानदार पहल नहीं होती। हाल के वर्षों में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार हुआ। सड़कें चौड़ी और सुविधाजनक हुई। लेकिन रफ्तार का बढ़ना जानलेवा साबित हो रहा है। कहींदृकहीं सड़क निर्माण तकनीकी में चूक भी हादसों की वजह बनने की खबरें आई हैं। वहीं बड़ी संख्या में हादसों की वजह अनियंत्रित रफ्तार, यातायात नियमों का उल्लंघन तथा शराब पीकर वाहन चलाना रहा है। यदि दुर्घटनाओं के कारणों में विस्तार से जाएं तो वाहन चलाने के अनुभव के बिना ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करना व ट्रक चालकों की आंखों की नियमित जांच न होना भी सामने आता है। दरअसल, वाहनों की फिटनेस, सार्वजनिक वाहन चालकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच तथा निर्धारित समय तक ही वाहन चलाने की अवधि भी तय की जानी चाहिए।

# अमेरिका के इतिहास में पहली बार पूर्व राष्ट्रपति अपराधिक मामलों में दोषी करार



**अमेरिका के कई राष्ट्रपति कई आरोपों से घिरे रहे लेकिन अभी तक अमेरिका का इन राष्ट्रपतियों पर दोष सिद्ध नहीं हो पाया। लेकिन पोर्न स्टार वाले मामले में अब ऐसा हो चुका है। न्यूयॉर्क कोर्ट की ज्यूरी ने पोर्न स्टार को चुप कराने के लिए किए गए भुगतान को छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के सभी 34 मामलों में दोषी पायाहै उनको फिलहाल बिना जमानत के रिहा किया गया है। ये केस अब अमेरिका का ऐसा पहला मामला बन गया है जिसमें अपराधी कोई और नहीं बल्कि अमेरिका समेत पूरी दुनियां का सबसे ताकतवर पद पर रहा शख्स यानी अमेरिका का पूर्व राष्ट्रपति है।(1) उनपर बिजनेस रिकॉर्ड में हेरफेर का आरोप लगा है। गलत बिजनेस रिकॉर्ड दिखाने के मामले में 34 चार्ज लगाए गए हैं। ये सभी चार्ज 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार डॉलर करीब 1 करोड़ 70 लाख की राशि दी गई है।**

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में जहां लोकतंत्र के सबसे बड़े देश भारत में 19 मई से 1 जून 2024 तक दुनियां का सबसे बड़ा चुनावी महापर्व चला, वहीं लोकतंत्र के सबसे पुराने देश अमेरिका के इतिहास में पहली बार दिनांक 31मई 2024 को किसी पूर्व राष्ट्रपति को 34 मामलों में दोषी पाया गया,तो वहीं दूसरी तरफ हांगकांग में भी वहां की संसदद्वारा बनाए गए नए कानून के तहत लोकतंत्र के समर्थक 14 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, परंतु भारत में मंगलवार दिनांक 4 जून 2024 को लोकतंत्रके हीरो यानें संसद कौन बनते हैं, किसकी सरकार बनती है यह निश्चित हो जाएगा। जबकि अमेरिका में आगामी 5 नवंबर 2024 को राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं,जिसमें अनेकों उम्मीदवारों के नाम थे लेकिन अब मुख्य मुकाबले की दौड़ में दो व्यक्तियों के होने का अनुमान है परंतु 31 मई 2024 को आई खबर ने पूरे विश्व की नज़रें अमेरिका की ओर घुमा दी है क्योंकि राष्ट्रपति पद के प्रबल उम्मीदवार पर न्यूयॉर्क कोर्ट ने 34 आरोपों में दोषी करार दिया गया है, जिसपर 11 जुलाई 2024 को सजा का ऐलान किया जाएगा, जो 4 वर्ष तक कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। परंतु सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि अमेरिकी संविधान में कोई भी किसी भी आरोप का दोषी चुनाव लड़ सकता है जो जेल में ही क्यों ना हो,जीत सकता है, सरकार भी बन सकता है और जेल से सरकार भी चला सकता है, जो उसके पावर से बाहर रहकर उपराष्ट्रपति वह अन्य पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर चला सकते हैं। परंतु इससे अमेरिका में संवैधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न होने का अंदेशा जताया जा रहा है, जो चिंतनीय है। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति ने इसका विरोध ऊपरी कोर्ट में अपील करने की बात कही है, वही फैसला देने वाले जजों पर भी उंगली उठा दी है। बता दें कि राष्ट्रपति का नॉमिनेशन फॉर्म 5 जुलाई 2024 को भरा जा सकता है, जबकि सजा का ऐलान 11 जुलाई को होगा। चूंकि अमेरिका के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति को अपराधों में दोषी साबित किया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप 34 मामलों में दोषी क़रार, सजा का ऐलान 11 जुलाई 2024 को होगा।

साथियों बात अगर हम अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को दिनांक 31 मई 2024 को न्यूयॉर्क की कोर्ट द्वारा दोषी करार देने की करें तो,अमेरिका के लिए 31 मई 2024 की तारीख इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई है लेकिन ये पन्ना अमेरिका के काले सच को बयां कर रहा है। क्योंकि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को पोर्न स्टार केस में दोषी करार दिया गया है। 11 जुलाई को न्यूयॉर्क कोर्ट उन्हें इस मामले में अब सजा सुनाएगा। वे किसी मामले में दोषी पाए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपती भी बन गए हैं। हालांकि अमेरिका के कई राष्ट्रपति कई आरोपों से घिरे रहे लेकिन अभी तक अमेरिका का इन राष्ट्रपतियों पर दोष सिद्ध नहीं हो पाया। लेकिन पोर्न स्टार वाले मामले में अब ऐसा हो चुका है। न्यूयॉर्क कोर्ट की ज्यूरी ने पोर्न स्टार को चुप कराने के लिए किए गए भुगतान को छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के सभी 34 मामलों में दोषी पायाहै उनको फिलहाल बिना जमानत के रिहा किया गया है। ये केस अब अमेरिका का ऐसा पहला मामला बन गया है जिसमें अपराधी कोई और नहीं बल्कि अमेरिका समेत पूरी दुनियां का सबसे ताकतवर पद पर रहा शख्स यानी अमेरिका का पूर्व राष्ट्रपति है।(1) उनपर बिजनेस रिकॉर्ड में हेरफेर का आरोप लगा है। गलत बिजनेस रिकॉर्ड दिखाने के मामले में 34 चार्ज लगाए गए हैं। ये सभी चार्ज 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार डॉलर करीब 1 करोड़ 70 लाख की राशि दी गई है।(2) उनपर लगाए गए 11 आरोप चेक साइन करने से जुड़े हैं। वहीं 11 मामले ट्रंप के पूर्व निजी वकील की लीगल कंपनी में जमा किए गए गलत इनवॉइस के हैं।(3)- इसके अलावा 12 मामले उनके रिकॉर्ड्स में गलत जानकारी को लेकर लगाए हैं।बता दें कि कोर्ट उनको 11 जुलाई कोफैसला सुनाएगा। जो कि अमेरिका के चुनाव के लिहाज से अहम है क्योंकि 11 जुलाई के कुछ दिन बाद ही मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन होना है। जिसमें उनके उनके समर्थन में ग्रांड ओल्ड पार्टी के नेता उन्हें अपना औपचारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित करते। उनको गुप्त धन मामले से जुड़े सभी 34 मामलों में दोषी पाया गया है। इसी के साथ वे अमेरिका के इतिहास के पहले पूर्व राष्ट्रपति बने हैं, जिन्हें घोर अपराध का दोषी करार दिया गया है। उनपर 2016 में व्हाइट हाउस में आने से पहले पूर्व पोर्न स्टार के साथ अपने यौन संबंधों को छिपाने के लिए व्यापारिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है।

इस मामले में 34 आरोप, 11 चालान,12 वाउचर और 11 चेक पेश किए गए। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि वे ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के लिए एडल्ट स्टारको 130 हज़ार अमेरिकी डॉलर का गुप्त भुगतान किया। इसे छुपाने के लिए उन्होने व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। जूरी ने कहा कि उनको राष्ट्रपति चुने जाने से नहीं रोका जा सकता और अब यह 5 नवंबर को मतदाताओं पर ही निर्भर करेगा। जूरी ने 22 गवाहों के बयानों के आधार पर यह फैसला सुनाया, जिनमें एडल्ट स्टार भी शामिल थीं। साथियों बात अगर हम न्यूयॉर्क कोर्ट के फैसले पर पूर्व राष्ट्रपति की प्रतिक्रिया की करें तो, सजा पर सुनवाई के लिए 11 जुलाई को सुबह 10 बजे का समय निर्धारित किया है। खास बात यह है कि 11 जुलाई से ठीक चार दिन पहले मिल्वौकी मेंरिपब्लिकन पार्टी की बैठक होगी, जहां ट्रंप को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाना है। जिस समय यह फैसला सुनाया गया, उस समय ट्रंप शांत रहे लेकिन, कोर्ट से बाहर निकलकर उन्होंने इस फैसले को शर्मनाकबताया।जूरीके फैसलेपर कहाकियह अपमानजनक था। उन्होंने कहा कि यह एक विवादित और भ्रष्ट न्यायाधीश द्वारा किया गया मुकदमा था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने कहा 5 नवंबर को असली फैसला जनता की अदालत में होगा। जनता जानती है कि असली सच क्या है। हम जानते हैं कि हमने कुछ भी गलत नहीं किया। मैं अपने देश के लिए लड़ रहा हूं, मैं अपने देश के संविधान के लिए लड़ रहा हूं।

## विचार

# संविधान की रक्षा लोकसभा चुनावों में एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा

**पी. सुधीर**




**विपक्ष का संविधान खतरे में विषय मोदी के भाजपा के लिए 400 से अधिक सीटों के आह्वान के साथ मेल खाता था। संविधान बदलने की धमकी को भाजपा के विभिन्न नेताओं द्वारा यह तर्क दिये जाने से बल मिला कि संविधान बदलने के लिए 400 सीटें या बड़ा बहुमत चाहिए। 9 मार्च को ही भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने कहा कि-भाजपा लोकसभा में 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य इसलिए रख रही है, क्योंकि संविधान बदलने के लिए संसद में उसे दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है।**

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत का संविधान और इसकी सुरक्षा लोकसभा चुनाव में मुख्य मुद्दों में से एक रहा। शुरू से ही, इंडिया गठबंधन की घटक पार्टियों के नेताओं ने अपने चुनावी मंच पर संविधान की रक्षा को केंद्रीय विषय के रूप में पेश किया था। इसका लोगों की एक बड़ी संख्या पर बड़ा प्रभाव पड़ा, जिन्होंने पिछले एक दशक में देश में सत्तावादी शासन के विभिन्न पहलुओं का कटु अनुभव किया था। विपक्ष का संविधान खतरे में विषय मोदी के भाजपा के लिए 400 से अधिक सीटों के आह्वान के साथ मेल खाता था। संविधान बदलने की धमकी को भाजपा के विभिन्न नेताओं द्वारा यह तर्क दिये जाने से बल मिला कि संविधान बदलने के लिए 400 सीटें या बड़ा बहुमत चाहिए। 9 मार्च को ही भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने कहा कि-भाजपा लोकसभा में 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य इसलिए रख रही है, क्योंकि संविधान बदलने के लिए संसद में उसे दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। फैजाबाद से भाजपा सांसद लल्लू सिंह, नागौर से भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा और मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किये।


विपक्ष के इस अभियान को कि यह चुनाव संविधान की रक्षा के लिए है, भाजपा उम्मीदवारों के ऐसे बयानों से और मजबूती मिली। भाजपा नेताओं, खासकर नरेंद्र मोदी और अमित शाह को जल्द ही इस बारे में रिपोर्ट मिल गई कि संविधान को खतरा का संदेश जनता तक पहुंचाने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, खासकर दलितों के बीच, जो संविधान के निर्माता डॉ. अंबेडकर का बहुत ही सम्मान करते हैं। यही कारण है कि मोदी ने विपक्ष के आरोपों का आक्रामक तरीके से जवाब देना शुरू कर दिया। मतदान के पहले चरण से पहले ही मोदी ने घोषणा कर दी थी कि पार्टी के लिए संविधान पवित्र पुस्तक है, सरकार के लिए संविधान गीता, रामायण, महाभारत, बाइबिल और कुरान है, और यहां तक कह दिया कि श्बाबासाहेब अंबेडकर भी इसे नहीं बदल सकते। यह तीखी आवाज और जवाबी हमला कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ही संविधान को बदलेंगे, सरासर झूठा आरोप था। वास्तव में इंडिया ब्लॉक का आरोप भाजपा नेताओं को चुभ गया और इसलिए अपराधबोध वाली ऐसी तीखी प्रतिक्रिया हुई। संविधान खतरे में का दूसरा पहलू जिसने मोदी को परेशान किया, वह यह आरोप था कि संविधान में बदलाव से एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म हो जायेगा। मीडिया से बात करते हुए मतदाताओं के एक समूह ने इस डर को व्यक्त किया। मोदी ने संविधान बदलने के मुद्दे को सांप्रदायिक मोड़ देकर जवाबी हमला करने की कोशिश की। एक के बाद एक भाषणों में मोदी ने घोषणा की कि इंडिया ब्लॉक संविधान बदलना चाहता है, ताकि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण काटकर मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जा सके। मोदी और अमित शाह दोनों ने कर्नाटक और तेलंगाना में ओबीसी श्रेणी के तहत मुसलमानों को दिये गये 4 प्रतिशत आरक्षण का हवाला दिया। लगातार यह कहा जा रहा था कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक न केवल आरक्षण छीन लेंगे, बल्कि हिंदुओं की संपत्ति भी मुसलमानों को सौंप देंगे। लेकिन पिछड़े घोषित किये गये और ओबीसी दर्जा दिये गये मुस्लिम समूहों को दिये गये आरक्षण को धर्म आधारित आरक्षण के रूप में चित्रित करने का प्रयास एक झूठा प्रयास था। ओबीसी के मामले में, संविधान के अनुच्छेद 15 (4) और 16 (4) ने धर्म के बावजूद पिछड़ेपन के मानदंड निर्धारित किये हैं। मुस्लिम समूह, जिन्हें वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े के रूप में पहचाना गया था, कई राज्यों में ओबीसी श्रेणी में शामिल किये गये थे। वास्तव में, मोदी ने खुद दो साल पहले एएनआई के एक साक्षात्कार में गुजरात में 70 मुस्लिम समूहों को ओबीसी दर्जा दिलाने का श्रेय लिया था। वास्तविकता यह है कि लोगों का एक बड़ा वर्ग भाजपा के खिलाफ मतदान करने के लिए उत्साहित रहा क्योंकि उनका मानना है कि मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। इसीलिए इस चुनाव के परिणाम और उसके बाद क्या होगा, इस बारे में बेचौनी का माहौल है। मोदी शासन के दस वर्षों ने राज्य के सभी संवैधानिक निकायों और संस्थाओं को नष्ट कर दिया है। चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने जिस तरह से खुदको संचालित किया है, उससे यह आशंका पैदा हुई है कि क्या वह निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कर सकता है और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की निगरानी कर सकता है? प्रधानमंत्री की भड़काऊ सांप्रदायिक चुनाव प्रचार को रोकने में घोर विफलताय व्यापक मतदान के आंकड़े उपलब्ध कराने में दिखाई गई अनिच्छा और मामला सुप्रीम कोर्ट में जाने के बाद ही ऐसा करना और आदर्श आचार संहिता को लागू करने में सामान्य विफलता, इन सभी ने इन आशंकाओं को आधार प्रदान किया है। मतदान के अंतिम चरण से कुछ ही दिन पहले सरकार ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का विस्तार दिया है, जो 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले थे।

## मोदी की ध्यान साधना और उस पर उठते सवालों के बीच यह भी एक सच है !

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछली बार की तरह इस बार भी चुनाव प्रचार समाप्त होते ही ध्यान साधना के लिए चले गए। हम सभी जानते हैं कि पहले उन्होंने उत्तराखंड के केदारनाथ की रूद्र गुफा को अपनी ध्यान स्थली के रूप में चुना था और इस बार वे तमिलनाडु राज्य में कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान मग्न होने पहुंचे। यानी प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के हिमालय के उस क्षेत्र में जहां आद्य गुरु शंकराचार्य ने साधना की से लेकर सुदूर कन्याकुमारी जहां आधुनिक ऋषि विवेकानन्द की तपोस्थली है, वहां स्वयं की साधना के लिए स्थान तय किया। आश्चर्य होता है यह जानकर कि प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत कामना और निज से जुड़े बेहद आध्यात्मिक प्रसंग को भी भारत जैसे सर्वपंथ सद्भाव वाले देश में कई लोगों द्वारा नकारात्मक रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके उदाहरण स्वरूप मीडिया में चल रहीं कई अंतहीन बहसों में इंडी गठबंधन से जुड़े नेता प्रधानमंत्री के इस निजि प्रसंग को भी राजनीतिक चश्में से देख रहे हैं और उनकी भरपूर आलोचना कर रहे हैं। क्या विपक्ष का यह रवैया सही है? आइए इस विषय पर कुछ गहन चर्चा करें; प्राचीन ग्रंथ 'बृहस्पति आगम' में भारत के भू-भाग को एक श्लोक में बहुत ही सुंदर ढंग से समझाया गया है - ''हिमालयात् समारभ्य यावत् इन्दु सरोवरम्। तं देवनिर्मितं देशं हिन्दुस्थान प्रचक्षते॥

इसका अर्थ है, हिमालय से प्रारंभ होकर इन्दु सरोवर (हिन्द महासागर) तक यह देव निर्मित देश हिन्दुस्थान कहलाता है। इस श्लोक की साधारण व्याख्या आगे स्वातंत्र्यवीर सावरकर ने अपने अंदाज में बहुत सरल एवं आवश्यक व्याख्या की है । वे लिखते हैं -आसिन्धुसिन्धुपर्यंता यस्य भारतभूमिका । पितृभूः पुण्यभूश्चैव स वै हिन्दुरिति स्मृतः ।। तात्पर्य है कि 'सिन्धु नदी के उद्गमस्थान से कन्याकुमारी के समुद्रतक (विस्तृत भूभाग को) भारत भूमि को जो पितृ भूमि (मातृ भूमि) और पुण्य भूमि मानते हैं, उन्हें 'हिन्दू' कहते हैं । 1923 में प्रकाशित सावरकर की रचना ÷एसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व अस्तित्व में आई । उन्होंने इस पुस्तक में भारत वर्ष में रहनेवाले लोग कौन हैं इस पर गहराई से प्रकाश डाला है। पुस्तक का 'सारतत्व यह है कि, हिंदू वह है, जो सिंधु से सिंधुपर्यन्त समुद्र तक फैले हुए इस देश को अपने पूर्वजों की भूमि के रूप में अपनी पितृभूमि (पितृभु), मानकर पूजता हो; जिसके शरीर में उस महान जाति का रक्त प्रवाहित हो रहा हो जिसका मूल वैदिक सप्तसिंधुओं में सर्वप्रथम दिखाई देता है और जो कुछ भी इसमें शामिल था उसको आत्मसात करते हुए तथा जो भी शामिल था उसको और बेहतर योग्य करते हुए संसार में ÷हिंदू नाम से विख्यात हुई; और जो हिन्दुस्तान को अपनी पितृभूमि (पितृभु) और हिन्दू जाति को अपनी जाति मानने के कारण उस हिन्दू संस्कृति को अपनी विरासत मानता है और दावा करता है जो मुख्य रूप से उनकी सामान्य पारंपरिक भाषा, संस्कृत में व्यक्त की जाती है और एक साझा इतिहास, एक साझा साहित्य, कला और वास्तुकला, कानून और न्यायशास्त्र, संस्कारों और रिवाजों, समारोहों और धार्मिक उत्सवों, मेलों और त्योहारों द्वारा प्रकट होती है; और सबसे बढ़कर इस भूमि को, इस सिंधुस्तान को अपनी पवित्र भूमि (पुण्यभु) के रूप में संबोधित करता है, और इसे धर्मप्रर्वतकों (पैंगम्बरों) की भूमि के रूप में, अपने ईश्वर और गुरुओं की तथा धर्मपरायणता और तीर्थभूमि के रूप में देखता है। एसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व में सावरकर जोर देकर कहते हैं कि 'ये हिंदुत्व की अनिवार्यताएं हैं- एक साझा राष्ट्र (राष्ट्र), एक साझा नस्ल (जाति), और एक साझा सभ्यता (संस्कृति ) । इन सभी आवश्यक बातों को समेटकर, संक्षेप में यह कहकर प्रस्तुत किया जा सकता है कि एक हिंदू वह है जिसके लिए सिंधुस्थान न केवल पितृभूमि (पितृभु) है, बल्कि पवित्र भूमि (पुण्यभू) भी है।' हिन्दू शब्द पर की गई इस व्याख्या से इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि किसी भी पंथ, मजहब, धर्म, विचार को माने या न मानें कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन भारत-भू को अपना सर्वस्व माननेवाला यहां निवासरत प्रत्येक मनुष्य हिन्दू है। क्योंकि उसकी पुण्यभूमि और जन्म भूमि भारत है और उसके पुरखे भी समान हैं।



## राशिफल

**मेषः**-पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**बृषभः**- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः**- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः**- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः**- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्याः**- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः**- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः**- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः**- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः**- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः**- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः**- किसी अचल सम्पति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# तेलुगुभाषी दो राज्यों में कड़ी है चुनावी टक्कर

**किंशुक नाग**




**कांग्रेस ने नए राज्य के गठन को मंजूरी दी और चंद्रबाबू नायडू के खिलाफअपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए केसीआर की पार्टी टीआरएस के साथ गठबंधन किया। नायडू उस समय भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा थे। लेकिन केसीआर ने कांग्रेस के साथ गठबंधन का दिखावा करते हुए भी तेलंगाना के गठन के बाद 2014 में हुए चुनावों में कांग्रेस को धोखा दिया। केसीआर ने जनता को यह दिखाने के लिए सफलतापूर्वक लॉबिंग की थी कि वे तेलंगाना के एकमात्र निर्माता थे और क्योंकि उन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की थी, आमरण अनशन भी किया था इसलिए वे इसका श्रेय लेने के हकदार थे। इसी भावना का फायदा उठाते हुए केसीआर ने विधान सभा की कुल 119 सीटों में से 63 सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस पार्टी 21 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। 2019 में केसीआर ने फिर से विजय प्राप्त की थी। सत्ता में आने के बाद केसीआर ने तेलंगाना सरकार को अपनी निजी जागीर बना लिया और बेटे केटी रामाराव और भतीजे हरीश राव को महत्वपूर्ण मंत्री बनाया।**

दक्षिण के दो तेलुगुभाषी राज्यों में मतदान होने के बाद तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में जून के पहले सप्ताह में आने वाले परिणामों के बारे में बहुत सारी अटकलें लगाई जा रही हैं। क्या भाजपा तेलंगाना के कुछ शहरी हिस्सों से आगे अपनी पैठ बढ़ायेगी या कांग्रेस अपना नया गढ़ बनाए रखेगी? आंध्र में अब भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल चंद्रबाबू नायडू भाजपा की पूर्व सहयोगी वाईएसआरसीपी के जगन रेड्डी से किस तरह मुकाबला कर पाएंगे? चुनावी जंग में नए गठबंधनों ने पुराने गठबंधनों की जगह ले ली है इसलिए तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटों और आंध्रप्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर इस तरह के सवाल उठ रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी इसे अपना श्कुरुक्षेत्रश् कहते हैं। वाईएसआरसीपी सभी 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और लोकसभा के साथ ही हो रहे विधानसभा चुनाव जीतकर आंध्र प्रदेश पर अपना कब्जा बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है।

तेलंगाना राज्य के गठन के लिए 2014 में आंध्रप्रदेश को विभाजित किया गया था। तेलंगाना पर पिछले दस वर्षों से के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व में तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) ने शासन किया है। मूल रूप से चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के एक महत्वपूर्ण सदस्य केसीआर ने पार्टी में अपना कोई भविष्य न होने के कारण बगावत कर दी और तेलंगाना के मुद्दे का प्रचार किया। तेलंगाना राज्य की मांग 70 के दशक की शुरुआत से ही रही है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तेलंगाना के पीवी नरसिम्हा राव को एकीकृत आंध्रप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर यह संकट टाला था। पीवी नरसिम्हा राव दो दशक बाद प्रधानमंत्री बने। स्थानीय लोग एनटी रामाराव के श्आंध्रीकरणश् के विचारों से परेशान थे क्योंकि इसका मतलब तेलंगाना क्षेत्रों में आंध्र संस्कृति का आयात था इसलिए 1990 के दशक में पृथक तेलंगाना का मुद्दा एक बार फिर सामने आया। दोनों क्षेत्र खान-पान सम्बन्धी शैलियों और स्थानीय संस्कृतियों में भिन्न थे और यहां तक कि तेलुगु बोलने के उनके लहजे में भी फर्क था। तेलंगाना गठन की केसीआर की योजना सफल रही क्योंकि उन्हें राज्य में मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी का समर्थन प्राप्त था। कांग्रेस ने नए राज्य के गठन को मंजूरी दी और चंद्रबाबू नायडू के खिलाफअपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए केसीआर की पार्टी टीआरएस के साथ गठबंधन किया। नायडू उस समय भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा थे। लेकिन केसीआर ने कांग्रेस के साथ गठबंधन का दिखावा करते हुए भी तेलंगाना के गठन के बाद 2014 में हुए चुनावों में कांग्रेस को धोखा दिया। केसीआर ने जनता को यह दिखाने के लिए सफलतापूर्वक लॉबिंग की थी कि वे तेलंगाना के एकमात्र निर्माता थे और क्योंकि उन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की थी, आमरण अनशन भी किया था इसलिए वे इसका श्रेय लेने के हकदार थे। इसी भावना का फायदा उठाते हुए केसीआर ने विधान सभा की कुल 119 सीटों में से 63 सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस पार्टी 21 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। 2019 में केसीआर ने फिर से विजय प्राप्त की थी। सत्ता में आने के बाद केसीआर ने तेलंगाना सरकार को अपनी निजी जागीर बना लिया और बेटे केटी रामाराव और भतीजे हरीश राव को महत्वपूर्ण मंत्री बनाया। उनकी बेटी के. कविता सांसद बनी। कई मंत्री और महत्वपूर्ण नेता उनकी ही वेलमा जाति से थे। वेलमा एक समृद्ध जाति है लेकिन उनकी संख्या बहुत ज्यादा नहीं हैं। यहां तक कि उन्होंने वेलमा जाति के व्यवसायियों को भी बढ़ावा दिया। तेलंगाना के लिए उनकी लड़ाई में समाज के सभी वर्गों के नागरिकों ने केसीआर का समर्थन किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद केसीआर ने खुद को इन वर्गों से काट लिया। उन्हें इस बात का एहसास नहीं हुआ कि इस वजह से उन्होंने अपना आधार खो दिया है। पहले हैदराबाद निजाम द्वारा शासित एक सामंती गैर लोकतांत्रिक राज्य था जिसके एक हिस्से पर तेलंगाना राज्य ने कब्जा कर लिया था। स्वतंत्र भारत एक लोकतांत्रिक राज्य था लेकिन लोगों की प्रकृति और नैतिकता नहीं बदली थी। ऐसा लगता है कि केसीआर की सोच थी कि वे एक राजकुमार की तरह व्यवहार करके लोगों से दूर रहकर राज्य पर प्रभावी ढंग से शासन कर सकते हैं लेकिन नए राज्य को संसाधनों की आवश्यकता थी। तेलंगाना को यह कैसे मिलेगा? उनके बेटे केटी रामाराव हैदराबाद के व्यावसायीकरण की योजना के साथ आए। उन्होंने यह बात तब कही थी जब 2014 में उनसे पूछा गया था कि नवगठित राज्य के लिए वे संसाधन कैसे जुटाएंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# इटावा सफारी पार्क में शेरों का कुनबा फिर बढ़ा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



इटावा सफारी पार्क में शेरों का कुनवा फिर बढ़ा। सफारी पार्क के बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र में बीते 12 दिसम्बर 2020 को जन्मी शेरनी नीरजा ने प्रथम बार शावकों को जन्म दिया है।

शेरनी नीरजा की मॅटिंग गुजरात से आये नर शेर कान्हा से दिनांक 12 फरवरी से 15 फरवरी 2024 के मध्य हुयी थी। शेरनी नीरजा ने दिनांक 31 मई/01 जून की रात्रि में तीन शावकों को जन्म दिया है। प्रथम शावक रात्रि 9.50 बजे, दूसरा शावक रात्रि 10.51 बजे पर तथा तीसरा शावक आज प्रातः 3.17 बजे पर हुआ। प्रातः 10.50 बजे पर चौथे शावक ने भी जन्म लिया जिसमें कोई हरकत नहीं है। शेरनी नीरजा व तीन नवजात शावक स्वस्थ है। चूंकि शेरनी नीरजा ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है इसलिए अभी पूरी तरह से वह शावकों को अपना दूध नहीं पिला पा रही है परन्तु वह सभी शावकों का भरपूर ध्यान रख रही है तथा शावक मां का दूध पीने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे है। इससे पूर्व सफारी पार्क की शेरनी नीरजा की मां जैसिका ने वर्ष 2016 में दो नर शावक सिम्बा व सुल्तान, वर्ष 2017 में नर शावक बाहुबली, वर्ष 2019 में दो मादा व एक नर शावक रूपा, सोना और भारत तथा वर्ष 2020 में दो मादा शावक गार्गी व नीरजा को जन्म दिया है। इसके अतिरिक्त सफारी पार्क की दिवंगत शेरनी जेनिफर जो 25 सितम्बर 2020 को गुजरात से लायी गयी थी तथा जिसकी मां जैसिका है, ने वर्ष 2020 में नर शावक केसरी तथा अगस्त-22 में एक नर शावक विश्वा को जन्म दिया। यहां पर पैदा हुई बब्बर शेरनी रूपा द्वारा भी सितम्बर 2023 में एक नर शावक को जन्म दिया जा चुका है। इस प्रकार सफारी पार्क में तीनों नवजात शावकों के अतिरिक्त अब तक कुल 11 शावकों ने जन्म लिया है। तीनों नवजात शावक व मादा बब्बर शेरनी की विशेष देखभाल पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से शेरनी नीरजा एवं नवजात शावकों के स्वास्थ्य एवं व्यवहार पर सफारी पार्क के सलाहकार डा. सीएन भुवा, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आरके सिंह एवं सफारी पार्क के पशु चिकित्सक डा. रोबिन सिंह यादव एवं डा0 शैलेन्द्र सिंह द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। सफारी पार्क में नवजात शावकों के जन्म लेने से वर्तमान में बब्बर शेरों की संख्या 16 हो गयी है।

ज्ञातव्य है कि गुजरात के अतिरिक्त एशियाई बब्बर शेर का एकमात्र प्रजनन केन्द्र उत्तर प्रदेश के जनपद इटावा में है, जहां इनका सफल प्रजनन हो रहा है।

## दंबगों ने युवक के साथ की मारपीट

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बकेवर थाना क्षेत्र के गांव मथरापुरा में नामजद युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर दंबग युवक मौके से भाग गये। पीड़ित युवक के थाना पुलिस को शिकायी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

बकेवर थाना क्षेत्र के गांव मथरामपुरा निवासी मोहित त्रिपाठी पुत्र संजय त्रिपाठी ने थाने में दिऐ प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही नामजद युवकों ने पीड़ित युवक के साथ गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। चीखपुकार सुन जब गांव को लोगों को आता देख दंबग पीडित को जान से मारने की धमकी देकर अपने मकान के अंदर घुस गये। पीडित युवक ने थाना पुलिस को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

# पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस ने हत्या की घटना का अनावरण कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

वादी राजेश कुमार पुत्र आशा राम निवासी बरौली लखना थाना लवेदी इटावा द्वारा थाना जसवंतनगर पर सूचना दी गयी कि दर्शन सिंह उम्र करीब 50 वर्ष की उनके पुत्र अमित राठौर द्वारा हत्या कर दी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा कस्बा जसवंतनगर में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कस्बा जसवंतनगर के रेल मंडी में पिता की हत्या करने वाला आरोपी कचौरा बाईपास पुल के पास कहीं जाने की फिराक मे खडा है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा आरोपी अमित राठौर पुत्र दर्शन सिंह निवासी रेल मंडी निकट हनुमान मंदिर थाना जसवंतनगर इटावा को कचौरा बाईपास पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरा अपने पिता से सदैव मनमुटाव बना रहता था, आगरा में पड़े एक प्लाट को पिता से बेचने के लिए कहा था जिस पर मेरे पिता ने मना कर दिया तथा मेरे पिता मुझे अक्सर गाली-गलौज किया करते थे और मेरी पत्नी को भी बुरी नीयत से देखते थे इन्ही कारणों की वजह से मैंने अपने पिता के भोजन में नींद की 7 गोली मिला दी जब वह रात में गहरी नींद में सो रहे थे तभी रात्रि 12 बजे के आसपास कुल्हाड़ी से जोरदार हमला करके उनकी हत्या कर दी।इस सफलता में कपिल दुबे थाना प्रभारी जसवंतनगर, का. सनोज कुमार, का. हिमांशु शुक्ला, का. छोटे लाल का सराहनीय योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### गैंगस्टर का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार



**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने शनिवार को गश्त के दौरान महोबा जिले की गैंगस्टर एक्ट में फरार बीस हजार का ईनामी सदस्य को चंद्रपुरवा गेट के समीप से गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि चंद्रपुरवा गेट के समीप से महोबा जनपद के फरार गैंगस्टर एक्ट के सदस्य रोपिन उर्फरूपेंद्र कंजड़ निवासी मुहल्ला आलमपुरा कोतवाली महोबा गिरफ्तार किया है। इस फरार आरोपी पर महोबा पुलिस द्वारा 20 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी को न्यायालय भेजा है।

### आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** प्रेमी द्वारा धोखा देने से आहत बीएड की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने प्रेमी के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उसकाने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक दीवानपुरा मोहल्ला निवासी बद्रीप्रसाद अहिरवार (31) पुत्री रेखा का पड़ोस के युवक पवन से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पवन 9 मई को रेखा को अपने घर ले गया और चार घंटे बाद अपने स्वजनों के साथ मिलकर बदसलूकी करते हुए उसे भगा दिया था। युवती ने जब प्रेमी से शादी के लिए कहा तो युवक व उसके स्वजनों ने इंकार कर दिया था। शादी से मना करने से आहत होकर उसकी पुत्री रेखा ने 14 मई की रात को कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता ने आरोपी पवन पुत्र मलखान के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपित पवन पुत्र मलखान निवासी दीवानपुरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### इंडिया गठबंधन की जीत के लिए भगवान शिव का रुद्राभिषेक



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बकेवर में स्थित वन खडेश्वर महादेव मंदिर में समाजवादी पार्टी से पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एंव नगर अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद कटेरिया ने मय परिवार के साथ इंडिया गठबंधन को जिताने के लिऐ एंव समाजवादी पार्टी को जिताने हासिल करवाने हेतु पांच दिवसीय भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। सपा नगर अध्यक्ष ने मय परिवार सहित भगवान भोलेनाथ का पांच दिवसीय रुद्राभिषेक किया गया वहीं इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अनिल कटेरिया, प्रदीप कुमार पीके, घनश्याम उर्फ वंडे, महावीर कटेरिया मौके पर उपस्थित रहकर आचार्य सत्यम किशन अवस्थी द्वारा भगवान भोलेनाथ का विधिविधान के साथ पांच दिवसीय रुद्राभिषेक किया गया। सपा से नगर अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद कटेरिया ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उत्तर प्रदेश में सबसे बढ़ पाने के लिऐ तथा इंडिया गठबंधन से प्रबल दाबेदार नेता बनकर केन्द्र में पहुंचने की भगवान शिव से कामना की।

### वांछित दहेज हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना चौबिया पुलिस ने दहेज हत्यारोपी को गिरफ्तार किया। वादी बदले पुत्र बृजवासी निवासी ग्राम नगला कैथ थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी द्वारा थाना चौबिया पर सूचना दी गयी कि उसकी पुत्री की शादी वर्ष 2017 में अजीत पुत्र दुर्वीन सिंह निवासी खेड़ा हेलू थाना चौबिया के साथ हुयी थी परन्तु शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की तरफ से अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने के कारण अजीत पुत्र दुर्वीन सिंह द्वारा मेरी पुत्री की हत्या कर दी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना चौबिया पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर वांछित आरोपी अजीत पुत्र दुर्वीन सिंह निवासी ग्राम खेड़ा हेलू थाना चौबिया इटावा को भदामई पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में मंसूर अहमद थानाध्यक्ष चौबिया, उ.नि. अंकित पटेल, का. प्रमोद कुमार, का. रिपुदमन का सराहनीय योगदान रहा।

### जल स्तर नीचे जाने से हैंडपंपों ने पानी देना किया बंद

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** लगातार बढ़ते तापमान व सितम भरी गर्मी के जनकारण जलस्तर 12-15 फिट गिर जाने की वजह से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई हैं, इसके साथ ही हैंडपम्पों ने भी साथ छोड़ दिया है। जिस कारण लोग भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है। नगर के अलग-अलग स्थानों में जल संस्थान के 15 नलकूप स्थापित हैं, गर्मी के बढ़ते लगातार प्रकोप की वजह वजह से 15 फिट जलस्तर गिर गया है। जिससे नलकूपों में पानी निकलने में समस्या आ रही हैं। जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कई नलकूपों में एक या दो पाइपों को डालकर गहराई से पानी निकालने की कोशिश की गई हैं। इसी प्रकार भीषण गर्मी में नलकूपों में विद्युत ट्रांसफार्मर तथा लाइनें गर्म हो रही हैं। बार-बार ट्रिपलिंग होने से नलकूपों के संचालन प्रभावित हो रहा हैं। रामगंज मुहल्ला निवासी बाबू सिंह यादव, महमूदपुरा निवासी लाखन लाल अहिरवार, इंद्रानगर निवासी अपूर्व शरद श्रीवास्तव एड. ने बताया कि रामगंज, गणेशगंज, महमूदपुरा, इंद्रानगर तथा ऊंचाई वाले स्थानों में पानी की आपूर्ति की समस्या बहुत बढ़ गई हैं। नगर में स्थापित 527 हैंडपम्पों में आधे से ज्यादा जबाब दे गए हैं। अगर इसी प्रकार गर्मी बढ़ती रही तो समस्या और विकराल हो सकती हैं।

# चुनाव ड्यूटी न करने पर पंद्रह शिक्षकों समेत 19 कर्मियों का दो दिन का वेतन अवरुद्ध

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

> ड्यूटी पत्र प्राप्त करने के बाद भी कर्मी नहीं गये थे मतदेय स्थल, मनमानी के चलते पोलिंग पार्टियां पहुंची थीं देर पर

लोकसभा चुनाव में डियूटी पत्र प्राप्त करने के बाद भी मतदेय स्थल पर न जाने पर पंद्रह शिक्षकों समेत 19 कर्मियों का दो दिन का बेतन रोक दिया गया है। जिससे कर्मियों में हड़कंप मचा है।

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) चंद्रशेखर शुक्ला ने शनिवार को बताया कि जिले में बीस मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में 19 मई को डियूटी पत्र मिलने के बाद भी पोलिंग पार्टी के साथ नही गये जिससे व्यवस्था में काफी व्यवधान उत्पन्न हुआ,जिसमें पवन गुप्ता हेडमास्टर प्राथमिक विद्यालय ददरी व्लाक कुरारा,अजय सिंह शिक्षक जूनियर हाईस्कूल उजनेड़ी ब्लाक सुमेरपुर,कृष्ण कुमार दीक्षित शिक्षक प्राथमिक विद्यालय बंगरा, रविशंकर पटेल शिक्षक प्राइमरी विद्यालय बांधुर खुर्द ब्लाक मुस्करा, अर्चना शिक्षक जूनियर हाईस्कूल टेढ़ा ब्लाक सुमेरपुर, गीता प्रजापति जूनियर हाईस्कूल बांक ब्लाक सुमेरपुर, रुबी गुप्ता हेडमास्टर प्राइमरी विद्यालय नैठी ब्लाक कुरारा, विनीता शिवहरे शिक्षक प्राथमिक विद्यालय काछिन का डेरा ब्लाक मौदहा, सैय्यद इरफान,अर्चना श्रीवास्तव शिक्षक इस्लामिया इंटर कालजे हमीरपुर,महबूब अली शिक्षक फैज आम इंटर कालेज राठ, श्रद्धा अर्ग्वाल शिक्षक टोलारावत राठ, शिवांगी स्वर्ण कार शिक्षक जीजीआईसी हमीरपुर के अलावा हरचरन, रही सिंह सफाई कर्मी, सविता बुधौलिया लिपिक,सफाई कर्मी नगर पालिका राठ, सतीश कुमार लिपिक रजिस्ट्रार कार्यालय हमीरपुर,लालू बेलदार लोनिवि हमीरपुर आदि सभी कर्मियों का 19 मई व बीस मई का बेतन रोकने के आदेश कर दिये गये है। इसके पहले जिलाधिकारी ने तीस प्राइमरी शिक्षकों को निर्लंबित कर तीन शित्रा मित्रों का सेवाएं समाप्त कर दी गयी है।

## नगदी जेवरात के साथ युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव में युवक अपने प्रेमजाल फंसाकर युवती को भगा ले गया युवती अपने साथ नगदी व जेवर ले गयी,पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के एक गांव की उन्नीस वर्षीय बालिका की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री को कानपुर जनपद के बिल्हौर तहसील क्षेत्र निवासी अमित शर्मा बीते शुक्रवार की सुबह बहला फुसला अपने जाल में फंसा कर चालीस हजार रुपये नगद व सोने चांदी के जेवरात के साथ ले गया,इसके बाद से लगातार उसका फोन भी बंद जा रहा है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## संबिदा लाइन मैन की करंट से मौत, कई घंटे पड़े रहने के बाद बिगड़ी हालत

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव निवासी विद्युत लाइन मैन की दोपहर में फॉल्ट ठीक करते समय करेंट की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव निवासी योगेंद्र (26) कुरारा के मंडी समित के पास आवास बनाकर निवास करता था। यह संविदा के पद पर विद्युत सब स्टेशन कुरारा में लाइनमैन था। आज दोपहर में डेढ़ बजे के बाद कस्बे के बड़ेदेव बाबा मोहाल में भौली पंप कैनाल को गई विद्युत लाइन में फॉल्ट आने से अकेले ठीक करने गया था। इसके लिए विद्युत पावर हाउस से शट डाउन दिया गया था।इसके बाद उसने काम खत्म करने के बाद लाइन मैन ने शट डाउन वापस कर दिया था। इसके बाद फिर से उसी लाइन में चढ़ गया। तथा करेंट की चपेट मे आकर गड्डे में गिर गया। तथा घंटो वही पर गंभीर हालत में पड़े रहने से उसकी हालत बिगड़ गई। मोबाइल फोन न उठने से साथी कर्मचारियों ने उसकी खोजबीन की तब उसको लेकर सीएचसी गए। जहां से जिला अस्पताल रिफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। इस संबंध में अवर अभियंता अभिषेक साहू ने बताया कि लाइन मैन की शट डाउन वापस करने की फोन रिकार्डिंग हैं।इसके बाद केसे घटना हुई। इसकी जानकारी की जा रही है।

# मकान कब्जा करने की नियत से दबंग ने जान से मारने की दी धमकी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



घर में कब्जा करने की नीयत से दबंगों ने युवक को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है पीड़ति ने पुलिस से शिकायत की है।कस्ब निवासी ने पुलिस को बताया कि नगर पालिका कार्यालय से प्रेषित भवन मानचित्र के क्रम में जब वह अपने मकान के पैमाइश हेतु नक्शा नवीस को लेकर शनिवार की सुबह अपने घर पहुंचा तो वहां मौजूद उसके चाचा का लड़का सिकंदर पठान, निजामुद्दीन व बाबू पुत्रगण नसीर अहमद तथा मन्ना पत्नी सगीर अहमद चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों को लेकर उसके घर में जमा थे और जब वह नक्शा नवीस को लेकर घर पहुंचा तो उक्त सभी दबंगों ने उसे तथा उसकी बहन नेहा बानो को गंदी-गंदी गलियों से अपमानित कर अपना ताला उसके घर में डाल दिया तथा मारपीट पर आमादा हो गए वहीं मौके पर मौजूद मोहल्ले वासियों ने उक्त घटना को देखा व सुना है तथा बीच बचाव भी किया है जिससे उसे अपने साथ किसी अनहोनी घटना के घटित होने का भय हो रहा है। इस घटना से आहत पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर उपरोक्त नामित सभी दबंग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

# भीषण गर्मी में मिलावटी वस्तुओं की बिक्री से गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं लोग

> खाद्य सुरक्षा विभाग नहीं दे रहा हो कोई ध्यान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थो की भरमार आ गयी है। खाद्य सुरक्षा विभाग इस मामले में हाथ पर हाथ धरे बैठा है। सड़को के किनारे खुले में विक रही खाने की वस्तुएं गंभीर बीमारी को निमंत्रण दे रही है।

जानकारी के मुताबिक जिले में हर खाद्य पदार्थ मिलावटी बिक रहा है। चिकित्सकों का मानना है कि इस समय मिलावटी वस्तुएं खाने से अस्पताल में पेट के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है,यदि इसमे रोन नही लगी तो लोग गंभीर रोगो के शिकार होते जायेगे। इधर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कभी कभार अभियान चलाया जाता है। उसमे जो भी दूध,दही मिठाई व अन्य वस्तुए का सैंपल भर कर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा जाता है उसमे सभी मिलावटी आता है, खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि जब शासन से जांच करने का अभियान आता है तभी टीम द्वारा जांच की जातीहै। जिससे मिलावट खोरों की बल्ले बल्ले हो रही है। यही नही दुकानों में पेयपदार्थ जैसे लस्सी में दुकानदार आरारोट मिलाकर विक्री करते है मगर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आज तक सैंपल नही भरा है।

विभागीय उदासीनता के चलते लोगों को गंभीर बीमारी की तरफ झोका जा रहा है। जब कि शासन व कोर्ट के सख्त आदेश है कि किसी प्रकार मिलावटी पदार्थों की विक्री कर लोगो के सेहत के साथ खिलवाड़ न किया जाये। मगर विभागीय कर्मी इसओर कोई ध्यान नही दे रहे है। स्थानीय बस स्टैंड में प्रशासन के नाक के नीजे मिलावटी पदार्थ विक रहे है मगर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

## मामूली विवाद में की जमकर मारपीट

**राठ, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी हबीब खां पुत्र बच्चा ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपने मकान के बाहर नहा रहा था। तभी उसी समय नहाने वाला डिब्बा पड़ोस की महिला ने छुड़ा लिया और गाली गलौज करने लगी। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो महिला ने अपनी पुत्री व ससुर के साथ मिलकर कमरे में बंद करके लाठियों से जमकर मारा-पीटा। बताया कि जब शोर सुनकर उसकी पत्नी नजमा बचाने आई तो उसे भी मारा-पीटा। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, पंखे उतार लिए और अलमारी में रखे दो हजार रुपए, सोने चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। मारपीट से शरीर में चोटें आई हैं।

# हमीरपुर डिपो की चलती बस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सवारियों में मची भगदड़

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

हमीरपुर से सवारियां लेकर बांदा जा रही हमीरपुर डिपो की बस का सेल्फ फंस जाने से वायरिंग में आग लग गई। इससे बस में धुआं भर गया। अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में नीचे उतरने के चक्कर में कई यात्री चुटहिल भी हो गए।

शनिवार सुबह हमीरपुर डिपो की बस बांदा जाने को निकली थी। बस स्टॉप सुमेरपुर में कुछ देर तक रुकने के बाद जैसे ही बस बांदा की रवाना हुई और सुमेरपुर लक्ष्मीबाई तिराहा के पास पहुंची वैसे ही बस का सेल्फ फंस गया। जिसकी वजह से उसकी वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से बस में तेजी से धुंआ भरने लगा। अचानक हुई इस घटना से पात्रियों में भगदड़ मच गई और घबराहट और जल्दबाजी में नीचे उतरने के चक्कर में कई यात्री चुटहिल भी हो गए।

बस चालक ने तत्काल पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसके बाद यात्रियों को दूसरी बस से बांदा के लिए रवाना किया गया। तब कही यात्रियों को राहत मिल सकी, वही बस के चालक ने पुलिस को बताया कि बस में आग नही लगी है तकनीकी कारणों से धुंआ उठने लगा था सभी यात्री सुरक्षित हैं किसी को किसी भी प्रकार की हानि नहीं हुई है, इसी तरह 30 अप्रैल को कस्बा सुमेरपुर में गायत्री तपोभूमि के सामने महोबा डिपो की बस के पहिए अचानक जाम हो गए थे तब यात्रियों को घंटो खड़े रहकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, दूसरी बस के आने पर सभी यात्रियों को गंतव्य तक ले जाया गया था, इस तरह यात्रियों को हमीरपुर और महोबा डिपो की बसों पर जरा भी भरोसा नहीं रह गया है, कौन बस कहां खड़ी हो जाय कोई भरोसा ही नहीं है।



### भीषण गर्मी से बचने के लिए वाटर पाक बने सहारा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी के चलते लोग काफी बेहाल है। गर्मी में वाटर पार्क व नहर में नहाने की भीड़ देखने को मिल रही है। भरथना रोड पर बने वाटर पार्कों में लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है बच्चों से लेकर युवा इस भीषण गर्मी में वाटर पार्क में आनंद लेते दिखाई दे रहे है। जनपद में इस समय भीषण गर्मी से लोग बेहाल है सड़कों पर दिन में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है लोग घरों में कूलर एसी में दुबके दिखाई दे रहे है। तो वहीं लोग भीषण गर्मी से निजात पाने के लिऐ वाटर पार्कों में नहाने का लुफ्त उठा रहे है?। हर्राजुरा के समीप बने वाटर पार्क स्वीमिंग पूल में छोटे छोटे बच्चों सहित युवाओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। स्वीमिंग पुलों में सुबह से ही बच्चे युवाओं का पहुंचने का सिलसिला शुरु हो जाता है। स्वीमिंग पुल में नहा कर लोग इस भीषण गर्मी से निजात पाने में लगे हुऐ है।

# इमाम अली रजा ने अपने इल्म से लोगों के दिलों पर राज किया : मौलाना जैदी

> आठवें इमाम अली रज़ा अ.स. की शहादत पर हुई मजलिस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



आठवें इमाम अली रज़ा अ.स. की शहादत पर मस्जिद पंजतनी इटावा में मजलिस का आयोजन किया गया जिसमे लोगों ने शिरकत कर गमे इमाम अली रज़ा मनाया।

मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना सैयद अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा एहलैबैत ने फरमाया है मेरा सच्चा चाहने वाला वही इंसान है जो मेरे गम में गम मनाए और मेरी खुशी में खुशी मनाए। एहलैबैत के मानने वालों को बाअखलाक होना चाहिए।इमाम अली रज़ा ने फरमाया है खाना बैठकर खाना चाहिए। बादशाह ने मदीने से इमाम रज़ा को ईरान बुलाया। इमाम निशापुर होकर मशहद पहुंचे। इमाम एक गरीब मोमिना के घर पर रुके और उस गरीब मोमिना की परेशानियों को भी दूर किया। इमाम अली रज़ा ने अपने इल्म से लोगों के दिलों पर राज किया। इमाम अली रज़ा की शहादत 23 जीकादा को हुई। इमाम अली रज़ा को जहर देकर शहीद किया गया। आठवें इमाम का रौजा मशहद में है जहां बीमारों को शिफा मिलती है। मजलिस में तसलीम रज़ा, अली अब्बास रिज़वी सलमान ने कलाम पेश किए। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़वी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, मो. अब्बास, मो. मियां, तनवीर हसन, सलीम रज़ा, राहत हुसैन रिज़वी, अली मेहदी, समर अब्बास नक़वी, हसन अब्बास, दबीरुल हसन, आतिफ एड., तहसीन रज़ा, इबाद रिज़वी, राजा, शारू, राशिद, जहूर नक़वी, लालू, मो. शाहिद सहित अनेक लोगों ने भाग लेकर आठवें इमाम हज़रत अली रज़ा की शहादत पर गम का इजहार किया।

## व्यापार मंडल जिलाधिकारी को देगा ज्ञापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा है कि आलोक दीक्षित ने पान मसाला व तम्बाकू को अलग-अलग दुकानों पर विक्री करने की सरकारी अधिसूचना का विरोध होगा, इससे छोटे व्यापारी का व्यापार तबाह और बर्बाद होगा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा द्वारा जो सरकारी अधिसूचना जारी की गई वह हर स्तर पर व्यापारी विरोधी है। ऐसी किसी भी अधिसूचना से पूर्व व्यापारी वर्ग को साथ लेकर आम जनता को जागरूक करना चाहिए था। सादा पान व मसाला अलग दुकान से तम्बाकू पान व मसाला अलग दुकान से खरीदने का आदेश पूर्ण रूप से अव्यवहारिक है। सरकार को इस आदेश पर पुनः विचार करना होगा। व्यापारी वर्ग ने सरकार का साथ देश हित में दिया है लेकिन सरकारी अमला व्यापारियों को तवाह ओर वर्वाद करने पर आमादा है इसे किसी भी रूप स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अध्यादेश के विरोध में प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 3 जून को प्रातः 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा।

# कोर्ट ने पांच आरोपियों को सुनाई सात-सात वर्ष की सजा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना जसवंतनगर व मानीटरिंग / पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते धोखाधड़ी करने वाले एक अभियुक्ता सहित 4 अभियुक्तों को न्यायालय इटावा द्वारा 7-7 वर्ष के कारावास की सजा तथा प्रत्येक को 11,500 रूपये का अर्थदंड दिया गया।

विगत 23 अप्रैल 2012 को वादी उदयभान सिंह पुत्र गेंदालाल निवासी थाना बकेवर जनपद इटावा द्वारा थाना जसवन्तनगर पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उमेश चन्द्र आदि 5 व्यक्तियों द्वारा वादी से पुलिस भर्ती के नाम पर धोखाधड़ी करके 4 लाख रूपये ले लिये। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी उ.नि. ब्रज बल्लव सिंह द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना जसवंतनगर पुलिस टीम पैरोकार का. सुरेंद्र कुमार एवं मानीटरिंग सैल व एपीओ संगीता सिंह द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणाम स्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त उमेश चन्द्र पुत्र शिव दयाल निवासी रेल मंडी थाना जसवंतनगर, श्री देवी पत्नी उमेशचन्द्र निवासी रेल मंडी थाना जसवंतनगर, अजय पाल पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम रायनगर थाना नयागांव जनपद एटा, रामवीर पुत्र रामरतन निवासी रेल मंडी थाना जसवंतनगर, राधे श्याम पुत्र मूलचन्द्र निवासी बिचपुरी खेड़ा थाना वैदपुरा को आज न्यायालय एसीजेएम द्वितीय इटावा द्वारा प्रत्येक को 7 वर्ष का कारावास व प्रत्येक को 11,500 रूपये का अर्थदंड दिया गया।

# झोपड़ी में आग लगने से बालक की मौत

**नौ वर्षीय बेटी गंभीर रूप से झुलसी, मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दिया मुआवजा दिलाने का भरोसा**

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

मजदूर के झोपड़े में अज्ञात कारणों के चलते आग लगी। आग की चपेट में आने से मजदूर का आठ वर्षीय पुत्र की जलकर मौत हो गई जबकि नौ वर्षीय बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना मिलने पर एसडीएम, सीओ समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूर को सांत्वना देने के साथ ही दैवीय आपदा के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां में लोकेंद्र सिंह के यहां मध्यप्रदेश के ग्वालियर जनपद के थाना आरोन निवासी परमाल पुत्र प्रताप मजदूरी का काम करता है। घर के पास ही वह अपनी पत्नी गुड्डी देवी व चार बच्चों के साथ रह रहा है। शनिवार की दोपहर वह मजदूरी का काम कर रहा था। घर पर झोपड़ी में पत्नी बच्चों के साथ ही थी। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे अचानक से झोपड़ी में आग लग गई। घास फूस की झोपड़ी में आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग लगी हुई देखकर झोपड़ी के अंदर गुड्डी देवी बच्चों को लेकर बाहर की ओर भागी।

लेकिन जलती हुई आग में उनका आठ वर्षीय बेटा दीपक और नौ वर्षीय बेटी निशा फंस गए। उधर, आग लगी देखकर परमाल और गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने आग में झुलस गई निशा को किसी तरह बाहर निकाल लिया लेकिन वह दीपक को बाहर नहीं



निकाल सके। आग में झुलसकर दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी एसडीएम व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम अतुल कुमार, सीओ रामसिंह व कोतवाल विमलेश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दीपक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। निशा को पहले सीएचसी भेजा गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पहले मेडिकल कॉलेज उरई और वहां से झांसी रेफर किया गया। बेटे की मौत से रो रोकर बेहाल माता पिता को एसडीएम व सीओ ने सांत्वना दी और किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। एसडीएम ने परिजनों को दैवीय आापदा के तहत आर्थिक मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने बताया कि झोपड़ी में आग लगने से आठ वर्षीय मजदूर के बेटे की मौत हुई है। दैवीय आपदा के तहत मुआवजा दिलाने के लिए फाइल तैयार कर अधिकारियों को भेजी जा रही है।

## दुकान विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** दुकान के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालमभट्ट निवासी मोहम्मद साजिद ने पुलिस को बताया कि उनकी दुकान को लेकर मोहल्ले के ही सकूर के साथ विवाद चल रहा है। शुक्रवार की रात उनका भाई वाहिद दुकान बंद कर रहा था। तभी वहां सकूर के साथ रऊफ व मारूफ आ गए और भाई के साथ गाली, गलौज करने लगे। जब भाई ने गाली देने से मना किया तो उन्होंने उसके साथ लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जब मां रईसा उसे बचाने के लिए पहुंची तो मां के साथ भी मारपीट की।

## जेवरात बनाने के का दो लाख बयाना लेकर सर्राफा व्यापारी हुआ गायब

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

सर्राफा व्यापारी के यहां सोने के जेवरात सही कराने के लिए देने एवं साथ में नए जेवरात बनवाने के लिए लगभग दो लाख रुपये जमा करने के बाद से सर्राफा व्यापारी गायब है।

पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालमभट्ट निवासी राघवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पास ही मानवी ज्वैलर्स नाम से सर्राफा की दुकान है। बीती 10 अप्रैल को उन्होंने दुकान संचालक को एक सोने की जंजीर, दो अंगूठी सही कराने के लिए दी थीं। इसके अलावा उन्हें सोने की चूड़ी व माथे की बेंदी बनवानी थी। जिसके लिए

**▸ पीड़ित की तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी**

उन्होंने सर्राफा व्यापारी को एक लाख नब्बे हजार रुपये जमा किए थे। व्यापारी ने सभी चीजें 15 मई तक देने का वादा किया था।

वह 15 मई को दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने 10 दिन का समय और मांगा एवं 25 मई को जेवरात देने का वादा किया। इसके बाद 25 मई को जब वह दुकान पर पहुंचे तो दुकान बंद मिली और मोबाइल भी स्विच ऑफ है। तबसे बराबर जानकारी करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस से उनके जेवरात दिलाने की गुहार लगाई है।

## दहेज प्रताड़ना के आरोप में पुलिस ने पति, सास-ससुर पर दर्ज की रिपोर्ट

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**

दहेज प्रताड़ना के आरोप में सास ससुर पति सहित ससुर पर दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली कोंच क्षेत्र के ग्राम बिरगुवां निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 10 मई 2021 को अंशुल गोस्वामी के साथ हुई थी जिसमें उसके पिता ने नगदी सहित खूब सारा सामान दिया था। शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में सोने की चौन और बाइक की मांग करने लगे और जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर उसका उत्पीड़न करने लगे। इतना ही नहीं ससुर मनोज उस पर बुरी नियत रखने लगा। पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि बीती 23 मई को वह कमरे में अकेली सो रही थी तभी कमरे में ससुर आया और बलपूर्वक उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद उसने ग्राम अटरिया थाना आटा स्थित मायके फोन कर माँ को आपबीती सुनायी। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने पीड़ित महिला के पति अंशुल, ससुर मनोज और सास मन देवी के विरुद्ध दफा 323, 498ए, 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अलावा ससुर के विरुद्ध दफा 376 (2)(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। दुष्कर्म करने के आरोपी ससुर मनोज को शनिवार की सुबह कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर गाँव के बाहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चेकिंग अभियान में सात वाहनों पर लगाया जुर्माना

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

परिवहन विभाग की टीम ने शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने सात वाहनों को पकड़ा है। पकड़े गए वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है।

परिवहन विभाग के तमाम प्रयासों के बाद भी ऑटो चालक नियमों की अनदेखी कर ऑटो का संचालन कर रहे हैं। जो निर्धारित दूरी से ज्यादा की सवारी ढोने में लगे हुए हैं। जिससे परिवहन विभाग के साथ ही प्राइवेट बसों को भी नुकसान हो रहा है। ऑटो चालकों की मनमानी के चलते लगभग एक माह पूर्व बस कर्मचारियों ने बसों की हड़ताल तक कर दी थी। ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई के बाद बस कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म की थी। अब एक बार फिर ऑटो चालक मनमानी पर आ गए हैं। ऐसे



में एआरटीओ विनय कुमार पांडेय की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने देवनगर चौराहा व पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे के रास्ते से तीन ऑटो, चुंगी नंबर चार के पास से दो ओवरलोड इंटरलॉकिंग के ओवरलोड ट्रैक्टर व ट्राली एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से दो गिट्टी के ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा है। परिवहन विभाग की टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन करने के मामले में पकड़े गए वाहनों को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है जो लगभग ढाई लाख रुपये है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गए वाहनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया है और उन पर जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है।

## बरही बम्बा पर मिली अज्ञात लाश, ट्रक चालक की निकली

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार शाम बरही बम्बा के पास मिली अज्ञात लाश ट्रक चालक की निकली। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है शीघ्र ही हकीकत सामने होगी। विदित हो कि शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि बरही बम्बा के पास स्टेट हाईवे से 300 मीटर दूर खेतो में अज्ञात लाश पड़ी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के काफी प्रयास किये थे लेकिन कोई जानकारी हाथ नहीं लगी थी जिस पर पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था लेकिन शनिवार को कोतवाली आये परिजनो ने उसकी पहचान अजय कुमार पुत्र राजेन्द्र उम्र 34 वर्ष निवासी मखौली

**▸ पुलिस मामले की जांच में जुटी, जल्द हकीकत आयेगी सामने**

कोतवाली घाटमपुर जिला कानपुर नगर के रूप में की है। परिजनो की माने तो मृतक ट्रक चालक था और भोगनीपुर क्षेत्र निवासी राजू नामक व्यक्ति का ट्रक चलाता था।

उनके अनुसार वह ट्रक में वालू भरने के लिए गया था लेकिन उसकी लाश यहा मिली है। उन्होने उसकी मौत पर शंका भी जारी की है जिसपर पुलिस ने उन्हें जाँचकर कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। कोतवाली के बरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश सिंह के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का खुलासा हो जाएगा।

## दीवार फांदकर चोर जेवरात, नकदी सहित चुरा ले गए कीमती सामान

**जालौन (उरई)।** घर के पीछे पशुबाड़ा दीवार फांदकर अज्ञात चोर घर में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपये के जेवर व सात हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। पीड़ित ने चोरी की सूचना चौकी पुलिस को दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी नीरज तिवारी पुत्र वासुदेव शुक्रवार की रात घर में परिवार के साथ सो रहे थे। रात में किसी समय अज्ञात चोर घर के पीछे बने पशुबाड़े की दीवाल फांदकर घर के अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्से का ताला तोड़ दिया। इसके साथ ही चोरों ने अलमारी और बक्से में रखे करीब एक किग्रा चांदी के जेवर, पायल, तोडियां आदि, मंगलसूत्र, कुंडल और सात हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।

## खबरें एक नजर में

### शोक सभा कर प्रबंधक की वालिदा को दी श्रद्धांजलि

**उतरौला,बलरामपुर।** एचआर इन्टर कालेज के प्रबंधक व शिक्षाविद् अंसार अहमद खां के माता जी के निधन पर उतरौला विकास समिति द्वारा शोक सभा आयोजित कर अंसार अहमद खां के माता जी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उतरौला विकास समिति अध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मलिक एजाज,बहलोल नियाजी, उतरौला विकास समिति महासचिव मोहम्मद इजहार खां पप्पू, डॉ एहसान खान, सीमाब ज़फ़र डब्बू, वरिष्ठ पत्रकार नूर मोहम्मद, मोहम्मद इमरान शाह,असगर शाह, गन्ना चैयरमेन अतीक अहमद खां,ओपी गौतम ,राकेश यादव, नेहाल खां, अवकात अनस खां वकार बाबा, नूरूउल्लाह खां आदि शोक सभा में शामिल रहे।

### वृद्धाश्रम में जागरुकता शिविर आयोजित

**अयोध्या।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार को मणि पर्वत स्थित वृद्धाश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें वृद्धाश्रम के स्टोर कीपर प्रद्युम्न मिश्रा व सेवाकत्री श्रीमती रीमा मिश्रा आदि के अलावा वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्ध महिला व पुरुष उपस्थित रहे।शिविर का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उनके प्रति जनसाधारण को संवेदनशील बनाना है।सचिव श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो हमारी प्राचीन सभ्यता थी उसका ह्रास होता जा रहा है।भारतीय सभ्यता रही है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता शिविर आयोजित

**अयोध्या।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले की बीकापुर व मिल्कीपुर तहसील में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के परिप्रेक्ष्य में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव तथा बीमारियों के बारे में बताया गया।शिविर को संबोधित करते हुए प्राधिकरण सचिव श्री वर्मा ने बताया कि 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पहली बार 07 अप्रैल 1988 को डब्लूएचओ वर्षगांठ के अवसर पर तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया गया किंतु बाद में हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाने की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में लगभग 70 लाख लोग प्रतिवर्ष तंबाकू व इसके उत्पादन के सेवन से कालग्रसित हो जाते हैं।विश्व तंबाकू निषेध दिवस वर्ष 2024 की थीम प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रेन फ्रॉम टोबैको इंडस्ट्री इंटरफियरेंसस है जिसका उद्देश्य बच्चों को तंबाकू उत्पादन व उसके सेवन से दूर रखना है। सचिव श्री वर्मा ने बताया कि तंबाकू एक धीमा जहर है जो इसके सेवन करने वाले व्यक्ति को मौत के मुंह में धकेलता रहता है।इसके सेवन से व्यक्ति को कई प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं जैसे मुंह का कैंसर,फेफड़े का कैंसर,ब्लड प्रेशर,हृदयाघात तथा आंख से कम दिखाई देना आदि।

## लोक सभा चुनाव हार जीत कार्यकर्ता लगा रहे है कयास

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले क्षेत्र में केंद्र में सरकार बनाने को लेकर गुणा-गणित तेज हो गया है। सट्टा बाजारों से आ रहे आंकड़ों के साथ विभिन्न न्यूज चैनलों के विश्लेषण व प्रमुख विचारकों राजनीतिज्ञों व विश्लेषकों से मिल रहे रुझानों के बीच मतदाता अपनी तरफ से भी केंद्र में बनने वाली सरकार को लेकर दावे कर रहे हैं। एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच सिमटे लोकसभा चुनाव में विभिन्न दलों के समर्थक अपने दलों को सत्ता में काबिज होने की दलीलें दे रहे हैं? एनडीए के चार सौ पार के नारे ने इंडिया गठबंधन के समर्थकों के चेहरे पर थोड़ी चिंता जरूर बढ़ाई है। एनडीए गठबंधन के समर्थक केंद्र में बीजेपी सरकार की वापसी को लेकर सौ फीसदी आश्वस्त हैं। इस दल के समर्थको का कहना है कि एनडीए का नेता ही गुरुवार से दो जून तक मौन साधना करने जा रहा है?। यानी वह खुद अपनी पार्टी की तीसरी बार सरकार बनने को लेकर अति आत्मविश्वास में हैं तो समर्थकों का जोश हाई होना स्वाभाविक है। एक जून को चार बजे के बाद से लगभग सभी प्रमुख चैनल एग्जिट पोल देना शुरू करेंगे लेकिन इससे पहले ही दोनों प्रमुख गठबंधन दलों के समर्थक केंद्र में अपनी सरकार बनाने को लेकर गली चौराहे व सार्वजनिक स्थानों पर बहस मुबाहिसों में जुटे हुए हैं।

## भीषण गर्मी पर मतदाताओं का उत्साह पड़ा भारी




**दुद्धी,सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व भीषण तपिश के बीच दुद्धी विधान सभा उपचुनाव व लोक सभा चुनाव के लिए मतदान शनिवार को सम्पन्न हुआ। स्थानीय क़स्बा सहित आस पास के ग्रामीण अंचलों में झूम कर वोट पड़े जिससे भीषण गर्मी पर मतदाताओं उत्साह भारी पड़ा। सुबह 6 बजे से ही मतदान केंद्रों पर लाइन लगनी शुरू हो गई। कुछ स्थानों पर ईवीएम गड़बड़ी की शिकायतों के कारण देर से मतदान शुरू हुआ लेकिन लोग मतदान करने को डटे रहे और मताधिकार का प्रयोग कर ही घरों को वापस हुए। दुद्धी विधान सभा मे सुबह के 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक 48.28 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ।

### धनौरा व कटौली में तैनात पुलिस हीट स्ट्रोक से तबियत बिगड़ी

**दुद्धी।** धनौरा व कटौली ग्राम में चुनाव ड्यूटी में तैनात एक -एक पुलिस के जवानों की हीट स्ट्रोक लगने से तबियत बिगड़ गयी जिन्हें आनन फानन में दुद्धी सीएचसी भर्ती कराया गया ,जहाँ चिकित्सक डॉ शाह आलम के कुशल उपचार के बाद दोनों जवानों की स्थिति में सुधार होने के बाद शनिवार की शाम डिस्चार्ज कर दिया गया।

### मतदान स्थलों पर प्रशासन की रही विशेष चौकसी

मतदेय स्थलों पर इस बार प्रशासन की विशेष सख्ती रही लोगों सहित मीडिया कर्मियों को भी बूथों पर मोबाइल लेकर नही जाने दिया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी/ उपजिलाधिकारी सुरेश राय ,सीओ प्रदीप सिंह चंदेल ,प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह विभिन्न बूथों पर चक्रमण कर स्थिति का लगातार जायजा लेते रहें। मतदान के दिन दुकान रहे सभी बंद लोग परेशान दुद्धी सोनभद्र। हर शनिवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया वही दुकानदार भी अपनी सभी दुकानें बंद करके मतदान के प्रति उत्साह दिखाया। दुकान बंद होने से आम लोगों और आने-जाने वाले लोगों और ड्यूटी में तैनात लोगों को पानी और खाने पीने की दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**बीएलओ के लापरवाही से नहीं पड़ पाये वोट** स्थानीय क़स्बे सहित ग्रामीण अंचलों में बीएलओ की लापरवाही से सैकड़ो मतदाताओं की मतदाता सूची में नाम गायब होने से वे मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाए।

## निरीक्षण में साफ-सफाई मिली अच्छी,दी गई जानकारी

**▸ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार का निरीक्षण**

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव श्री वर्मा द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की गई जिसमें शनिवार को कुल 971 बंदी तथा 42 महिला बंदी व पांच बच्चे भी महिला बंदियों के साथ संवासित मिले। कारागार में साफ सफाई अच्छी पाई गई।

बंदियों के लिए सायंकाल का भोजन तैयार किया जा रहा था। बंदियों द्वारा बताया गया कि सुबह के नाश्ते में उन्हें ब्रेड,चाय, गुड़ व भोजन में रोटी,मिश्रित दाल आलू व पालक का साग दिया गया था। सचिव श्री वर्मा द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बंदियों के विकास हेतु उन्हें मोटीवेट किया जाए जिससे सभी बंदी मानसिक तौर पर विकसित होकर देश विकास की मुख्य धारा में अपना योगदान प्रदान करें। इसी क्रम में जिला कारागार अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि ऐसे बंदी जिनकी न्यायालय द्वारा जमानत हो चुकी है किंतु जिला कारागार से रिहा नहीं हो पाए हैं, उनकी रिहाई के लिए अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित करें जिससे लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा थाने के माध्यम से आर्थिक, सामाजिक एवं संपत्तियों की जांच कर उनकी जेल से रिहाई के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन के दौरान जेल में निरुद्ध किशोर बंदियों को विधिक जानकारी प्रदान की गई, उनके अधिकारों के बारे में बताया गया तथा इसकी विशेष जानकारी ली गई कि उनके पास अधिवक्ता की सुविधा है या नहीं?यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से एलएडीसीएस (लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम) द्वारा मुकदमे की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है।

## मादक पदार्थ हेरोईन के साथ तीन गिरफ्तार

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 105 ग्राम मादक पदार्थ हेरोईन, बिक्री का 650/- रूपया व एक मोटर साईकिल पल्सर बरामद कर 01 महिला सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थों के बरामदगी व वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 31.05.2024 समय करीब 20.05 बजे थाना रॉबर्ट्सगंज की पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा महिला थाना तिराहा,



रॉबर्टसगंज के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1.अभिषेक कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी कुसुम्हा, थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र उम्र करीब 18 वर्ष 2. बृजबाला पत्नी पतलू राम निवासी कुसुम्हा, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष के कब्जे से 105 ग्राम मादक पदार्थ हेरोईन, बिक्री का 650/- रूपया, बिना कागज के बजाज पल्सर मोटरसाइकिल नंबर बरामद किया कर गिरफ्तार किया गया इस बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 394/24 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय भेजा गया।

## सीएचसी उतरौला में मातृत्व दिवस का आयोजन

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस मनाया गया जिसमें सैकड़ों गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद डाक्टर क्षरना रस्तोगी, डाक्टर शालिनी ने दूर दराज क्षेत्र से आई सैकड़ों गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें अपने स्वास्थ्य व बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने को कहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डाक्टर चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि शासन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस




मनाया जाता है वहीं केन्द्र पर आने वाली महिलाओं के गर्भ में पल रहे बच्चे का परीक्षण किया जाता है। परीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में किसी तरह की कठिनाई आने पर उनके इलाज के लिए सरकारी खर्च पर जिला चिकित्सालय भेज दिया जाता है। इस योजना गर्भवती महिलाओं के प्रसव स्वास्थ्य केंद्र पर कराए जाने पर सरकार से मिलने वाली सहायता की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया जाता है।

**सुरक्षा-व्यवस्था** | **मतगणना स्थल पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व पुलिस तैनात रहेगी**

## डीएम ने विधान सभावार मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

**▸ मतगणना के दौरान कार्मिकों के लिए समुचित पेयजल व्यवस्था, कूलर की समुचित व्यवस्था आदि के डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष , स्वतंत्र , पारदर्शी रूप से संपन्न कराए जाने हेतु 04 जून को मंडी समिति में होने



वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा लिया गया। इस दौरान उन्होंने विधान सभावार मतगणना टेबल , इंटरनेट कनेक्शन , पेयजल व्यवस्था , निर्बाध विद्युत आपूर्ति , मतगणना एजेंट के लिए कुर्सियों की व्यवस्था , बैरिकेडिंग व्यवस्था , प्रवेश एवं निकासी द्वार आदि का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना कार्मिकों , मतगणना एजेंट के लिए समुचित शीतल पेयजल की व्यवस्था , कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। मतगणना के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अतिरिक्त ट्रांसफर की व्यवस्था का निर्देश दिया। डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया की मतगणना को निष्पक्ष स्वतंत्र पारदर्शी रूप से कराए जाने हेतु सभी तैयारियां युद्धस्तर पर पूर्ण कर लिया गया हैं। सुरक्षा की दृष्टि के प्रवेश द्वार सहित मतगणना स्थल पर चप्पे चप्पे पर सुरक्षा एवं पुलिस तैनात रहेगी।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक , अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- मतगणना के संबंध में की चर्चा
- मतगणना हेतु 196 विधानसभा छिबरामऊ 21 टेबिल एवं 197 विधानसभा तिर्वा हेतु 14 टेबिल तथा 198 विधानसभा कन्नौज हेतु 14 टेबिल पर गणना होगी

**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मतगणना को सकुशल एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराएं जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के गाँधी सभागार में अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के प्रत्याशी व चुनाव एजेंट के साथ बैठक की।

बैठक में उन्होंने कहा है कि मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जायेगी। मतगणना 04 जून को प्रातः 8 बजे नवीन मण्डी स्थल जीटी रोड कन्नौज में प्रारम्भ होगी। मतगणना हेतु 196-छिबरामऊ 21 टेबिल एवं 197-तिर्वा 14 टेबिल तथा 198 कन्नौज 14 टेबिल पर गणना होगी। इसके साथ ही पोस्टर बैलेट पेपर हेतु 12 टेबिल व ईटीपीबीएस स्क्रैनिंग हेतु 15 टेबिलों का निर्धारण किया गया है। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टर बैलेट हेतु उम्मीदवार प्रति टेबिल 1 गणन अभिकर्ता नियुक्त कर सकते है, तथा ईटीपीबीएस स्क्रैनिंग हेतु पाण्डाल में उम्मीदवार केवल 1 गणन अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है। गणन अभिकर्ता नियुक्त हेतु वांछित सूचनाएं यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जाये। यह भी बताया कि 202-विधानसभा बिधूना की मतगणना नवीन मण्डी स्थल औरैया तथा 205- विधानसभा रसूलाबाद की मतगणना अकबरपुर डिग्री कालेज अकबरपुर कानपुर देहात



में सम्पन्न होगी। श्री शुक्ल ने कहा कि गणन अभिकर्ता के पास फोटो पहचान पत्र होना अनिवार्य है। एक बार मतगणना प्रारम्भ होने के पश्चात् नये गणन अभिकर्ता की नियुक्ति नही की जा सकती है। रिर्टनिंग आफीसर को गणना हॉल में प्रवेश से पहले किसी भी गणन अभिकर्ता की छानबीन का अधिकार होता है। गणन अभिकर्ता अपना पहचान पत्र टेबिल संख्या के साथ बैच अवश्य लगायें। गणना अभिकर्ता कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस, जैसे मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, स्पाई पेन, कैलकुलेटर, पेनड्राइव इत्यादि को अपने साथ नही ले जा सकते है। इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। गणना अभिकर्ता केवल पेन, पेंसिल, प्लेन पेपर और प्रारूप 17 सी ही ले जा सकते है, जो कागज सील होगा एजेंट की उपस्थिति में होगा द्य एजेंट प्रातः 6.30 बजे मतगणना स्थल पर उपस्थित हो जायेंगे। मतगणना स्थल पर मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, स्वच्छ पेयजल, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था रहेगी। कहा कि इस बार मतगणना स्थल पर कैंटीन की भी व्यवस्था की गयी है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि विजय जुलूस की अनुमति नहीं रहेगी। बाहर के व्यक्ति जनपद में आकर न रुके चेकिंग कराई जायेगी। जनपद में धारा 144 लागू है, उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। तिर्वा क्रासिंग से ही मतगणना एजेंट आएंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राजमाता अहिल्याबाई ने काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित किया था शिवलिंग

**छिबरामऊ कन्नौज । समृद्धि न्यूज**

**नगर पालिका** रोड पर कृष्णा फाउंडेशन की तरफ से राजमाता अहिल्याबाई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजन सिह ने राजमाता के समाजिक व धार्मिक कार्यो के बारे मे जानकारी दी। उन्होने कहा कि मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी व सूबेदार मल्हाराव होल्कर के पुत्र खंडेलवाल धर्मपत्नी थी।

उन्होंने महेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया।अहिल्याबाई ने अपनी राज्य की सीमओ के बाहर भारत भर मे प्रसिद्ध तीर्थो स्थान और मंदिर बनवाए ।घाट बनवाए, कुओ व बावडियो का भी निर्माण करवाया वही मार्ग भी बनवाए और काशी विश्वनाथ मंदिर मे शिवलिंग की स्थापित भी किया। इस दौरान उर्मिला पाल,मोना पाल,सुधा पाल,पुनम पाल,मामला यादव, प्रीति पाल,शिव कुमारी,सहित कई लोग मौजूद रहे।




## खबरें चलते-चलते

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

- एक्सप्रेस-वे पर फगुहा कट के निकट शनिवार की दोपहर हुआ हादसा
- बाइक पर सवार होकर पटना से दिल्ली जा रहा था बाइक सवार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फगुहा कट के निकट शनिवार की दोपहर एक बाइक अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। बिहार के पटना निवासी हर्ष कुमार (25) धर्मेन्द्र कुमार बाइक पर सवार होकर अपने निजी कार्य से पटना से दिल्ली जा रहे थे। शनिवार की दोपहर जब उनकी बाइक आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फगुहा भट्टा कट के निकट पहुंची, तभी अचानक बाइक अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही तिर्वा कोतवाली पुलिस व यूपीडा कर्मी मौके पर पहुंच गए। घायल को बेहोशी की अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार चल रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** भोगांव से लौट रहे युवको की बाइक से जनपद बर्डर के पास नवीगंज ओबरॉय ब्रिज के पास पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरे युवको को रौदते हुए वाहन भाग निकला ।जिससे दोनो बाइक सवारो की मौके पर मौत हो गई। थाना विशुनगंढ क्षेत्र के ग्राम सभा अहिरुआ राजारामपुर अन्तर्गत नगला टीका निवासी विजय 28 वर्गीय पुत्र रामसच्चे अपने भांजे गोविंद पुत्र रामू निवासी अलियापुर थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद के साथ किसी काम को लेकर भोगांव गए थे।देर शाम अपनी बाइक से लौटते समय नवीगंज ओबरॉय ब्रिज से नीचे उतरते ही पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी।हादसे मे दोनो युवक गिर गये और वाहन गोविंद को रौद दिया।सूचना पर प्रेमपुर चौकीईचाज संदीप कटारा व नवीगंज चौकीईचाज नीलकमल मौके पर पहुंच गए। हादसा मैनपुरी क्षेत्र मे होने के कारण मृतक का शव व घायल विजय को जिला अस्पताल मैनपुरी भेज दिया। अस्पताल ले जाते समय घायल विजय की रास्ते मे ही मौत हो गई। अनन फनन मे पुलिस द्वारा परिजनो को सूचना दी गई। परिजन मैनपुरी के लिए रवाना हो गए।

### दुर्घटना में घायल बालक ने इलाज दौरान तोड़ा दम

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी नौशाद पुत्र नौसे हज्जाम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 23 मई को उसका 9 वर्षीय पुत्र जुनैद सड़क पार कर रहा था। तभी अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक के अज्ञात चालक द्वारा एच एम इंटर कॉलेज के निकट उसके पुत्र के टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल बालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहां इलाज दौरान उसके पुत्र की मृत्यु हो गई। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पारिवारिक विवाद के चलते महिला को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक विवाद के चलते महिला के साथ परिवार के ही तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मोहना निवासी माला देवी पत्नी राम लखन कुशवाह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम वह अपने घर में थी। तभी गाजियाबाद के मोहल्ला विजयनगर निवासी जयसिंह कुशवाहा, शिव देवी, सम्राट उर्फशिवम आए और पारिवारिक विवाद को लेकर उस के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** घरेलू विवाद के चलते युवक के साथ परिवार के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गहोना खेड़ा निवासी हरिश्चंद्र पुत्र जागेश्वर दयाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था तभी परिवार के ही दीपक, मीना देवी, तनु, छोटू आए और गाली गलौज व मारपीट करते हुए घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज,** समृद्धि न्यूज। प्रबन्धक पद से हटानें के लिये जबरिया दस्तखत करनें से मना करनें पर महिला के साथ छेडछाड व मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न होनें पीडिता ने न्यायालय की शरण ली है। सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला द्वारा कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में बताया कि विगत 15 मई की सुवह वह अपने रिश्तेदारी समधन से कन्नौज वापस आ रही थी उसी समय जनपद हरदोई के बिलग्राम निवासी अनवार, अकील अहमद तथा थाना बिलग्राम के अंतर्गत आने वाले गांव दिवाली निवासी हारून ने उसे रोक लिया और कुछ कागजातों पर जबरन दस्तखत करानें के प्रयास किये उसके द्वारा मना करनें पर उक्तगणों ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुये छेड़छाड़ की जिसका विरोध करनें पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जॉच शुरू कर दी है।

# प्रभारी निरीक्षक ने पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया



पैदल भ्रमण करते प्रभारी निरीक्षक व कस्बा प्रभारी — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- अराजकता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी: जेपी शर्मा

**लोकसभा सामान्य** निर्वाचन 2024 की मतगणना के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक ने भारी दल बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर जहां एकओर नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया वही दूसरी ओर अराजक तत्वों में हडकम्प मच गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के संबंध में कस्वा प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए। बीती शाम प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा नें दल बल के साथ नगर के रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड, तिर्वा रोड, जीटी रोड सहित प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं शराब ठेकों के आसपास जमघट लगाये लोगों में हडकम्प मच गया और इधर उधर खिसकते नजर आये। उन्होनें मतगणना के दृष्टिगत कोतवाली पुलिस को एक्शन मोड पर रहने के आदेश देते हुए कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, मझपुरवा चौकी प्रभारी विनय शर्मा सहित कांस्टेवल विनय कुमार, विनीत कुमार, गगन कुमार, पवन कुमार, महिला आरक्षी प्रियंका रानी, राखी आदि मौजूद रहा।

# समाजसेवी ने पिलाया राहगीरों को शरबत



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**सौरिख** तिराहे पर समाजसेवियो ने गर्मी मे राहगीरो को स्टाइल लगाकर शरबत पिलाया। सभासद हिंमाक त्रिपाठी के नेतृत्व मे सौरिख तिराहे पर स्टाइल लगाया गया। जिसमे समाजसेवियो ने इस भीषण गर्मी मे बाजार करने आए लोगो व राहगीरो को ठंडा शरबत व ठंडा पानी पिलाया। सुबह दस बजे से शुरु हुआ यह कार्यक्रम चार बजे तक चला। इस दौरान अमोल त्रिपाठी,अकिंत पाठक, अशीष गुप्ता, अटल,शिवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

- आँगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों का भी 1 से 15 जून तक अवकाश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जनपद** के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण बन्द है। अधिकांश आँगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालयों में संचालित है और आँगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे होते हैं। ग्रीष्मकालीन सत्र में तेज धूप, प्रचण्ड गर्मी एवं लू के प्रकोप से आँगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के बचाव हेतु जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त आँगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों का 01 जून से 15 जून तक अवकाश घोषित किया है। उक्त जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने देते हुए बताया कि उक्त अवकाश अवधि में आँगनबाड़ी केन्द्र पर टीएचआर वितरण, वीएचएसएनडी सत्र के दौरान लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य शासकीय कार्यो का सम्पादन ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किया जायेगा तथा समुदाय आधारित गतिविधि का आयोजन कैलेण्डर के अनुसार निर्धारित तिथियों में पूर्व की भाँति किया जायेगा। किसी भी निरीक्षण अथवा प्राप्त सूचना के अनुसार केन्द्र बन्द पाया जाता है तो इसके लिए सम्बन्धित आँगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका को अनुपस्थित मानते हुए कार्यवाही की जायेगी। उपर्युक्त अवधि में मुख्य सेविकाओं द्वारा नियमित रूप से अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार ऑगनबाडी केन्द्र पर पर्यवेक्षण करते हुए केन्द्र के अभिलेखों की जॉच, ड्राई राशन के लाभार्थियों का सत्यापन व केन्द्र पर पाई गयी अन्य कमियों को अपने समक्ष सही कराया जायेगा।

# संदिग्ध हालातों में पड़ा मिला युवक, उपचार के दौरान मौत



फाइल फोटो मृतक रचित



मेडिकल कॉलेज में रोते-बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

- पैरामेडिकल कॉलेज के निकट शनिवार की सुबह मिला युवक
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा

**राजकीय पैरामेडिकल** कॉलेज के निकट शनिवार की सुबह एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची तिर्वा कोतवाली पुलिस ने युवक को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के हीरापुर्वा गांव निवासी रचित राजपूत (19) पुत्र विनोद कुमार कानपुर में डी फार्मा का कोर्स कर रहा था। इन दिनों वह अपने घर पर था। शुक्रवार की रात दो बजे के करीब वह घर से निकल आया था। गांव से करीब चार किलोमीटर दूर पैरामेडिकल कॉलेज के निकट वह बेहोशी हालत में पड़ा मिला। युवक को बेहोशी की हालत में देख ग्रामीणों ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार मौके पर पहुंचे। उन्होने युवक को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान शनिवार की सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मौत की बजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर क्षेत्र में प्रेम प्रंसग में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की चर्चा फैली हुई है।

**पेयजल संकट** — शहर में खराब पड़े हैंडपंपो के रीबोर करने की मांग की, एसडीएम को सौपा ज्ञापन

# पेयजल संकट की समस्या को लेकर योगी सेना ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- योगी सेना के पदाधिकारियों ने कहा यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका के जिम्मेदारों का करेंगे मुंह काला

**इन दिनों** भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है, उस पर शहर के कुछ मोहल्लों में पेयजल संकट ने आग में घी डालने का काम कर दिया है। पेयजल शंकर से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को देखते हुए शनिवार को योगी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के निस्तारण की मांग की। प्रदर्शन के दौरान योगी सेना के पदाधिकारियों ने ऐलान किया कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान न हुआ तो वह लोग नगर पालिका अध्यक्ष का मुंह काला करने का काम करेंगे।

गौरतलब है कि भीषण गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ ही पेयजल सप्लाई के लिए घरों में लगी नलों की टोटियां सूखने लग गई हैं। शहर के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है। दिन पर दिन बढ़ते जल संकट को लेकर योगी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पालिका अध्यक्ष कौसर जहां की कार्य प्रणाली का विरोध किया। योगी सेना के पदाधिकारियों ने पेयजल संकट के शीघ्र समाधान कराए जाने को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान योगी सेना प्रमुख पवन पाण्डेय ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण लोग पहले से ही परेशान हैं तो वहीं दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई तक नहीं दी जा रही। श्री पांडे ने आरोप लगाते हुए कहा कि पालिका अध्यक्ष कौसर जहां एक वर्ग के लोगों के साथ भेदभावपूर्ण तरीके से काम कर रही हैं। ऐसे मोहल्लों में जान बूझकर पानी सप्लाई नहीं दी जा रही, ताकि जनता को परेशान किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पानी की समस्या का समाधान न किया गया तो वह लोग नगर पालिका पहुंच कर चेयरमैन समेत वहां के जिम्मेदार लोगों का मुंह काला करने का काम करेंगे। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष गोपाल पांडेय ने कहा कि भीषण गर्मी में पानी सबकी जरूरत है, इसके बावजूद कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही। पूछने पर नगर पालिका की ओर से जवाब मिलता है कि ट्यूबवेल का मोटर खराब है। आखिर मोटर की मरम्मत कराने या फिर मोटर को बदलवाने में एक सप्ताह से अधिक समय क्यों लग रहा है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। प्रदर्शन के दौरान योगी सेना के पदाधिकारियों ने शहर में खराब पड़े कुछ प्रमुख स्थलों के हैंडपंपों की एक सूची अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपी। योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह से आए दिन ट्यूबवेल की मोटर खराब होने के कारण नगर क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित होती है और लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है, यदि नगर क्षेत्र में खराब पड़े हैंडपंपों को रिबोर करवा कर सही करवा दिया जाए तो तमाम जनमानस को पीने का पानी आसानी से मिल सकेगा। हैंडपंप दुरुस्त न होने के कारण पेयजल संकट और भी ज्यादा गहरा गया है।



प्रदर्शन के दौरान मनोज पटेल, ऊषा सारस्वत, सुशील पांडेय, जय दुबे, रमेश यादव, विवेक सैनी, संजय बाथम, अरुण कश्यप, आनंद सिन्हा, सुमित दीक्षित समेत कई लोग मौजूद रहे।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, रविवार, 2 जून, 2024

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# डीएम व एसपी ने मतगणनास्थल मंडी समिति में देखी तैयारियां



मतगणनास्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी व** पुलिस अधीक्षक ने मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को डॉ0 वी0के सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मतगणनास्थल सातनपुर मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आला अधिकारियों ने मतगणना के संबंध में की जा रहीं तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना में मात्र दो दिन का समय शेष रह गया है। इसलिए समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण हो जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिसको जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उसका वह पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करें। वहीं जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि जो भी कमियां हों उन्हें दो दिन के अंदर दुरुस्त कर लें। बाद में कोई कमी मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट के अलावा सभी एआरओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने बैठक लेकर पोस्टल बैलेट सिस्टम की दी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**





अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने बैठक लेकर मातहतों को पोस्टल बैलेट सिस्टम की जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही मतगणना सकुशल सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें निर्वाचन आयोग की गाइनडलाइन्स के निर्देशानुसार मतगणना प्रशिक्षण में पोस्टल बैलेट सिस्टम की जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगनणा होने में मात्र दो का समय शेष रह गया है। इन दो दिनों में बची खुशी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जायें, क्योंकि मतगणना सकुशल सम्पन्न करानी है। जिलाधिकारी ने मतगणना के दौरान दिये गये समस्त दिशा निर्देशों का बखूबी पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जिन विभाग को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है वह उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पालन करे। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी लोग निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी गाइडलाइन्स के अनुसार ही कार्य करें।

# सैनिकों के सम्मान में मेडिकल स्टोर का डा. जितेन्द्र सिंह यादव व सरल दुबे ने किया उद्घाटन

▸ सैनिक मेडिकल स्टोर पर सैनिकों को रियायती दर पर मिलेगी औषधिः सुमित यादव



सैनिक मेडिकल स्टोर का उद्घाटन करते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व सरल दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सैनिक मेडिकल** स्टोर का हवन पूजन के साथ शुभारम्भ हुआ। शनिवार को मऊदरवाजा के क्षेत्र बीबीगंज में सैनिक मेडिकल स्टोर का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व सपा के वरिष्ठ नेता सरल दुबे ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि के पहुंचने पर मेडिकल स्टोर के संचालक व समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन से पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना कर मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व सरल दुबे ने कहा कि सैनिक के नाम से मेडिकल स्टोर खोला है। यह बहुत सराहनीय कार्य है। इससे समाज में सैनिकों का और सम्मान बढ़ेगा। सैनिक मेडिकल स्टोर के संचालक सुमित यादव ने बताया कि सैनिक भाइयों को किफायती दर पर औषधि उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य रुप से अमीर सिंह यादव, बृजेश पाल, नागेन्द्र यादव आदि शुभ चिंतक मौजूद रहे। सैनिक मेडिकल स्टोर के संचालक सुमित यादव ने आये सभी मानभावों का आभार व्यक्त किया।

# अधिकारी बेलगाम, नहीं मान रहे मुख्यमंत्री का फरमान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भीषण गर्मी** के चलते जहां लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, वहीं बिजली कटौती ने समस्या और विकराल कर दी है। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अनावश्यक रुप से बिजली कटौती न की जाये तथा फाल्ट होने पर तुरंत सही किया जाये।

जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी में बिजली कटौती कोढ़ में खाज का काम कर रही है। चाहे रात्रि हो या दिन, बिजली कटौती बड़े पैमाने पर की जा रही है। हर दस मिनट में ट्रिपिंग से लोग गर्मी से पसीना-पसीना हो रहे है। इसको संज्ञान में लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गांव हो या शहर अनावश्यक रुप से बिजली कटौती न की जाये तथा फाल्ट को तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते कुछ दिनों से प्रदेश में भीषण लू का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान में निरन्तर बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में आम जनजीवन, पशुधन व वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किया जाए। साथ ही अधिकारी उपभोक्ताओं का फोन उठाये। विवाद की स्थिति न बनने दें, लेकिन मुख्यमंत्री के इस आदेश का असर अधिकारियों पर नहीं हो रहा है। अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारु हैं। वह मुख्यमंत्री की बात तक को तबज्जो नहीं दे रहे हैं। ऐसे में बेलगाम अधिकारियों पर आखिर कैसे लगाम लगेगी।

# परचून दुकान में लगी आग से लाखों का सामान जला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



परचून दुकान में धू-धू कर जल रहा सामान

**देर रात** परचून की दुकान में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला चमचा वाली गली निवासी राहुल राठौर पुत्र मुन्ना राठौर की थाना कादरीगेट के नरकसा मार्ग पर परचून की दुकान है। राहुल ने बताया कि वह बीती रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गये थे। दुकान में कोल्डड्रिंक रखी होने के कारण फ्रिज चल रहा था। रात लगभग 11.30 बजे दुकान में आग लगने की सूचना पड़ोसी संजू मिश्रा ने राहुल को दी। कुछ देर बाद दुकानदार राहुल मौके पर पहुंच गये। स्थानीय लोगों ने समरसेबिल से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझ सकी। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गयी। थाना कादरीगेट की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। फायर ब्रिगड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहुल ने बताया कि दुकान में लगभग 10 से 12 लाख का सामान जलकर राख हो गया।

# स्ट्रेचर नहीं मिला, तो ठिलिया पर प्रसूता को लेकर पहुंचा पति

▸ आखिर कब सुधरेगी खैराती अस्पतालों की दुर्दशा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**



प्रसव कक्ष के बाहर ठिलिया पर लेटी प्रसूता — समृद्धि न्यूज

**सरकार** के बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करने के दावों की पोल उस समय खुल गयी, जब सीएचसी में स्ट्रेचर न मिलने पर पर पीड़ित अपनी पत्नी का प्रसव कराने के लिए उसे ठिलिया पर लेकर प्रसव कक्ष तक पहुंचा। यह नजारा देख लोग सरकार को काफी कोसते नजर आये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर निवासी चंद्रमोहन अपनी पत्नी सपना का प्रसव कराने के लिए सीएचसी में पहुंचा। अस्पताल में तो कोई चिकित्सक मिला और न ही स्ट्रेचर। जिससे काफी देर तक दर्द से प्रसूता तड़पड़ी रही। बाद में परिजन उसे ठिलिया से लेकर प्रसव कक्ष तक पहुंचे। तब जाकर डाक्टर ने उसका प्रसव किया। जहां एक ओर सरकार ज्यादा से ज्यादा प्रसव कराने के लिए जोर दे रही है। साथ ही प्रसूताओं को एक निश्चित धनराशि भी मुहैया करायी जा रही है, लेकिन इसके बाद भी खैराती अस्पतालों में व्यवस्थायें दम तोड़ रही हैं। लोगों का कहना है कि सरकार के दावे पूरी तरह से हवा हवाई साबित हो रहे हैं, तभी तो थोड़ा बहुत पैसे से सम्पन्न लोग खैराती अस्पतालों की ओर रुख न कर प्राइवेट चिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। सरकार चाहे कितना ही प्रयास क्यों न कर ले, ऐसे में व्यवस्थायें दुरुस्त होने वाली नहीं हैं। इसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे, तभी खैराती अस्पतालों की व्यवस्था सुधर पायेगी। चिकित्सा प्रभारी अजय यादव ने बताया कि अस्पताल में सारी सुविधायें मौजूद हैं। रात में वार्डव्याय तथा एक चौकीदार की डियूटी रहती है। इस मामले की जांच करवायेंगे। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## खबरें चलते-चलते

### परिन्दों के लिए प्यालों में पानी कौन रखता है...



गर्मी में अपनी प्यास बुझाते परिन्दे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नये कमरों में अब चीजें पुरानी कौन रखता है। परिन्दों के लिए प्यालों में पानी कौन रखता है, एक हम हैं जो सम्भाले हैं विरासत को, वरना सलीके से बुजुर्गों की निशानी कौन रखता है, ख्याल लावनी की यह पंक्तियां आधुनिक युग में बहुत सटीक बैठती हैं। पारा दिन पर दिन ऊपर चढ़ता जा रहा है। ऐसे में मनुष्य के अलावा बेजुबान पशु पक्षी भी भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल होकर दम तोड़ रहे हैं। पुराने समय में लोग परिन्दों के लिए अपनी-अपनी छतों पर मिट्टी के वर्तनों में पानी रखते थे। जिसे पीकर परिन्दे अपनी प्यास बुझाते थे, लेकिन आधुनिक युग में सब बदल गया है। अब न तो कोई परिन्दों के लिए अपनी छतों पर पानी रख रहा है और न ही बुजुर्गों की निशानी को कोई संजोकर रख रहा है। पाश्चात्य संस्कृति में व्यक्ति इतना खो गया है, वह पिछला इतिहास ही भूलता जा रहा है। बच्चे संस्कारविहीन हो रहे हैं। पेड़ों का अंधाधुंध कटान हो रहा है। जिससे पंक्षियों को रहने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। पहले मकान कच्चे बनते थे, जिसमें पक्षी अपना घोसला बनाते थे, लेकिन अब पक्के मकानों में पंक्षी अपना घोषणा कहां से बनायें। लोग अब छतों पर पानी भी नहीं रखते हैं। जलाशय, पोखर सब सूखे पड़े हैं। जिससे पानी के अभाव में तड़प-तड़प कर परिन्दे दम तोड़ रहे हैं। यदि लोग परिन्दों को बचाना चाहते हैं, तो अपने-अपने घरों की छतों पर मिट्टी के घड़े अथवा सीमेंट की नांद आदि में पानी रखकर हम परिन्दों की प्यास बुझा सकते हैं।

### मजदूरी मांगने पर जातिसूचक गालियां देकर भगाया

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव फतेहउल्लहपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र श्याम लाल ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह मजदूरी का काम करता है तथा जाति से जाटव हैं। कुछ दिनों से वह भीखा नगला निवासी सलमान पुत्र इंसाद के यहां मिस्त्रीगिरी का काम कर रहा था। जिसकी मजबूरी का 3100 पीड़ित ने सलमान से मांगा। जिसके जवाब में सलमान ने गाली-गलौज के साथ में जातिसूचक गालियां दीं। पीड़ित ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि सलमान बहुत ही दबंग किस्म का व्यक्ति है तथा उसके खिलाफ 302 आई.पी.सी. का मुकदमा कमालगंज थाना में पंजीकृत है। सलमान ने कहा कि मेरा भाई पुलिस में है तू मेरा कुछ भी नहीं करवा सकता। चाहे तू जहां शिकायत कर ले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कही।

### युवक को शराब पिलाकर छीनी नकदी व दो सोने की अंगूठी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक को शराब पिलाकर सोने की अंगूठी और नगदी निकाल ली। जब उसने विरोध किया, तो दबंगों ने मारपीट की। पीड़ित की मां ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसाप थाना नवाबगंज के गांव मड़िया निवासी लीलावती पत्नी बृजभान ने दी गयी तहरीर में बताया आज उसका पुत्र नीतेश लगभग 1.30 बजे दोपहर अपनी बहन प्रीति को लेकर दवा दिलाने आया था। पड़ोसी गांव के चार युवकों ने उसको अपने साथ शराब पिलाई और उसकी दो सोने की अंगूठी, 500 रुपये नगद और एक मोबाइल ले लिया। जब उसने विरोध किया, तो साथ मारपीट की। पीड़ित की बहन ने घटना की जानकारी फोन से अपनी मां को दी। जिस पर महिला नवाबगंज थाने पहुंची और पड़ोसी गांव नगला दमू के चार युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव पित्तीपुर निवासी धीरपाल (28ष, क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी ब्रजेश (40), रुटौल निवासी मुनीश (18) व एक नाम पता अज्ञात सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद नाम, पता अज्ञात व्यक्ति की हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### पड़ोसियों ने दंपति को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव अरियारा निवासी नंदराम व उसकी पत्नी विशुना देवी को घायलावस्था में पुलिस मेडिकल व उपचार के लिए अस्पताल लायी। जहाँ घायल नंदराम ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर मैं अपनी भैंस बांधकर घर वापस आ रहा था, तभी उसके पड़ोसी गालियां बकने लगे। जब उसने विरोध किया, तो उसे मारने पीटने लगे। यह देख उसकी पत्नी उसे बचाने आयी, तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### देवरानी ने जेठानी को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव कटिया निवासी नाजरीन को पुलिस द्वारा घायल अवस्था मे मेडिकल व उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहाँ नाजरीन ने बताया कि घर के बच्चे खेल रहे थे, तभी किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया। यह देख मेरी देवरानी आगबबूला हो गयी और उल्टा सीधा बकने लगी। जब उसकी बातों का उसने विरोध किया, तो उसने लाठी से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सभासद ने समस्याओं को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन



ईओ को ज्ञापन सौंपते सभासद — समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सभासद ने** समस्याओं को लेकर अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ईओ ने समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र समाधान कराने का आदेश दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को शमशाबाद नगर पंचायत वार्ड नंबर 2 अशोक नगर के सभासद ओमकार ने वार्ड की समस्याओं को लेकर अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मोहल्ला तिवारियान में नाले की साफ-सफाई कराने व खराब पड़े नल की मरम्मत कराने, वार्ड 2 मोहल्ला अशोक नगर में नल खराब है। वहीं मोहल्ला चौखण्डा में रामबाबू के घर के पास खराब पड़े नल की मरम्मत कराने की मांग की गयी। साथ ही कहा गया कि भीषण गर्मी के मौसम में पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। अधिशाषी अधिकारी ने सभासद की समस्याओं को लेकर तुरंत संज्ञान में लेते हुए कर्मचारियों को उक्त समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देशित किया। बताते चलें कि वार्ड के वाशिंदों ने सभासद ओमकार से उक्त समस्याओं का समाधान करने की मांग की थी। जिस पर आज सभासद ने उक्त समस्याओं को लेकर अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सभासद को आश्वासन दिया गया कि आपकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करा दिया जायेगा।

स्वास्थ

## फेफड़े के रोगियों की संख्या बढ़ी, कैंसर ने भी पसारे पैर

# कायमगंज की फिजा को प्रदूषित कर रही तम्बाकू की दुर्गंध

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**





तम्बाकू गोदाम में काम कर रहे कर्मचारी — समृद्धि न्यूज

**जागरूकता के** अभाव में तंबाकू की गोदामों में काम करने वाले मजदूर टीबी रोग की चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। तंबाकू का सेवन करने तथा हवा में उड़ने वाली गंध से फेफड़े संक्रमित कर रही है। वहीं यहां के निवासियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा जनपद में तम्बाकू का कारोबार कायमगंज में होता है। जिससे यहां पर काभी संख्या में तम्बाकू की गोदामें हैं। इन गोदामों में काम करने वाले मजदूर के जागरुकता के अभाव में तम्बाकू कुटान के समय उड़ने वाली दुर्गंध फेफड़े संक्रमित कर रहे हैं। जिससे इन मजदूरों में टीबी (क्षय रोग) होने की सम्भावना बढ़ जाती है। शायद यही कारण है कि यहां पर सर्वे किया जाये, तो फेफड़े रोगी सर्वाधिक मिल सकते हैं। चिकित्सक बताते हैं कि तंबाकू का सेवन करना ही कैंसर और टीबी को बढ़ावा देता है। कारखानों में काम करने वाले श्रमिक तो पूरे समय वहां रहते हैं। उनके फेफड़ों में संक्रमण तेजी से बढ़ता है। पिछले वर्षों में ग्रामीण इलाके में ज्यादा रोगी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग घर-घर जाकर स्क्रीनिंग कर रहा है। जिससे टीबी रोग को जड़ से मिटाया जा सके। अब तो टीबी की दवाई आदि भी अस्पतालों में मुफ्त मिल रही है और मरीजों को 500 रुपये प्रतिमाह सरकार की ओर से दिये जा रहे हैं। जिससे क्षय रोगी अपना जीवनयापन ठीक ढंग से कर सकें। कायमगंज सीएचसी पर 2022-23 के 224 मरीजों का इलाज पहले से चल रहा है। अभियान के पहले दिन टीम ने 7338 मरीजों की स्क्रीनिग की गई। इसमें 30 लोगों के नमूने लिए गए। सीएचसी में क्षय रोग विभाग सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सुरजीत कुमार ने बताया 2025 तक टीवी खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र तंबाकू के कारोबार से जुड़ा है। ग्रामीण इलाके के तमाम लोग गोदामों में मजदूरी करते हैं। तंबाकू के सेवन या उसकी धूल से टीबी का खतरा रहता है।

# केदारनाथ में 6 लाख से ज्यादा लोगों ने किए दर्शन

## औसतन 20 हजार के करीब श्रद्धालु प्रतिदिन कर रहे बाबा के दर्शन, भक्तों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन मुस्तैद

समृद्धि न्यूज

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा ने 23 दिन में छह लाख श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार कर लिया है। इन दिनों औसतन 20 हजार के करीब श्रद्धालु प्रतिदिन बाबा केदारनाथ के दर्शन कर रहे हैं। देश-विदेश से केदारपुरी पहुंचने वाले भक्तों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रहा है। विशेष तौर पर पैदल यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की हरसंभव मदद को लेकर रोजाना निरीक्षण, समीक्षा और एक्शन हो रहे हैं।



पैदल यात्रा मार्ग पर यात्री, घोड़े-खच्चर, डंडी-कंडी, पिट्ठू और दुकानों का संचालन तारतम्यता के साथ करवाना जिला प्रशासन की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। ऐसे में पैदल यात्रा मार्ग पर समन्वय एवं तारतम्य स्थापित करने के लिए मार्ग को आठ पड़ावों में बांटा गया है। सभी पड़ावों पर सेक्टर अधिकारी और विभिन्न सुरक्षा बल नियमित तौर पर तैनात हैं। वहीं अन्य अधिकारी-कर्मचारी समय-समय पर यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर रहे हैं।

पैदल मार्ग पर यात्री, घोड़े-खच्चर, डंडी-कंडी, पिट्ठू और दुकानदारों की सुरक्षा के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन विभाग लगातार मार्ग में निरीक्षण कर डेंजर जोन में लगी दुकान एवं फड़ हटवा रहा है। पिछले वर्षों में डेंजर जोन में हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए इस वर्ष विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील केदार घाटी में अवैध दुकानों एवं अतिक्रमण के चलते कोई दुर्घटना न हो, इसके लिए गुप्तकाशी से लेकर फाटा, रामपुर, सीतापुर, सोनप्रयाग, गौरीकुंड एवं पैदल मार्ग पर अतिक्रमण एवं दुकानों को हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अब तक लगभग 42 अवैध दुकानें हटाई जा चुकी हैं। यात्रा मार्ग पर प्रतिबंधित स्थानों, मुख्य मार्ग एवं पैदल मार्ग के 50 मीटर के दायरे में घोड़े-खच्चर खड़े करने पर तय मानकों की अनियमितता एवं नियमों के उल्लंघन पर अब तक 150 से अधिक घोड़े-खच्चरों का चालान कर उन्हें ब्लॉक किया जा चुका है। केदारनाथ धाम पहुंच रहे श्रद्धालु जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं।

### पैदल यात्रा मार्ग पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट होंगे तैयार

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा का स्वरूप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसे देखते हुए शासन एवं जिला प्रशासन स्तर से यात्रा को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में केदारपुरी सहित पैदल यात्रा मार्ग पर 822 किलो लीटर प्रति दिन की क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तैयार होने जा रहे हैं। 600 किलो लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाला प्लांट केदारनाथ में तैयार हो रहा है, जबकि 222 किलोलीटर प्रतिदिन की क्षमता वाला प्लांट गौरीकुंड में तैयार हो रहा है। परियोजना प्रबंधक पेयजल निगम श्रीनगर गढ़वाल रविंद्र सिंह ने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गौरीकुंड क्षेत्र में वर्ष 2022 में स्वीकृत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण गतिमान है। प्लांट में जापानी तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां 222 किलो लीटर प्रतिदिन की क्षमता का एसटीपी बनाया जाना है। वहीं 10 पुरुष एवं पांच महिला शौचालय भी निर्मित होने हैं, जिनके शोधन को लेकर 10 किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला एसटीपी प्रस्तावित है। वहीं पूर्व से गौरीकुंड में स्थित सुलभ इंटरनेशनल के शौचालयों के शोधन के लिए 12 किलो लीटर प्रतिदिन का एसटीपी भी बनाया जाना है। जिसके तहत 500 मीटर सीवर लाइन भी बिछाई जानी है, जिसमें 488 मीटर सिविल लाइन बिछाई जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। परियोजना प्रबंधक रविंद्र सिंह ने बताया कि यात्रा मार्ग के महत्वपूर्ण पड़ाव तिलवाड़ा में भी 100 किलो लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य प्रतिमान है।

### यात्रा मार्ग पर ओपीडी के जरिए 2659 श्रद्धालुओं को मिला उपचार

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में शनिवार को ओपीडी के माध्यम से 2659 तीर्थ यात्रियों का उपचार किया गया, जिसमें 2113 पुरुष एवं 546 महिलाएं शामिल हैं। ओपीडी वइमरजेंसी के माध्यम से 54,607 श्रद्धालुओं का उपचार किया गया है, जिसमें 41,726 पुरुष, 12,881 महिलाएं शामिल हैं। शनिवार को 146 श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन सुविधा उपलब्ध कराई गई।

# अल्मोड़ा में आंधी-तूफान का कहर एक की मौत, 12 लोग हुए घायल

समृद्धि न्यूज

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** अल्मोड़ा में शनिवार को आए आंधी-तूफान ने काफी नुकसान पहुंचाया है। जिले में आंधी-तूफान से तीन अगल-अगल घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार रानीखेत में उर्स मेले के दौरान आंधी-तूफान से एक पेड़ गिर गया। जिससे पेड़ के नीचे कई लोग दब गए। पेड़ गिरने की सूचना पर तत्काल कोतवाली रानीखेत पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों पेड़ के नीचे से निकालकर राजकीय चिकित्सालय रानीखेत भेजा। इस घटना में कृष्णा उम्र 15 वर्ष पुत्र कमल निवासी बमस्यू रानीखेत, सरताज पुत्र इकराज निवासी सितारगंज उधम सिंह नगर, हिमांशु बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट निवासी बमस्यू रानीखेत, मेघा उम्र 21 वर्ष पुत्री बिपिन चंद्र निवासी जरूरी बाजार रानीखेत, राजपाल उम्र 52 वर्ष पुत्र टीकाराम निवासी बाजपुर ऊधम सिंह नगर, कमरू खान पुत्र अब्दुल राशीद निवासी बाजपुर ऊधम सिंह नगर, नबी अहमद उम्र 35 वर्ष पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश, नासिर उम्र 26 वर्ष पुत्र मोहम्मद अनीफ निवासी बाजपुर ऊधमसिंह नगर घायल हो गए, जबकिसंजू देवल उम्र 50 वर्ष पुत्र रामचंद्र निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। दूसरी घटना में आंधी तूफान से ग्राम झलोरी के पास एक वाहन पर पेड गिरने से रिया उर्फ रदिमा उम्र 13 वर्ष पुत्री शंकर दत्त, हंसी देवी उम्र 70 वर्ष पत्नी हरिदास निवासी सनाडा भिकियासैंण अल्मोड़ा, किरन पत्नी खीमानंद निवासी सनाडा भिकियासैंण अल्मोड़ा घायल हो गईं। तीसरी घटना गनियाद्योली में आंधी-तूफान से पेड़ गिरने पर पीतांबर पुत्र देवी दत्त निवासी गनियाद्योली रानीखेत अल्मोड़ा घायल हो गए।

# मुकेश अंबानी को पछाड़कर फिर एशिया के सबसे अमीर शख्स बने गौतम अडाणी

**अडाणी की नेटवर्थ 111 अरब डॉलर तो अंबानी की 109 अरब डॉलर**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया के टॉप अरबपतियों की सूची में बड़ा फेरबदल हुआ है। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के प्रमुख मुकेश अंबानी को एक बार फिर पछाड़कर एशिया के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स की शनिवार को जारी ताजा सूची के मुताबिक अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की नेटवर्थ 5.45 अरब डॉलर से उछलकर 111 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। इसके साथ ही वह



दुनिया के अमीरों की सूची में 11वें और एशिया में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। आरआईएल प्रमुख मुकेश अंबानी 109 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की सूची में 12वें और एशिया में दूसरे नंबर पर खिसक गए है इंडेक्स की ताजा सूची के मुताबिक फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 207 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले पायदान पर पर बने हुए हैं। जबकि एलन मस्क 203 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दूसरे और जेफ बेजोस 199 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे नंबर पर हैं। इसी तरह मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग 166 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे, लैरी पेज 153 अरब डॉलर के साथ पांचवें, बिल गेट्स 152 अरब डॉलर के साथ छठे, सर्गेई ब्रिन 145 अरब डॉलर के साथ सातवें, स्टीव बालमर 144 अरब डॉलर के साथ आठवें, वॉरेन बफे 137 अरब डॉलर के साथ नौवें और लैरी एलिसन 132 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दसवें नंबर पर हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के माइकल डेल की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। डेल की संपत्ति में 11.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इससे वह अमीरों की सूची में 11वें पायदान से 13वें नंबर पर फिसल गए हैं। शेयर बाजार में लिस्टेड अडाणी की कंपनियों के शेयरों में बीते कुछ दिनों में आए जोरदार उछाल के चलते उनकी संपत्ति में और अधिक बढ़ोत्तरी हुई है।

## कर्नाटक के सीएम, डिप्टी सीएम को मानहानि मामले में मिली जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को मानहानि मामले में स्पेशल एमपीध्एमएलए कोर्ट ने शनिवार को जमानत दे दी। भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने इनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर कराया था। केशव प्रसाद ने याचिका में आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए पूरे पेज का विज्ञापन प्रकाशित कर प्रचार किया और इसे 40 प्रतिशत सरकार करार दिया था। कांग्रेस ने विभिन्न पदों के लिए कथित रूप से निर्धारित रेट कार्ड को प्रदर्शित करते हुए पोस्टर और विज्ञापन भी बनाए थे। सीएम सिद्दारमैया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह एक निजी शिकायत के सिलसिले में कोर्ट में पेश हुए हैं। यह मामला सिविल प्रकृति का है।

# समान दृष्टिकोण पर आधारित हैं अमेरिका-भारत संबंध : ऑस्टिन

एजेंसी

**वाशिंगटन।** रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन ने शनिवार को कहा कि अमेरिका-भारत संबंध एक समान दृष्टिकोण और सामान्य मूल्यों पर आधारित हैं और रिश्ते में गति न केवल जारी रहने वाली है बल्कि इसमें गति आएगी। ऑस्टिन की टिप्पणी तब आई जब उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में शांगरी ला डायलॉग में एक प्रतिनिधि के सवाल का जवाब दिया।

सिंगापुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला शांगरी ला डायलॉग एशिया का प्रमुख रक्षा शिखर सम्मेलन है। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि अभी भारत के साथ हमारा रिश्ता उतना ही अच्छा या उससे बेहतर है, जितना पहले था। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन



कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना पर अच्छी प्रगति हुई है। अमेरिका-भारत संबंध एक समान दृष्टिकोण और समान मूल्यों पर आधारित हैं। तो, मेरा मानना है कि जो गति हम देख रहे हैं वह न केवल जारी रहेगी बल्कि एक बिंदु पर इसमें गति भी आएगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर अपने संबोधन में ऑस्टिन ने कहा कि क्षेत्र में अपने दोस्तों के साथ मिलकर, हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं और अपने रक्षा उद्योग को बेहतर ढंग से एकीकृत कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### शहर की 100 टीमों में सर्वश्रेष्ठ डिवाइन एफसी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में करीब छह महीनों से चल रही फुटबॉल बेबी लीग में डिवाइन एफसी चैंपियन बन गई है। अंडर 12 के फाइनल मुकाबले में डिवाइन ने टेक्ट्रो को 2-0 से हराया। गैरेश और इमाद ने एक एक गोल कर टीम को जीत दिलाई। इस बेबी लीग का आयोजन ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा कराया गया, जिसमें शहर की करीब 100 टीमों ने भाग लिया, जिसमें विजई बनकर डिवाइन ने किंग का टाइट हासिल किया। शहर भर के बच्चो ने विभिन्न वर्गो में भाग लिया। इसके अलावा डिवाइन के गौरेश को टॉप गोल स्कोरर का भी खिताब मिला। डिवाइन को विजई बनाने में टीम के हेड कोच अभिषेक मिश्रा की मुख्य भूमिका रही। यह टीम डिवाइन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की है और इंदिरा नगर की डिवाइन स्पोर्ट्स एकेडमी में अभ्यास करती है।

### महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आए श्रद्धालु की मौत

**उज्जैन।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या से विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए उज्जैन आए एक श्रद्धालु की शनिवार को सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, अयोध्या निवासी 45 वर्षीय शिव शरण शुक्रवार को अपनी पत्नी आशा देवी और दो अन्य लोगों के साथ महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। शनिवार को सुबह सभी ने महाकाल मंदिर में दर्शन किए। मंदिर परिसर से बाहर होते ही शिव शरण को चक्कर आ गए और वे गिर गए। उनके साथ आए लोग उन्हें महाकाल मंदिर के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन तब तक उनका निधन हो चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लेकिन परिवार के लोग पोस्टमॉर्टम नहीं कराने के लिए अड़े रहे। बाज में पुलिस के समझाने पर वे मान गए। पुलिस का कहना है कि श्रद्धालु के निधन की वजह क्या है, यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### विमान ईंधन की कीमत में 6.5 फीसदी की कटौती, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग के बीच तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बड़ी राहत दी है। तेल कंपनियों ने विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में 6.5 फीसदी यानी 6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर की कटौती की है। नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एटीएफ की कीमत 6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 6.5 फीसदी घटकर अब 94,969.01 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है। पिछले महीने एक मई को इसकी कीमत में 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 0.7 फीसदी की मामूली वृद्धि की गई थी, जिससे यह बढ़कर 1,01,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया था। इस कटौती के बाद मुंबई में विमान ईंधन सस्ता होकर 88,834.27 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया है। कोलकाता में विमान ईंधन की कीमत अब 1,03,715 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है जबकि चेन्नई में यह घटकर 98,557.14 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गई है। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट के मद्देनजर यह कटौती की है।

### सीता सोरेन ने मतदान में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**रांची।** दुमका लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार सीता सोरेन ने शनिवार को मतदान प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया और कहा कि वह चुनाव आयुक्त से निर्वाचन क्षेत्र में फिर से मतदान कराने के लिए कहेंगी। उनका दावा है कि मतदान प्रक्रिया में जानबूझकर देरी की गई है। उन्होंने कहा कि मैंने दुमका शहरी क्षेत्र के कई बूथों का दौरा किया और अनियमितताएं पायीं। इस संबंध में मैंने उपायुक्त को जानकारी दे दी है। अनुभवहीन बूथ लेवल ऑफिसर को तैनात किया गया है, जिससे मतदाताओं को परेशानी हो रही है। इसके अलावा उन्होंने जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाते हुए कहा, जानबूझकर देरी की जा रही है।

# झूठ फैलाना केजरीवाल की फितरत पहले से दे रहे ज्यादा पानी : सैनी

एजेंसी

**पंजाब।** दिल्ली में पानी का संकट इतना वास्तविक हो गया है कि इसे नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि कई इलाकों में लोगों को खाली बाल्टियों के साथ पानी के टैंकरों तक पहुंचने की जद्दोजहद करते देखा गया, कुछ लोग अपने बर्तन भरने के लिए कतार में भी कूद पड़े। दिल्ली जल संकट को लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। आम आदमी पार्टी इसके लिए हरियाणा सरकार को दोष दे रही है। आप का दावा है कि हरियाणा की ओर से दिल्ली को कम पीनी भेजा जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी हरियाणा सरकार पर निशाना साधा था। इन सब के बीच अब हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने पलटवार किया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि केजरीवाल पहले भी यह आरोप लगा चुके हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वे भ्रष्टाचार पर कम और विकास पर ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट के आदेश पर हुए समझौते में तय सीमा से ज्यादा पानी हरियाणा दिल्ली को



दे रहा है हरियाणा सहमति से ज्यादा पानी दे रहा है।

सैनी ने तंज कसते हुए कहा कि अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए लोगों के बीच झूठ फैलाना अरविंद केजरीवाल की फितरत है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे।

## डीजे संदीप हत्याकांड में प्रयुक्त राइफल बरामद, तीन गिरफ्तार

**रांची।** शहर के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रील के डीजे संदीप उर्फ सैंडी हत्याकांड में प्रयुक्त राइफल के साथ चोरी के चार वाहनों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही पुलिस ने हथियार को छिपाने में सहयोग करने के आरोप में पंकज कुमार उर्फ सोनु सिंह, सुमित सिंह उर्फ रोबिन्स कुमार और आलोक कुमार को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हत्याकांड के मुख्य आरोपित अभिषेक सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने हत्याकांड में प्रयुक्त एक राइफल, 30 गोली, तीन खोखा, एक मैगजीन और चार चोरी के वाहन ईऑन हुन्डई कार, विटारा ब्रेजा, महेन्द्रा स्कोर्पियों और मारूति सुजुकी ईगनिस बरामद किया है। राइफल अभिषेक सिंह के बड़े भाई के औद्योगित क्षेत्र तुपुदाना इन्सलरी चौक स्थित लक्ष्य ऑटोमोबाईल में कार की डिक्की में छिपाया गया था। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक सिंह पूर्व में रंगदारी, शस्त्र अधिनियम, उत्पाद चोरी सहित अन्य मामलों में आरोपित रहा है।

# बंगाल में मतदान के बाद भी छह जून तक तैनात रहेंगी केंद्रीय बलों की 400 कंपनियां

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग ने यहां छह जून तक केंद्रीय बलों की 400 कंपनियां तैनात रखने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव बाद संभावित हिंसा की खुफिया इनपुट मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक जून को मतदान होने के बाद केंद्रीय बल के आधे जवान यहां से चले जाएंगे लेकिन छह जून तक 400 कंपनियां यहां तैनात रहेंगी।



अधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की बटालियन यहां तैनात रहेंगी। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया है कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के लंबे रिकॉर्ड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। फिलहाल पूरे राज्य में केंद्रीय बलों की 1020 कंपनियां चुनाव के दौरान तैनात की गई थीं। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में चुनावी हिंसा की गतिविधियां होती रही हैं। स्थानीय पुलिस पर लोगों को बिल्कुल भी भरोसा नहीं है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की वजह से डर का माहौल है।

कई इलाकों में लोग चुनाव बाद घर छोड़कर चले जाने को मजबूर हो सकते हैं। ऐसी खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद ही मतदाताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस बीच, कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार रात हावड़ा ब्रिज के पास जांच के दौरान चार बाइक सवार लोगों से 10 लाख रुपये से अधिक नकदी बरामद की।

पुलिस ने बताया कि उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को पश्चिम बंगाल की दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर सीट पर मतदान जारी है। साथ ही कई इलाकों से लगातार हिंसा की खबरें भी आ रही हैं।

# लू से बचने में वरदान से कम नहीं है बेल का जूस

दिन पर दिन गर्मी बढ़ती जा रही है, हर रोज पड़ रही तेज लू सभी के लिए जान की दुश्मन बनी हुई है। लू जिसे हम हीट स्ट्रोक भी कहते हैं, उससे बचने के लिए लोग क्या कुछ नहीं कर रहे हैं। ऐसे में इन गर्मियों में सेहतमंद ड्रिंक के तौर पर कई पेय पदार्थों का सेवन किया जाता है, जिनमें से एक हैं बेल का जूस। आपको जानकारी के लिए बता दें कि बेल एक फरूट होता है जिसे बिल्व भी कहा जाता है। बेल एक ऐसा फ्ल है जिसे खाने से कई प्रकार के ढेरों फायदे पहुंचाता है। इसमें बहुत से पौष्टिक तत्व होते हैं। गर्मियों में बेल का जूस पिने से कई तरह की परेशानियों से बचा जा सकता है। हम आपको आज इन्हीं के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



### लू से बचाव

छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक कोई भी गर्मियों के दिनों में लू की चपेट में आ सकता है।बेल का शरबत शरीर को ठंडक पहुंचाती है और शरीर को लू से बचाती है। इसके सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। धूप में निकलने से पहले एक गिलास बेल का शरबत पीकर ही निकलें।

### ब्रेस्ट कैंसर में फायदेमंद

कैंसर एक लाइलाज बीमारी है। इस बीमारी का अभी तक कोई सटीक और सही इलाज नहीं है। लेकिन ब्रेस्ट कैंसर में बेल का जूस बहुत ही ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। स्तन कैंसर को रोकने के लिए नियमित रूप से इस रस का सेवन करना बहुत उपयोगी है।

### खुल जाएंगी आंतें

पाचन खराब होने पर आंतों का संकुचन कम हो जाता है, जो कि कब्ज बनाता है। गर्मी में डिहाइड्रेशन इस समस्या को गंभीर बना सकती है। मगर बिल्व रस पानी की पूर्ति करके आंतों को रिलैक्स करता हैसंकुचन सामान्य करने में मदद करता है।

### देता हैं ठंडक

बेल के रस को शहद के साथ मिलाकर पीने से एसिडिटी में राहत मिलती है। अगर आपको मुंह के छाले हो गए हैं तो भी इसका सेवन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। गर्मी के लिहाज से ये एक बेहतरीन पेय है। एक ओर जहां ये लू से सुरक्षित रखने में मददगार होता है वहीं शरीर को अंदर से ठंडक देने का काम करता है।

### हृदय रोग में लाभदायक

दिल की बीमारी में बेल बहुत उपयोगी है। पके हुए बेल के जूस में थोडाघ् सा घी मिला लें। दिल से संबंधित बीमारियों जैसे हार्ट स्ट्रोक और हार्ट अटैक से बचने के लिए इस मिक्सचर को अपनी रोज की डाइट में शामिल कर लीजिये। इसके सेवन से आपका दिल, स्ट्रोक और अटैक से काफी हद तक बचा रहेगा। हार्ट के अलावा बेल ब्लड शुगर के लेवल को भी लगभग 50ः से ज्यादा तक कम कर सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर में लाभदायक

जो लोग हाई बीपी यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से परेशान हैं वह भी हर रोज बेल के शरबत का सेवन कर सकते हैं। इसमें पोटाशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है जो हाई बीपी को कम करने का काम करती है। इसके अलावा ये नसों को सुकून देने का काम करती है।

### खून साफ करने में सहायक

खून अगर साफ न हो, तो स्कीन संबंधी कई किस्म की बीमारियां सामने आती हैं। बाजार में खून साफकरने के लिए कई किस्म की दवाईयां भी मिलती हैं। लेकिन बेल का शरबत इसका एक नेचुरल विकल्प है। हालांकि, इसके लिए आपको बेल के शरबत में कुछ मात्रा में गर्म पानी मिलाना होता है।

### डायबिटीज में फायदेमंद

गर्मियों में बेल का शरबत पीने से डायबिटीज रोगियों की सेहत को फायदा होता है। बेल में मौजूद लैक्सेटिव ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में मदद कर सकता है। मधुमेह रोगी इस शरबत का पूरा फायदा उठाने के लिए, इसे बनाते समय इसमें चीनी का इस्तेमाल न करें।

### एसिडिटी दूर करे

बेल के रस में शहद मिलाकर पीने से एसिडिटी दूर होती है। मुंह के छालों को ठीक करने के लिए आप इसे अपनी जीभ और मुँह के अंदर भी लगा सकते हैं। बेल शरीर की गर्मी और प्यास को भी शांत करता है। लंच या डिनर से पहले बेल का जूस पीने से भूख बढ़ती है। चिलचिलाती गर्मी के दौरान एक शीतल और तरावट देने वाला ड्रिंक है।

# उत्तराखंड : पर्यटकों के लिए खुली दुनिया की प्रसिद्ध फूलों की घाटी

एजेंसी

**जोशीमठ।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी एक जून से पर्यटकों के लिए खुल गई है। उप वन संरक्षक बीबी मर्तोलिया ने घांघरिया बेस कैंप से 48 पर्यटकों के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएफओ ने बताया कि सेंचुरी एरिया होने के कारण पर्यटक फूलों की घाटी में रात्रि को नहीं रुक सकते हैं।

पर्यटकों को फूलों की घाटी का भ्रमण करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना अनिवार्य किया गया है। बेस कैंप घांघरिया में पर्यटकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि वैली ऑफ फ्लावर ट्रैकिंग के लिए देशी नागरिकों को 200 रुपये तथा विदेशी नागरिकों के लिए 800 रुपये ट्रैक शुल्क निर्धारित है। ट्रैक को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है। फूलों की घाटी के लिए बेस कैंप घांघरिया से टूरिस्ट गाइड की सुविधा भी उपलब्ध है। इस साल फूलों की घाटी 31 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहेगी। फूलों की घाटी ट्रैक अपने फूलों के लिए दुनिया भर में मशहूर है। इस घाटी की रोचक बात ये है कि ये घाटी हर 15 दिन में अपना रंग बदल लेती है। फूलों की कुछ प्रजातियां ऐसी हैं, जो आपको सिर्फ यहीं देखने को मिलती है। फूलों की घाटी दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों से समृद्ध है और जैव विविधता का अनुपम खजाना है। यहां 500 से अधिक प्रजाति के रंग बिरंगे फूल खिलते हैं। हर साल बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक फूलों की घाटी का दीदार करने आते है। प्रकृति प्रेमियों के लिए फूलों की घाटी से टिपरा ग्लेशियर, रताबन चोटी, गौरी और नीलगिरी पर्वत के विहंगम नजारे भी देखने को मिलते हैं।